e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 42

# प्रभात मंत्र

शनिवार
11.02.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
मेरी तकदीर को बदल देंगे मेरे बुलंद इरादे, मेरी किस्मत नहीं मोहताज मेरे हाथों की लकीरों की।

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26⁰
न्युनतम 12⁰

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट के आदेश पर अमल, 1911 ग्रुप डी शिक्षकों की नौकरी रद्द

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिए पश्चिम बंगाल के स्कूलों में ग्रुप डी में गैर कानूनी तरीके से हुई शिक्षकों की नौकरी रद्द कर दी गई है। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गांगुली की एकल पीठ के निर्देशानुसार स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की ओर से 1911 शिक्षकों की नौकरी रद्द करने संबंधी विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। इसके साथ ही एसएससी के अधिवक्ता ने कोर्ट में स्वीकार किया है कि इन सभी की नियुक्ति गैरकानूनी तरीके से हुई थी। उन्होंने बताया कि 1911 लोगों की नौकरी रद करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके बाद न्यायाधीश ने पूछा कि उस समय एसएससी के चेयरमैन कौन थे। तब अधिवक्ता ने बताया कि सुबिरेश भट्टाचार्य चेयरमैन थे जो फिलहाल इस मामले में जेल में हैं।

### आत्मा की शुद्धि के लिए योग जरूरी : राष्ट्रपति

**भुनेश्वर :** क्जब तक हम आत्मा की शुद्धि पर ध्यान नहीं देंगे तब तक शरीर की शुद्धि नहीं हो सकती। शरीर व आत्मा दोनों को हमें शुद्ध रखना होगा। शरीर की शुद्धि लिए हम काफी कुछ करते हैं। आत्मा की शुद्धि के लिए बाहरी चीजों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि योग व ध्यान की आवश्यकता है। भुवनेश्वर में ज्ञान प्रभा मिशन के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केवल सामाजिक व आर्थिक उत्थान से काम नहीं चलेगा। यह अधूरा होगा। आत्मिक व आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। भारत पूर्व में विश्वगुरु था। उस समय आध्यात्मिक विकास भी था।

### बिहार के गोपालगंज में सड़क हादसे में चार की मौत

**पटना/गोपालगंज :** बिहार के गोपालगंज जिले में तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। गोपालगंज जिले के श्रीपुर ओपी के मिश्र बतरहा गांव के पास पिकअप वैन और बाइक में भिड़ंत हो गई। जिससे पिकअप पर सवार दो बराती और बाइक पर सवार दो लोग समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शादी समारोह से गुरुवार की देर रात पिकअप वाहन लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे दो साइकिल सवार को बचाने की चक्कर में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दो साइकिल सवार लोगों पर पलट गयी। जिससे साइकिल सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप पलट जाने से उसपर सवार दो लोगों की मौत हो गयी।

### राजस्थान में सड़क हादसा,एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**राजसमंद (राजस्थान):** जिले के भीम कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर उदयपुर-जयपुर हाइवे पर गुरुवार देरशाम सड़क हादसे में एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह लोग बाइक पर सवार थे। इनकी बाइक को एक ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। यह जानकारी भीम थानाधिकारी संगीता बंजारा ने दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में 14 से 17 साल के चार किशोर और एक व्यक्ति शामिल हैं। पांचों टोगी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर मोटरसाइकिल से अपने गांव सुमेरकूड़ी लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया। मृतकों की पहचान केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के जवान सुनार कू?ी निवासी भंवर सिंह (35), उसके बेटे अजयपाल सिंह, भंवर सिंह के भाई ईश्वर सिंह के बेटे शैतान सिंह (13) और बेटी लीला (17) और एक अन्य युवती उषा पुत्री मिठू सिंह के रूप में हुई । लीला की 10 दिन पहले ही सगाई हुई थी।

## तीन दवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर समिट-2023 का पीएम ने किया शुभारंभ, कहा

# यूपी ने डंके की चोट पर बदली अपनी पहचान

**एजेंसी**

**लखनऊ :** पीएम नरेन्द्र मोदी लखनऊ की वृंदावन योजना में शुरू हो रही तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इंवेस्टर समिट-2023 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे पीएम मोदी ने सबसे पहले ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन करने के बाद इंवेस्ट यूपी-2.0 पोर्टल लांच भी किया। यूपीजीआइएस-23 के माध्यम से 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश न सिर्फ उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास दर को गति देगा बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का जरिया बन युवाओं के सपनों को भी साकार करेगा। निवेशकों के इस तीन दिवसीय महासम्मेलन में 22 केंद्रीय मंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति के संदर्भ में डबल इंजन की सरकार के विजन को साझा करेंगे। यूपीजीआइएस में चालीस देशों से 400 से अधिक डेलीगेट्स अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विदेश से भी 7.12 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। देश के विभिन्न हिस्सों से 10 हजार छोटे-बड़े निवेशक महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे। पीएम मोदी ने कहा की यूपी ने अपनी नई पहचान स्थापित कर ली है। डंके की चोट पर अपनी पहचान बदली है। अब यूपी को बीमारू राज्य नहीं सुशासन और गुड गवर्नेंस से पहचाना जा रहा है। यूपी की पहचान बेहतर कानून व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए है। पीएम मोदी ने कहा की यूपी में डेयरी, फिशरीज, फूड सेक्टर में अनेक संभावनाएं हैं। फल और सब्जियों को लेकर डायवर्सिटीज हैं। अभी भी प्राइवेट हिस्सेदारी बहुत सीमित है। फूड प्रोसेसिंग के लिए पीएलआई स्कीम लेकर आए हैं। इसका लाभ जरूर उठाना चाहिए। सरकार का प्रयास है कि छोटे एग्री इंफ्रा फंड का उपयोग करें। अब हमे समय को गंवाना नहीं चाहिए। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है। पीएम मोदी ने कहा की यूपी में गंगा किनारे दोनों तरफ 5 किमी क्षेत्र में नैचुरल फार्मिंग शुरू हो गई है। इस बजट में हमने किसानों की मदद के लिए 10 हजार बायो इंफो रिसर्च सेंटर बनाने की घोषणा की है। इसमें प्राइवेट कारोबारियों के लिए इन्वेस्टमेंट की संभावनाएं हैं। इससे प्रदेश के किसानों का

### भारत में एक और नया अभियान मिलेट्स को लेकर शुरू हुआ

पीएम मोदी ने कहा की भारत में एक और नया अभियान मिलेट्स को लेकर शुरू हुआ है। उसकी कई वैराइटी हैं। विश्व बाजार में पहचान के लिए हमने मोटे अनाज को नया नाम दिया है श्री अन्न। ये श्री अन्न जिसमें न्यूट्रेशन वैल्यूज अधिक है। ये सुपरफूड है। श्रीफल की तरह इसका भी महात्म्य बनने वाला है। दुनिया इस वर्ष को इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स के रूप में भी मना रही है। एक ओर हम किसानों को मोटिवेट कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर ग्लोबल मार्केट का विस्तार कर रहे हैं।

### यूपी ने बीते 5 साल में निर्यात को दोगुना किया है : योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की दिशा में अभिन्न हिस्सा है। मुझे खुशी है कि इसमें नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, जापान, साउथ कोरिया, इटली, यूएइ के बिजनेसमैन इसमें योगदान दे रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बढ़ते कारोबार के लिए जाना जा रहा है। यूपी ने बीते 5 साल में निर्यात को दोगुना किया है। प्रदेश बेहतरीन कानून-व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। इसके अलावा यूपी को भारत की फूड बास्केट, खाद्यान्न, दूध, गन्ना समेत कई चीजों में नंबर वन है। हम वन ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।




## रामगढ़ उपचुनाव में 18 उम्मीदवार डटे

# सभी को मिला चुनाव चिन्ह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव नामांकन को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब इस चुनाव में 18 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे। निर्वाची पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि कांग्रेस और आजसू को छोड़कर सभी 16 उम्मीदवार निर्दलीय ही पर्चा भरे हैं। निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार पहले नंबर पर कांग्रेस के उम्मीदवार बजरंग महत्व है और दूसरे नंबर पर आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी हैं। तीसरे नंबर पर नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार युगन कुमार, चौथे नंबर पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार संतोष कुमार महतो, पांचवे नंबर पर अजीत कुमार, छठे नंबर पर इमाम सफी, सातवें नंबर पर कामदेव महतो, आठवें नंबर पर तुलेश्वर कुमार पासवान, नौवें नंबर पर धनंजय कुमार पुटूस, दसवें नंबर पर पांडव कुमार महतो, 11वें नंबर पर प्रदीप कुमार, 12 नंबर पर फारूक अंसारी, 13वें नंबर पर मनोज कुमार बेदिया, 14 में नंबर पर महिपाल महतो, 15वें नंबर पर रंजीत महतो, 16 में नंबर पर रामावतार महतो, 17 में नंबर पर सहदेव कुमार और आखिरी में सुरेंद्र महतो 18 वें नंबर पर हैं।

**किस उम्मीदवार को मिला कौन सा चुनाव चिन्ह:** कांग्रेस उम्मीदवार बजरंग महतो को हाथ छाप, आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी को केला छाप, युगल कुमार को कंप्यूटर, संतोष कुमार महतो को फलों से भरी टोकरी, अजीत कुमार को हरी मिर्च, इमाम सफी को बैटरी टॉर्च, कामदेव महतो को पानी का जहाज, तुलेश्वर कुमार पासवान को गन्ना किसान, धनंजय कुमार पुटूस को फोन चार्जर, पांडव कुमार महतो को सेब छाप, प्रदीप कुमार को हेलीकॉप्टर छाप, फारूक अंसारी को फुटबॉल छाप, मनोज कुमार बेदिया को ऑटो रिक्शा छाप, महिपाल महतो को भिंडी छाप, रंजीत महतो को चारपाई छाप, रामावतार महतो को बाल्टी छाप, सहदेव कुमार को भाला फेंक और सुलेंद्र महतो को माचिस की डिब्बी छाप चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

# कांग्रेस ने रास से किया वॉकआउट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान की गई उनकी टिप्पणी के कुछ अंश गैर-संवैधानिक तरीके से हटा दिये गये । इस मुद्दे पर कांग्रेस सांसदों ने राज्यसभा से बहिर्गमन भी किया।

इस मुद्दे पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के जवाब देने से पहले ही कांग्रेस सांसद सभापति के आसान के करीब आकर नारेबाजी करने लगे। सभापति के कई बार रोकने के बाद भी सांसद नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, केतकरजी, राजीव रंजन, रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश, तुलसी, केसी वेणुगोपाल, प्रदीप भट्टाचार्य, नीरज डांगी, दीपेंद्र हुड्डा नहीं माने वह लगातार सदन में शोर मचाते रहे।

जिसके बाद धनखड़ ने इन सांसदों को सदन की कार्यवाही से बाहर करने के लिए नेम कर दिया।

इसके बाद खड़गे सहित कांग्रेस के सांसदों ने सदन से वॉक आउट किया। उल्लेखनीय है कि सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विपक्षी सांसद लगातार संसदीय गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता बिना किसी आधार के आसान को लेकर आरोप लगा रहे हैं।

### बजट सत्र में विपक्ष के सवालों से बचती रही मोदी सरकार : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पूरे बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष ने विपक्ष के एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। खड़गे ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पीएम मोदी से अडानी मुद्दे को लेकर विपक्ष ने सवाल पूछा लेकिन उन्होंने संसद के दोनों सदनों में सिर्फ अपना चुनावी भाषण पेश किया। खड़गे ने कहा कि विपक्ष अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग करता रहा लेकिन सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही से अडानी शब्द तक को हटा दिया गया। खड़गे ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उनकी ओर से की गए टिप्पणी के कुछ अंश को गैर संवैधानिक तरीके से हटा दिया गया है।

# 15 लाख के इनामी नक्सली दुर्योधन महतो ने रांची में किया सरेंडर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के रीजनल कमेटी के सदस्य दुर्योधन महतो उर्फ मिथिलेश सिंह उर्फ बड़ा बाबू उर्फ बड़का दा ने शुक्रवार को रांची में पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित है। वह धनबाद के तोपचांची स्थित गेंदनावाडीह का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, ऑपरेशन नई दिशा से प्रभावित होकर मिथिलेश ने सरेंडर करने का मन बनाया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के संपर्क में आया। इसी के तहत उसने रांची रेंज के आईजी कार्यालय में सरेंडर किया। इस दौरान आईजी अभियान एवी होमकर रांची रेंज के आईजी पंकज कंबोज सहित राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के कई आला अधिकारी मौजूद थे।

बताया गया है कि उतरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के अंतर्गत ऊपरघाट, झुमरा पहाड़, विष्णुगढ़ और रामगढ़ के क्षेत्र (इसे जिलगा सबजोन कहते हैं) की कमान दुर्योधन के जिम्मे थी। वह 90 के दशक में छात्र संगठन से जुड़कर माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। संगठन में समय गुजरने के साथ उसका ओहदा बढ़ता गया। वर्ष 2001 में उसे झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बना दिया गया।

दुर्योधन जेल से साल 2013 में बाहर निकलने के बाद संगठन से माफीनामा लेकर दोबारा शामिल हो गया था। साल 2018 में उसे फिर से झारखंड रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया और जिलगा सबजोन का जिम्मा दिया गया। मिथिलेश कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। खासकर झुमरा पहाड़ पर बने सीआरपीएफ कैंप पर हमला और खासमहल के सीआईएसएफ बैरक पर हमला कर हथियार लूट की घटना में सुर्खियों में मिथिलेश का नाम आया था।

इसके अलावा वर्ष 2003 में चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर स्थित पुलिस थाना में हमला कर करीब दो दर्जन हथियार लूट लिए थे। मिथिलेश पर झारखंड के विभिन्न जिलों में 104 मामले दर्ज हैं। बोकारो में 58, चतरा में पांच, सरायकेला खरसावां में चार, खूंटी में तीन, चाईबासा दो, हजारीबाग में 26, धनबाद में एक और गिरिडीह में पांच मामले दर्ज हैं।

### लोहरदगा में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

लोहरदगा : पुलिस ने पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने इस संबंध में बताया कि पिछले दिनों कुडू थाना क्षेत्र के मकान्दू स्थित क्रशर प्लांट में पीएलएफआई के नाम पर पोस्टरबाजी की गई थी और संबंधित क्रशर मालिक से लेवी की मांग की गई थी। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी लेवी को लेकर लोगों को फोन किए जा रहे थे। पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और इसके लिए एक टीम थाना प्रभारी के नेतृत्व में बनाया।उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति रांची जिला के चान्हो थाना क्षेत्र के बलसोकरा का निवासी है, जिसका नाम सुरेश है। दूसरा व्यक्ति लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का निवासी है, जिसका नाम मुन्ना है। इन दोनों के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा और 315 का कारतूस बरामद किया गया है।

# बड़ी खोज: जम्मू-कश्मीर में पहली बार मिला 59 लाख टन लीथियम का भंडार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश में पहली बार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 59 लाख टन लीथियम का भंडार मिला है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) को राज्य के रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र में खोज के दौरान लीथियम मिला है। खनन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।खनन मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 5.9 मिलियन टन (59 लाख टन) के लीथियम भंडार का पता लगाया है। इसकी खासियत है कि यह नॉन फेरस मेटल है, जो इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल की बैटरी में इस्तेमाल होने के लिए जरूरी है। भारत के लिए लीथियम का इतना बड़ा भंडार मिलना बड़ी उपलब्धि है। चीन और ऑस्ट्रेलिया दुनियाभर में इसके बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। खनन मंत्रालय के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम और गोल्ड सहित 51 खनिज ब्लॉक संबंधित राज्य सरकारों को सौंपे गए हैं। इन 51 खनिज ब्लॉकों में से 5 ब्लॉक सोने से संबंधित हैं। मंत्रालय ने कहा कि जिन राज्यों को ये खनिज ब्लॉक सौंपे गए उनमें जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक सहित 11 राज्यों में फैले हैं, जो पोटाश, मोलिब्डेनम, बेस मेटल वस्तुओं से संबंधित हैं।



**खनन मंत्रालय के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम और गोल्ड सहित 51 खनिज ब्लॉक संबंधित राज्य सरकारों को सौंपे गए हैं। इन 51 खनिज ब्लॉकों में से 5 ब्लॉक सोने से संबंधित हैं।**

# इसरो ने अपना सबसे छोटा रॉकेट एसएसएलवी-डी 2 लॉन्च किया

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज सुबह सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने नए और सबसे छोटे रॉकेट (एसएसएलवी-डी 2) को अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया। एसएसएलवी-डी2 ने अपने साथ तीन सैटेलाइट लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरी। इनमें अमेरिकी कंपनी अंतारिस का सैटेलाइट जेएएनयूएस-1, चेन्नई के स्पेस स्टार्टअप स्पेसकिड्ज की सैटेलाइट आजादी सेट-2 और इसरो का सैटेलाइट ईओएस-07 शामिल हैं। ये तीनों सैटेलाइट्स 450 किलोमीटर दूर सर्कुलर ऑर्बिट में स्थापित किए जाएंगे। इसरो के अनुसार, एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक की सैटेलाइट को लोअर ऑर्बिट में लॉन्च करने में काम में लाया जाता है। यह रॉकेट ऑन डिमांड के आधार पर किफायती कीमत में सैटेलाइट लॉन्च की सुविधा देता है। 34 मीटर लंबे एसएसएलवी रॉकेट का व्यास 2 मीटर है। यह रॉकेट कुल 120 टन के भार के साथ उड़ान भर सकता है। इस रॉकेट की पहली उड़ान पिछले साल अगस्त में विफल हो गई थी।



# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 एवं 12 फरवरी को

## विभिन्न सरकारी विभागों के लगेंगे स्टॉल, परिसंपत्तियों का होगा वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी 2023 को किया जायेगा। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, डीटीओ अनवर हुसैन, सदर अंचल अधिकारी झुन्नू मिश्रा, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, राजा मेदनी राय स्मृति न्यास सह मेला समिति के अध्यक्ष व सचिव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में मेला के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को मेदनीराय की याद में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लगने वाले मेले को बेहतर तरीके से सफल बनाने हेतु निर्देशित किया। वहीं उन्होंने मेला परिसर में मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मेला परिसर में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था रखने की बात कही। इसके अलावा यातायात व्यवस्था व पर्याप्त सुरक्षाबल व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी सदर एसडीओ को निर्देशित किया।

# अनियंत्रित बाइक ने वृद्ध को मारा धक्का इलाज के दौरान हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** गुरुवार की रात्रि 7 बजे के करीब केतार-कांडी मुख्य पथ पर मुकुन्दपुर गांव के समीप सड़क दुघर्टना में मुकुन्दपुर गांव निवासी मजदूरी कर घर को लौट रहे 60 वर्षीय देवकी बियार की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार देवकी बियार हर दिन की भाती मजदूरी कर गुरुवार कि रात्रि लगभग सात बजे के करीब अपने घर को लौट रहे थे और घर से महज 100 मीटर की दूरी पर पहुंचे थे कि कांडी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालाक अनियंत्रित होकर जोरदार धक्का मार दी. इस दौरान देवकी बियार बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। तभी घटना सुन आस-पड़ोस के लोग पहुंचते तब तक बाइक चालक अपना बाइक लेकर फरार हो गया। आनन फानन में परिजनों को समय पर वाहन न मिलने के कारण करीब दो घंटा के बाद इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान देवकी बियार की मौत हो गई। सीएचसी अस्पताल के चिकित्सकों ने मृतक देवकी बियार का शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के पश्चात मृतक का शव घर पहुंचा जिसे परिजनों ने देख दहाड़ मार कर रोने लगे जिससे आसपास के माहौल गमगीन सा हो गया. मृत्यु का खबर सुन मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी ने शवजनों से मिल कर ढाढस बढ़ाया एवं हर संभव मदद करने की बात कही। इस मौके पर अशोक पासवान, राजा प्रसाद, डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता, देव कुमार पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विधायक के आवासीय कार्यालय परिसर में शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का किया गया निदान



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिलने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विद्युत विभाग के अभियंताओं के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मौजूद थे। शिविर में पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। अन्य से आवेदन प्राप्त कर उनके निदान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का समाधान छतरपुर या मेदिनीनगर से होना है, उसमे थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि समय समय पर शिविर लगा कर उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जायेगा।

# प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के मिलीभगत से शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की धूम, आरटीआई से खुलासा

**मेदिनीनगर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकारी स्कूलों मे पढ़ाई बेशक ही न हो, फिर भी सरकार शिक्षा के नाम पर पैसे पानी की तरह बहा रही है, सरकारी विद्यालयों के शिक्षक पठन पठान पर ध्यान भले ही न देते हों लेकिन घोटाले घपले में इनका कोई जवाब नहीं है। पत्रकार मोहम्मद सफी द्वारा मांगी गयी आरटीआई से 2017 से 2022 तक करोड़ों का घोटाला सामने आया है, भ्रष्टाचार, घपले-घोटाले और लापरवाही से जुड़ा यह मामला पलामू के पांडु प्रखंड का है, पत्रकार द्वारा मांगी गयी सूचना को शिक्षा विभाग द्वारा आधा अधूरा और भ्रामक सूचना उपलब्ध कराना इस घोटाले मे सभी की मिलीभगत को दर्शाता है। प्रखंड के 60 से 70 विद्यालयों का सूचना मात्र 38 पृष्ठों में उपलब्ध कराई गयी जो किसी भी दृष्टिकोण से स्पष्ट नहीं है। प्राप्त कराई गयी सूचना में **स्पोर्ट घोटाला :** वर्ष 2022 23 में सिर्फ स्पोर्ट पर चार लाख बहतर हजार (472000) रुपए खर्च किया गया जिसका कोई साक्ष्य उपलब्ध नही है क्रय की गयी सामग्री की भाउचर भी उपलब्ध नहीं है। आय व्यय का कोई हिसाब नही दी गयी सूचना के अनुसार आय व्यय में 2017 से 2022 तक व्यय की गयी राशि एक करोड़ बारह लाख संतानवे हजार तीन सौ बानवे रुपए (11297392) का रोकड़ पंजी भाउचर उपलब्ध नहीं है। **कोरोना काल प्रतिपूर्ति राशि घोटाला :** सरकार के सख्त निर्देशों के बाद भी सरकारी स्कूली बच्चों में निर्धारित से कम राशि का वितरण किया गया है। सरकारी निर्देशों के मुताबिक पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों को क्रमशः 134 दिन, 20 दिन, और 206 दिनों की कुल 1789 रुपए वितरण करना था। वहीं पहली से आठवीं तक के बच्चों को 134 दिन, 20 दिन, और 206 दिन कुल 360 दिनों के कुल 2682 रुपए वितरण करना था। उपलब्ध कराई गयी सूचना में 206 दिनों की 5185971 और 56 दिनों की 2438462 दर्शाया है, मांगी गयी सूचना मे साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। अगर इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जाँच कराई जाए तो शिक्षकों के साथ कई पदाधिकारीयों की मिलीभगत का पर्दफ़ास हो सकता है।

# बीआरसी में एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा बीआरसी में शुक्रवार को आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) गैर आवासीय चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण की शुरुआत बीईईओ बलराम पाठक, बीपीएम जरीना परवीन व लेखापाल जयप्रकाश ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण 10 फरवरी से 13 फरवरी चार दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण एक बैच में दिया जा रहा है जिसमें चालीस शिक्षक शामिल हैं। मौके पर बीईईओ बलराम पाठक ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण में बताए गए बातों को विद्यालय में शत-प्रतिशत लागू करें जिससे बच्चों के अधिगम स्तर में वांछित विकास हो सके। कहा कि यह प्रशिक्षण बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का बोध कराने के लिए तथा उसकी समझ विकसित करने के लिए आयोजित किया गया है। मालूम हो कि यह प्रशिक्षण राज्य परियोजना द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर की देखरेख में आयोजित किया गया हैं। इस मौके पर प्रशिक्षक अशोक कुमार पाठक, अभय कुमार द्विवेदी, पंकज कुमार, सुजाता कुमारी तथा शिक्षक दिलीप कुमार सिंह, संजय कुमार पांडेय, राहुल त्रिपाठी, रमन कुमार, अमित तिवारी, वंदना कुमारी, मनोज कुमारी, बीरेंद्र टोपो, गंगोत्री कुमारी, रमन कुमार, मीनाक्षी, रामानंद पाण्डेय, राजीव तिवारी, गोपाल मेहता, संजय कुमार पांडेय, रूबी, सहित दर्जनों उपस्थित थे।

# महुअरि मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

➲ बच्चों को बेहतर शिक्षा देना अभिभावक का मौलिक कर्तब्य : सरिता कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि पंचायत महुअरि आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी और सेविका सरिता देवी व पंचायत सचिव सूर्यदेव राम ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया सरिता कुमारी ने बच्चों को सफाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को लगातार बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देना भी अभिभावक का मौलिक कर्तब्य है। उन्होंने कहा कि ठंड के दिनों में नौनिहाल को गर्म वस्त्र देना पुण्य का कार्य है। उन्होंने अभिभावकों से भी प्रतिदिन बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। मौके पर सेविका सरिता देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र पर अब बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ सुलभ रूप से बेहतर शिक्षा भी दी जा रही है। मौके पर मुखिया पति बिमलेश पासवान वार्ड सदस्य शोभा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया उमा देवी, वार्ड सदस्य बिंदेश्वरी मेहता, संतोष सिंह समेत आंगनवाड़ी केंद्र के दर्जनों बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

# फाइलेरिया मुक्त अभियान का शुभारंभ



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ विभाग द्वारा 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाए जा रहे हैं फैलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ प्रखंड के गरबांध ग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य उप केंद्र परिसर में किया गया। अभियान का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह तथा अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक सुचीत्रा कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों तथा लोगों को उपाधीक्षक द्वारा फाइलेरिया की दवा खिलाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ होने से पूर्व पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी तथा सिविल सर्जन को गरबांध गांव के लोगों ने पारंपरिक गीतों में नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि पूरे देश में फाइलेरिया जैसे बीमारी को समाप्त करने के लिए फाइलेरिया मुक्ति अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अभियान को सफल करने को लेकर लोगों से फाइलेरिया की दवा खाने की अपील की। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मलेरिया, फाइलेरिया जैसे बीमारी से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने लोगों से फाइलेरिया जैसी बीमारी को समाप्त करने के लिए फाइलेरिया की दवा खाने की अपील की। मौके पर उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक सूचित्रा कुमारी ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर वंशीधर नगर, रमुना तथा बिशनपुरा में 217 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के सफलता को लेकर 434 बूथ वर्कर तथा 21 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष से कम उम्र तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को फाइलेरियाा की नहीं खाना है। मौके पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, चिकित्सक संतोष मिश्रा, मुखिया शिबिस्यानी केरकेट्टा, अरविंद द्विवेदी, अनुरंजन पांडे, अस्फाक अहमद, बिजय पाठक, एकता मीना सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# आर पी एस पब्लिक स्कूल संडा में मेधावी छात्रों को एलआईसी अवॉर्ड किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** आरपीएस पब्लिक स्कूल संडा जपला के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के मेधावी छात्रों को एलआईसी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफियों का वितरण किया गया। आर पी एस पब्लिक स्कूल के टॉपर्स को उनके सर्वोच्च प्रदर्शन को प्रेरित करने के लिए एलआईसी द्वारा हमारे विद्यालय में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, आर पी एस शिक्षाविदों और सह विद्वानों दोनों पर समानांतर जोर देने वाला एक तेजी से बढ़ता संस्थान है। भारतीय जीवन बीमा निगम के ब्रांच मैनेजर श्री सी एस दूबे, चीफ एडवाइजर डी के सिंह एवं श्री वेद प्रकाश ने इस अवसर पर मेघावीं छात्रों को शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित किया। प्राचार्य श्री मनुज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षाविद् देश की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्था को सम्मान दिलाने के लिए प्रतिष्ठित प्रतिभाओं की सराहना की। साथ ही शिक्षकों को उनके प्रयासों और मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। पुरस्कार प्राप्त करने वालों की सूची-कक्षा 1 से दिव्य प्रताप यादव, कक्षा 2 से नीति कुशवाहा ,कक्षा 3 से शौर्य गुप्ता, कक्षा 4 से नैन्सी कुमारी, कक्षा 5 से आदित्य कुमार सिंह, कक्षा 6 से रोहन सिंह, कक्षा 7 से शफात हुसैन रिज़्वी, कक्षा 8 से अमृत कुमार मित्तल। बेस्ट एथलीट छात्र - प्रियांशु कुमार यादव कक्षा 8 एवं बेस्ट एथलीट छात्रा - कक्षा 6 खुशबू कुमारी।

# गौरेश्वर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता +2 उच्च विद्यालय तथा बालिका उच्च विद्यालय में समारोह आयोजित कर दोनों विद्यालय के 8-8 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सीता उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह बालिका उच्च विद्यालय के संस्थापक सचिव स्व. गौरेश्वर नारायण सिंह की 13 वीं पुण्यतिथि के पर आयोजित की गई थी। उनके पुत्र पंकज कुमार सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा से बढकर कोई पूंजी नही है। बाद में सीता उवि के नवम वर्ग के छात्र शिवम कुमार को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार पप्पू कुमार एवं तृतीय पुरस्कार पंकज यादव को दिया गया। जबकि बालिका उच्च विद्यालय के दशम वर्ग की छात्रा पल्लवी कुमारी व नवम वर्ग के कुशवाहा प्रिया कुमारी को प्रथम पुरस्कार, काजल कुमारी व सुषमा रानी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक डा0 बिंदेश्वरी प्रसाद चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पलामू एसपी चंदन सिन्हा एवं सरस ने टीओपी टू थाना में कराया मंदिर का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के द्वारा दो नंबर टाउन स्थित टीओपी टू थाना परिसर में मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर निर्माण के दौरान शुक्रवार को थाना परिसर में बने मंदिर के प्रांगण में पलामू एसपी चंदन सिन्हा और टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए पुलिस को साधुवाद दिया।मौके पर उपस्थित एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मंदिर में दिया दान निष्फल नहीं जाता है। मन की पवित्रता हो तो परमात्मा की कृपा मिल जाती है। पुण्य उदय हो तो छोटा सा व्यक्ति भी भगवान का अभिषेक कर पाता है। भक्ति में कितना पवित्र भाव है इसे मानव समझे। पुण्य पवित्र धार्मिक अनुष्ठान में यदि व्यक्ति क्षमता से बढ़कर भगवान के लिए दान करता है तो उसका फल उसको मिलता है।

# किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में किसान महापंचायत आगामी 23 मार्च को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** किसान ब्रिगेड के तत्वाधान में हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों के विभिन्न समस्यायों को लेकर आगामी 23 मार्च दिन गुरुवार को किसान महा पंचायत का आह्वान किया है । उक्त बातों की जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों की वजह से अभी भी किसान युवा और महिला वर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित है और शोषित महसूस कर रहे हैं इन्हीं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और इसके समाधान के लिए किसान ब्रिगेड जपला अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हुसैनाबाद के सभी किसानों की महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत के माध्यम से हाल के सर्वे ऑनलाइन में हुए भूमि गड़बड़ी का रिसर्वे, बिजली विभाग की मनमानी, सिंचाई की व्यवस्था, बालू की कील्लत, बेरोजगारी की समस्या आदि को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जाएगा। किसान ब्रिगेड द्वारा पूर्व में दिए गए धरना का नतीजा है कि राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी धारा सतासी का कोर्ट डाल्टनगंज से जपला शिफ्ट हो गया, नीलगाय द्वारा फसल क्षती पूर्ति की राशि में बढ़ोतरी हुई है, बहुत सारे फैक्ट्री में मृत मजदूर के परिवारों को मुआवजा मिला तथा किसानों को सुखाड़ का मुआवजा इत्यादि शामिल है। हम सभी महात्मा गांधी, भगत सिंह, जगदेव प्रसाद, लोहिया के विचारधारा पर चलते हुए सत्याग्रह के माध्यम से सरकार को हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू पलामू के किसानों को विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के लिए बाध्य करेंगे। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के मजदूर, किसान और नौजवानों से दिनांक 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में पहुंचकर इस महा पंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया है। मौके पर किसान ब्रिगेड अनुमंडलीय अध्यक्ष पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर, सचिव पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, क्षेत्रीय किसान अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, गणेश राम, अमित कुमार सिंह, शिव प्रसाद मेहता, सुभाष कुमार और विशाल सिंह उपस्थित थे।

# केतार 20 सूत्री की बैठक हुई संपन्न

## योजना ग्राम सभा से पारित के पश्चात ही हो स्वीकृति : 20 सूत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को 20 सूत्री की समीक्षा बैठक तर्क वितर्क के साथ संपन्न हुई। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख उप प्रमुख 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि व विधायक प्रतिनिधि सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। वही बैठक से नदारद रहे पीएचडी कर्मी, विद्युत विभाग के कर्मी, पीडब्ल्यूडी कर्मी, जल संसाधन विभाग के कर्मी, को शो कॉज किया गया। बैठक में शुरुआत से ही प्रखंड में ज्वलंत मुद्दों को लेकर विभागीय कर्मियों पर जनप्रतिनिधि जमकर बरसे व तीखे हमले के साथ सवाल जवाब भी किया गया, जिसमें मुख्य रुप से मनरेगा विभाग में परती कुशवानी, पाचाडूमर, लोहरगाड़ा व परसोडीह पंचायत में अन्य पंचायतों के मुकाबले काफी कम योजना को धरातल पर उतारने, मजदूरों के पेमेंट में देरी, पंचायत में समय नहीं देने व मनरेगा कर्मियों की लापरवाही को लेकर उप प्रमुख सह 20 सदस्य शंभू सिंह खरवार मनरेगा बीपीओ को फटकार लगाई। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में अंधाधुन पेड़ पौधों की कटाई को लेकर एवं पत्थर उत्खनन को लेकर भी वन विभाग के प्रतिनिधि को फटकार लगाया गया और इस पर तत्काल रोकने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्कूल छोड़कर 20 सूत्री उपाध्यक्ष के रूप में बैठक में सुशील पाठक के मामले में भी विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह ने आपत्तिदर्ज किया। वही अंचल में मोटेशन सहित अन्य पेंडिंग मामले, केतार बाजार अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर, ऑटो स्टैंड, लोहिया समता उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के चुनाव में अनदेखा, पीडीएस में भारी मात्रा में राशन की कटौती, पीएम आवास में गड़बड़ी, जेएसएलपीएस में समन्वय स्थापित कर कार्यो को अंजाम देने सहित अन्य महत्वपूर्ण मामले बैठक में सामने आए जिसमें संबंधित विभाग के कर्मी अपना-अपना पक्ष रखा। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह प्रमुख चंद्रावती देवी प्रमुख शंभू सिंह, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक प्रियंका कुमारी, पंचायती राज राकेश कुमार, अंचल निरीक्षक नागेंद्र पाठक, 20 सूत्री सदस्य छोटन सिंह, सुनील राम, नागेंद्र ठाकुर, शिक्षा विभाग से बीपीओ रवि वैध, मनोज पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने पति के खिलाफ थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची :** सदर थाना में शुक्रवार को एक महिला ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि धोखे में रखकर उसने शादी की और शादी के बाद मारपीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। सदर थाना इलाके के प्रगति नगर की रहने वाली महिला ने कहा कि उसकी शादी 18 फरवरी, 2021 को बड़गाई निवासी युवक से सरना रीति के अनुसार हुई थी। शादी के एक महीने बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करने लगा। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति का समलैंगिक संबंध किसी अन्य लड़के के साथ है। इसके अलावा जानवरों के साथ भी वो सेक्स करता है। 25 दिसंबर, 2022 को पति के फोन में अन्य पुरुषों से संबंध बनाने का वीडियो, फोटो और मैसेज देखा। इस संबंध में पूछने पर मारपीट किया और गंदी गंदी गालियां दी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के बरगावां पानी फैक्ट्री के समीप गुरुवार रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक (बीआर31ई2103) से नामकुम की ओर आ रहा था। पानी फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन (ट्रक) ने उसे टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान मणि प्रकाश के रूप में की गई है। वह मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर के गोराई निवासी गणेश ठाकुर का पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है।अंधेरे में ट्रक का नम्बर लोगों ने नहीं देख सके।पुलिस ट्रक और चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए आसपास के सीसीटीवी को खंगाल रही है।

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से 24 मार्च तक

**विधानसभा बजट सत्र का 17 कार्यदिवस होंगे**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से 24 मार्च तक होगा। इस बार सत्र में 17 कार्यदिवस होंगे। झारखंड विधानसभा ने बजट सत्र के कार्यक्रमों की सूचना जारी कर दी है। 27 मार्च को सदन में राज्यपाल का अभिभाषण होगा। एक मार्च को वित्तीय वर्ष 2022-23 का द्वितीय अनूपूरक बजट सदन में रखा जाएगा। तीन मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सदन में रखा जाएगा।

**17 कार्य दिवस इस प्रकार के होंगे**

27 फरवरी- राज्यपाल का अभिभाषण और शोक प्रस्ताव
28 फरवरी- प्रश्नकाल और राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव
1 मार्च- प्रश्नकाल, तृतीय अनुपूरक बजट का सदन में रखा जाना
2 मार्च- प्रश्नकाल, तृतीय अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद
3 मार्च- प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सदन में रखा जाना
4 मार्च- प्रश्नकाल, बजट पर चर्चा
5 मार्च से 12 मार्च तक विधानसभा की बैठकें स्थगित रहेंगी
13 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा
14 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
15 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
16 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
17 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
18 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
19 मार्च- विधानसभा की बैठक नहीं होगी
20 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
21 मार्च- प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा, सरकार का उत्तर और मतदान
22 मार्च- प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य
23 मार्च- प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य, गैर सरकारी संकल्प

# अमानत ने दामोदर को हरा पहली जीत दर्ज की, सकरी की लगातार दूसरी जीत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को पहले मुकाबले में अमानत ने दामोदर के 7 विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की वहीं दूसरे मुकाबले में सकरी ने शंख को 31 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बीएयू मैदान में खेले गए पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दामोदर ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 115 रन बनाए। सुमित ने 42 और संजय सिन्हा ने 11 रन बनाए। अमानत की ओर से ओम ने 2 और अमित सिंह ने एक विकेट लिया। 116 रन के विजयी लक्ष्य को राजेश सिंह के नाबाद 45 रन की बदौलत अमानत ने 12.5 ओवर में प्राप्त कर लिया। मोहम्मद इमरान ने 37 और ओम ने 16 रन का योगदान दिया। दामोदर की ओर से कमलेश मिश्रा ने 2 और संजय व शिव ने एक-एक विकेट लिए। दिन के दूसरे मुकाबले में सकरी ने आसिफ नईम के 69 और मोनू कुमार के 55 रन की बदौलत निर्धारित ओवरों में 157 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दोनों बल्लेबाजों ने अपनी पारी में 4-4 गगनचुंबी छक्के लगाए। मोईजुद्दीन और विरेन्द्र को एक एक विकेट मिला। 158 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए शंख की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 126 रन ही बना पाई और मुकाबला 31 रन से हार गई। टीम की ओर से कप्तान अमित सिंह ने 35, राकेश कुमार ने 28 और विरेन्द्र ने 14 रन बनाए। सकरी की ओर से राजेश कृष्ण ने 3, मोनू, अभिषेक, सौरव और कुंदन ने एक-एक विकेट लिए।

## इंफोर्समेंट टीम के 12 पदाधिकारियों के खिलाफ आरटीआई से मची खलबली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम एक बार फिर चर्चा में आ गई है। दरअसल इस बार इंफोर्समेंट टीम के कार्य को लेकर चर्चा में नहीं है, बल्कि उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यशैली पर दीपेश कुमार निराला ने सवाल उठाते हुए जन सूचना पदाधिकारी, रांची नगर निगम के नाम सूचना का अधिकार 2005 के अंतर्गत 12 इंफोर्समेंट के पदाधिकारियों की पूरी जानकारी मांगी है। सूचना का अधिकार में यह मांग किया है, कि रांची नगर निगम के महापौर डॉ आशा लकड़ा ने इंफोर्समेंट टीम के कार्य पर सवाल उठाया है। जिसमें मुख्य रुप से डोरंडा थाना अंतर्गत फुटपाथ के पास से एक व्यक्ति से 35000 की उगाही, वार्ड पार्षद के साथ बदसलूकी, बरियातू थाना अंतर्गत भवन निर्माण के लिए सड़क के किनारे रखे गए ईट बालू इत्यादि हटाने के नाम पर और जुर्माना के अलावा कबसे टीम में शामिल हुए हैं, किस अधिकार से पुलिस की वर्दी पहन रहे हैं और पूरे 53 वार्ड से अब तक की कितना जुर्माना और किन-किन लोगों से वसूला गया है, पूरी जानकारी की मांग की गई है। इसकी प्रति रांची नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन को दिया गया है, साथ ही 12 टीम की नियुक्ति किस तरह से हुई है और इनका पुराना रिकॉर्ड क्या है, इसकी भी जानकारी मांगी गई है। आरटीआई होने के बाद पूरे रांची नगर निगम हडकंप मचा हुआ है और खास करके इंफोर्समेंट टीम के पदाधिकारियों के बीच में भी हड़कंप मच गया है।

# हाथ जोड़ो यात्रा, दिल जोड़ो यात्रा है : इरफान अंसारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी बाबा नगरी देवघर एयरपोर्ट पहुंचकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी अविनाश पांडे का भव्य स्वागत किया। मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं विधायक के समर्थक एयरपोर्ट पहुंचकर अविनाश पांडेय जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। पूरा देवघर कांग्रेसमय हो गया और आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी उपस्थित थे। यह सभी लोग अविनाश पांडे के साथ बाबा धाम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई थी, अब हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा भी शनिवार से शुरुआत होने जा रही है। हाथ जोड़ो यात्रा दिल जोड़ो यात्रा में तब्दील हो जाएगी और इससे न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरा देश इस यात्रा से काफी उत्साहित हैं।

## शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर आनन-फानन में रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर अमित कुमार की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी छाती में इंफेक्शन की शिकायत है, फिलहाल शिबू सोरेन की हालत स्थिर बताई जा रही है। पिता शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उनका हाल जानने गुरूवार देर शाम अस्पताल पहुंचे। इसके साथ ही राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी अस्पताल में शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने पहुंचे। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन करीब तीन घंटे तक शिबू सोरेन के साथ समय बिताए और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# डीसी ने की सर्वे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, रांची सह बंदोबस्त पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बंदोबस्त कार्यालय में बंदोबस्त कार्यालय/ में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) राजेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए।
बंदोबस्त कार्यालय एवं सर्वे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सर्वे कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा धारा 83 (आपत्ति), धारा 89 (आपत्ति) की सुनवाई की समीक्षा करते हुए किस्तवार, खानापुरी, तस्दीक, जाँच (रिकॉर्ड) एवं प्रारूप प्रकाशन, फाइनल पब्लिकेशन की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को इसे पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बंदोबस्त कार्यालय के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को कार्यालय में लंबित कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा।



## यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सड़क पर उतरे नौशाद आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मार्च में होने वाले जी-20 सम्मेलन को लेकर रांची नगर निगम और जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गई है । ऐसा ही नजारा शुक्रवार को रांची शहर के राजेंद्र चौक और रेडिसन ब्लू के सामने भी देखा गया।
ग्रामीण एसपी सह यातायात एसपी प्रभारी नौशाद आलम राजेंद्र चौक और रेडिशन ब्लू के आसपास के स्थलों का जायजा लिया और किस तरह से यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके, इसके लिए रेडिसन ब्लू लगाए जाने वाले ऑटो चालकों को नसीहतें दी और कोई दूसरा विकल्प तलाशने की भी बात कही । बता दे कि जी-20 सम्मेलन में विभिन्न देशों से रांची के रेडिशन ब्लू में संभवतः ठहरेंगे। इन सब को देखते जिला पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गई है।
यातायात प्रभारी नौशाद आलम ने बताया कि रांची शहर के सभी चौक चौराहें पर बेतरतीब तरीके से वाहन नहीं लगाये, जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो सभी ऑटो चालक इस बात का ध्यान रखें और अपने ऑटो में फास्ट्रेक बाक्स की व्यवस्था रखें ,वर्दी पहन कर ही ऑटो चलाएं।




# रांची पुलिस ने कुख्यात अपराधी सन्नी सिंह को दिल्ली से किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने कुख्यात अपराधी सन्नी सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। सन्नी सिंह उर्फ ऋषभ सिंह पिछले पांच सालों से फरार चल रहा था। रांची एसएसपी कौशल किशोर को जानकारी मिली थी कि ऋषभ सिंह उर्फ सनी सिंह दिल्ली में अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। जानकारी मिलने के बाद एसएसपी की स्पेशल टीम ने उसे धर दबोचा है। रांची के सुखदेव नगर इलाके का रहने वाला कुख्यात अपराधी सन्नी सिंह पर दर्जनों मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि रांची, बोकारो के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के लिए चुनौती बने कुख्यात अपराधी सनी सिंह के घर की कुर्की जब्ती की भी पिछले साल की गई थी। इस दौरान अपराधी सन्नी सिंह के घर के सामानों को पुलिस ने जब्त कर लिया था।

## उत्पाद विभाग का छापा, अवैध विदेशी शराब बरामद

**रांची :** उत्पाद विभाग की टीम ने रांची के नगडी थाना क्षेत्र के बांध टोली में अवैध विदेशी शराब के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान दिलीप कुमार महतो के घर से 225 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया है। यह छापेमारी गुरुवार देर रात की गई। विदेशी शराब पर फ़ोर सेल इन अरुणाचल प्रदेश लिखा है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 225 लीटर शराब बरामद किए गए हैं।

# रांची : दूरदर्शन में सिद्धो-कान्हो की अमर गाथा का प्रसारण पांच मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दूरदर्शन पर प्रसारित हो रहे ऐतिहासिक धारावाहिक स्वराज को दर्शक 11 फरवरी से बिंज मोड पर (एक साथ कई एपिसोड ) देख सकेंगे। इस बात की जानकारी दूरदर्शन केंद्र रांची के कार्यक्रम प्रमुख डीबी कार्यी ने दी । बताया कि दर्शकों की विशेष मांग पर शनिवार 11 फरवरी 2023, दोपहर एक बजे से बिंज मोड पर प्रसारण की व्यवस्था की गई है। दूरदर्शन केंद्र रांची में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वराज के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता संग्राम की समर गाथा को दिखाने की कोशिश दूरदर्शन कर रहा है। इसकी शुरुआत 05 अगस्त को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल.मुरूगन की उपस्थिति में किया गया था। कार्यक्रम का प्रसारण 14 अगस्त से डीडी नेशनल पर हिंदी में, और क्षेत्रीय भाषाओं में रीजनल चैनल पर किया जा रहा है। झारखंड के अमर शहीद सिद्धो कान्हो मुर्मू की शौर्य गाथा पर आधारित एपिसोड पांच मार्च को प्रसारित किये जाएंगे। इस मौके पर डीडी झारखंड के चैनल संचालन विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि दूरदर्शन के कार्यक्रमों में दर्शक हमेशा केंद्र में होते हैं। उनके मनोरंजन और ज्ञानवर्धन के लिए हमारे कार्यक्रम समर्पित हैं। मौके पर कार्यक्रम अधीशासी सुधीर कुमार और गोविंद कुमार झा भी मौजूद थे।



# सांसद ने लोकसभा में उठाया पहाड़ी मंदिर का मामला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में पहाड़ी मंदिर का मामला उठाया और उसके संरक्षण और संवर्धन की मांग भारत सरकार से की। शून्यकाल के दौरान सांसद ने शुक्रवार को सदन में कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम स्थान हैं, जिनका धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व साथ-साथ है। ऐसे ही स्थानों में है रांची का पहाड़ी मंदिर है। सांसद ने कहा कि वर्तमान समय में इस पहाड़ी की स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है। हमारे पर्यावरणविद नीतिश प्रियदर्शी ने कई बार रिपोर्ट किया है। उन्होंने बताया है कि यह पहाड़ी हिमालय से भी पुरानी है और भुरभुरी मिट्टी की है। हमेशा यह आशंका बनी रहती है कि यह कभी भी धंस सकती है। इतना बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थान को अब संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पहाड़ी के चारों तरफ मजबूत घेराबंदी हो। इसे लोहे की जाल से या बाड़ा लगाकर मजबूती से बांधा जाए ताकि इसके धंसने का खतरा कम हो सके और पहाड़ी सुरक्षित हो सके। सांसद ने इसे राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित कर इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य किए जाने की मांग की।

## दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के संबंध में पूछे सवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को राज्यसभा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के संबंध में सवाल पूछे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने उत्तर में कहा कि विगत तीन वर्षों में झारखंड से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। दीपक प्रकाश ने पूछा कि झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विगत तीन वर्षों के प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा उसमें कितनी धनराशि खर्च हुई है? इसका उत्तर देते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गत तीन वर्षों में मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विज्ञापनों के उत्तर में झारखंड से खाद्य प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इससे संबंधित सुविधाओं की स्थापना के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएमकेएसवाई की विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है।

# पीएनबी बैंक के क्रेडिट कार्ड से फर्जी तरीके से 1.4 लाख रुपये निकाले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** फर्जी तरीके से खाते से 1.4 लाख रुपये निकालने के मामले में पीड़ित मनोज कुमार ने सदर थाना में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 30 जनवरी को खाते से एक दिन में 21 बार में 1.4 लाख रुपये निकले गए। आरोपित ने पीड़ित का मोबाइल हैक कर रुपये निकाले हैं। मनोज कुमार को मोबाइल नंबर 7384436803 से बिजली बोर्ड के बकाए और बिजली काट देने का मैसेज आया। फिर 7852942602 से राहुल शर्मा नाम से फोन आया और क्विक सपोर्ट और कस्टमर सपोर्ट नामक दो एप डाउनलोड करवाया। 7001235897 नंबर से लिंक के लिए व्हाट्अप भी किया। इसके बाद खाते से रुपये निकाल लिये। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।



## दो दिवसीय सिल्लीबुरू मेला का शुभारंभ आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के लोवादाग पंचायत के सिटकाडीह गांव मे आज से दो दिवसीय सिल्लीबुरू मेला का शुभारंभ किया जायेगा। आयोजन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पहले दिन क्रिकेट एवं दूसरे दिन रविवार को फुटबॉल खेल, टुसू मेला, छो नृत्य, स्कूल के छात्रः छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुर्गा लड़ाई, सुई धागा दौड़, म्यूजिकल चेयर, टोकरी दौड़, बच्चों का दौड़, क्विज प्रतियोगिता समेत कई खेल तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी मेला समिति के मुख्य संरक्षक शत्रुघन महतो एवं संरक्षक नन्द किशोर महतो ने दी।

## आज व्यवहार न्यायालय परिसर में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय, खूंटी परिसर में 11 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वह राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों का निष्पादन करा सकेंगे। इसके लिए 6 बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत पूर्वाह्न 11.00 बजे से प्रारंभ होगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष, खूंटी श सत्य प्रकाश द्वारा लोगों से अपील की गई है कि अपने वादों के निष्पादन लिए व्यवहार न्यायालय में अवश्य पहुंचे और न्यायालय में लंबित मामलों का तुरंत और निःशुल्क सुलह कराएं।

## ग्रामीण एसपी ने दशम फॉल थाना के नये भवन निर्माण की आधारशिला रखी

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने शुक्रवार को तैमारा बाजार के समीप दशम फॉल थाना नये भवन निर्माण कार्य का विधिवत नारीयल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने कहा यह थाना क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है पुलिस प्रशासन नक्सलियों को लगाम लगाने के लिए कमरकसे हुई है।नया थाना के निर्माण होने से पुलिस कर्मियों को अत्याधुनिक तरीके से सुरक्षित स्थान प्राप्त होगा जिससे पुलिसकर्मी को कार्य आसानी तरीके से संभव हो पाएगा उन्होंने आगे कहा नक्सलियों के विरुद्ध अभियान और अवैध रूप से अफीम खेती फसल को ड्रोन के सहारे चिन्हित किया जाएगा और पुलिस कार्रवाई करेंगी। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, बुंडू थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण , इंस्पेक्टर विमल नंदन सिन्हा, दशमफॉल के थाना प्रभारी विष्णुकांत के अलावा पुलिस के जवान और आमजन मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों की बैठक, मानदेय की मांग उठी

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों की एक बैठक शुक्रवार को मुरी टुंगरी पार्क में आयोजित की गयी। बैठक में सभी वार्ड सदस्यों ने पंचायतों के मुखिया द्वारा उनकी उपेक्षा किये जाने एवं वार्ड क्षेत्र में जन हित में काम करने में आ रही परेशानी पर विचार किया गया। सर्व सम्मति से तय किया गया कि सभी जन प्रतिनिधियों की तरह वार्ड सदस्यों को भी सरकार की ओर से मानदेय दिया जाना चाहिये। वार्ड सदस्यों के संगठन को मजबूत करने के लिये कमेटी का गठन किया गया। इसमें सजंय महतो को अध्यक्ष, धीरेंद्र नाथ महतो को कार्यकारिणी अध्यक्ष, सोना मनी देवी को उपाध्यक्ष, अनूप बेदिया को सचिव, ललिन मुंडा को उप सचिव, रंभा देवी को कोषाध्यक्ष, रिंकू देवी को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे बसंती देवी, मामुनि काशीनाथ महतो, अजित महतो, रेणुका देवी, संजीत महतो, विकास महतो समेत अन्य को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक के बाद वार्ड सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल बीडीओ को अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा।

## उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने हैलो उज्जीवन पेश किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने भारत की पहली मोबाईल बैंकिंग एप्लीकेशन, हैलो उज्जीवन लॉन्च की है। इसमें तीन वी - वॉईस,विज़्युअल, वर्नेकुलर इनेबल्ड फीचर्स द्वारा उन लोगों तक बैंकिंग सेवा पहुँचाई जाएगी, जो लिखने और पढ़ने की सीमित क्षमता रखते हैं। यह ऐप हमारे उन माईक्रो बैंकिंग और ग्रामीण ग्राहकों में बैंकिंग की आदतों का विकास करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो कम डिजिटल समझ रखते हैं। हैलो उज्जीवन के निर्माण में नवाना.एआई ने भी सहयोग किया है। यह आठ क्षेत्रीय भाषाओं - हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल, गुजराती, कन्नड़, उड़िया, और असमी भाषा में वॉईस के माध्यम से इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्राहक ऐस में अपनी स्थानीय भाषा में बोलकर बैंकिंग विनिमय कर सकते हैं, और लोन की ईएमआई का भुगतान, एफडी एवं आरडी खाते खुलवाने, फंड ट्रांसफर करने, खाते में बैलेंस देखने, और पासबुक अपडेट करने जैसी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## सीएससी ई गवर्नेस ने आधार कार्यशाला का किया आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त कार्यालय रांची के कमरा नम्बर 505 में शुक्रवार को सीएससी ई गवर्नेस के द्वारा एक दिवसीय आधार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में झारखंड के 24 जिलों के आधार ऑपरेटर उपस्थित हुए। कार्यशाला में आधार कार्ड से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 आधार ऑपरेटर को अवार्ड और सर्टिफिकेट भी दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित सीएससी टीम और वीएलई को संबोधित करते हुए यूआईडीएआई डायरेक्टर नीरज कुमार ने कहा कि आप सभी आधार ऑपरेटर काफी सपोर्टिव हैं और काफी अच्छा काम कर रहे हैं। हम आपके सपोर्ट के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। सीएससी एसपीवी के राज्य प्रमुख शंभू कुमार ने समान्य सेवा केन्द्र के कार्य व आधार सेवा से संबंधित जानकारी दिये। वहीं राज्य मैनेजर दिलीप शाह ने आधार से संबंधित संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यशाला को संयुक्त सचिव संजय बिहारी अम्बष्ठ, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय रांची जयवर्धन कुमार ने भी संबोधित किये। इस मौके पर प्रशांत कुमार,अजीत कुमार, निखिल कुमार, राकेश कुमार, पप्पू कुमार, चंदन कुमार, विवेकानंद व विनय कुमार सहित यूआईडीएआई की टीम व आधार ऑपरेटर उपस्थित थे।

## बेड़ो प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कस्तूरबा विद्यालय परिसर में 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री विनीता कच्छप प्रमुख मुदस्सिर हक उप प्रमुख, डॉ प्रवीण कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, डॉक्टर सुमित्रा कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ,जिला से आए हुए टीम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं एल्बेंडाजोल और डीईसी गोली खाकर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ने वाली सभी बच्चियों को फाइलेरिया रोधी दवा दिया गया। दीप प्रज्वलन के पूर्व मलेरिया इंस्पेक्टर ने फाइलेरिया के विशेष में के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी एवं बच्चों के दिया।आज बेड़ों प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में दवा खिलाकर इस कार्यक्रम का शुरुआत पंचायतों में किया गया। कल से अर्थात 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर घर जाकर सभी को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा, घरों में दवा खिलाने के पश्चात दीवाल लेखन किया जाएगा और दवा खाने वाले व्यक्तियों के दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली पर मार्किंग भी किया जाएगा। मौके पर सुशांति भगत मुखिया, बेड़ों, राखी भगत पंचायत समिति बेड़ों, करमा उरांव विधायक प्रतिनिधि, अमिता लाल बीपीएम, साहिया दीदी , जिला से आई विशेष टीम के सदस्य एवं कस्तूरबा स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल ओरमांझी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल ओरमांझी में शुक्रवार को फेयरवेल का आयोजन किया गया। वही दस क्लास के छात्र छात्राओं को फेयरवेल एव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गीत वह नृत्य पर स्कूल के स्टूडेंट जमकर थिरके। मौके पर मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने कहा कि आप सभी स्टूडेंड मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपना स्कूल का नाम रोशन करें। और आगे उन्होंने बताया कि नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा और दशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही माननीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है। नैतिक से हमारे व्यवहार संस्कार में निखार आता है। नैतिक शिक्षा से समाज में फैली हुई घृणा,नफरत,विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्रवान बनना विकार, एब्सन,नशा और बुराइयों से स्वयं को मुक्त करना ही शिक्षा का मूल उद्देश्य है। ज्ञान ज्ञान रूपी जानकार से ज्योति या प्रकाश की ओर सत्यता से सत्य की ओर ले जाए वही सच्चा ज्ञान है। आज का बच्चे कल का समाज है।अगर कल के समाज को

# आरआईबी की महिला जवान को पति ने गोली मारी, गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** रांची जिला के मांडर थाना के कोराम्बी सकरपदा गांव निवासी आईआरबी की महिला सिपाही परदेशिया तिर्की 29 वर्ष को उसके पति मंगल कुजूर उरांव ने गोली मारी. गोली लगने से घायल परदेशिया को इलाज के लिए रिम्स रॉची में भर्ती किया गया है. पुलिस ने पति मंगल तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है. उक्त घटना को लेकर घायल महिला सिपाही परदेसिया तिर्की ने मांडर थाना में अपना बयान दिया है. जिसमें आरोप लगाया है कि उसकी शादी 2015 में गांव की ही मंगल कुजूर पिता बिरसा कुजूर से प्रेम विवाह हुआ था. शादी के कुछ दिन के बाद से ही दोनों पति-पत्नी में बराबर छोटी-छोटी बातों में भी तू तू मैं मैं यह झगड़ा होती थी , दो तीन बरसों से दोनों अलग-अलग रहे थे,दोनों के बीच बातचीत भी नहीं हो रही थी, इधर परदेसिया ने तलाक की अर्जी न्यायालय में दी थी, इसके बाद से दोनों अलग-अलग रहने लगे थे, इस दौरान अपन पत्ति मंगल के जीजा जी सोमा उरांव गुमला निवासी है, जो इंडियन आर्मी के जवान है और जम्मू कश्मीर में तैनात है , उनके साथ रह रही थी और शारीरिक संबंध है, जिससे 4 माह का गभर्वत्ती है इधर आज दिन में मंगल देसी कट्टा लेकर घर पर आया और अपने पत्नी परदेसिया से झगड़ा करने लगा,और गुस्से मै पिस्तौल निकालकर दो गोली सिर में मार दी, और फरार हो गया, घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे ,और घायल परदेसिया को उपचार के लिए रिम्स रांची भेज दिया, वही आरोपी मंगल को देशी कट्टा व गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# बुंडू पुलिस ने अवैध लॉटरी के धंधे का भंडाफोड़ किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू थाना क्षेत्र के सोनाहातू रोड़ के बिचका टोली में अवैध लॉटरी कारोबार की की गुप्त सूचना 9 फरवरी दिन गुरुवार की रात्रि 9 बजे इंस्पेक्टर राय सौमित्र पंकज भूषण को मिली जिसके आधार पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुंडू थाना अंतर्गत धुर्वा मोड़ के पास मां होटल के संचालक लखी चरण महतो उर्फ पप्पू के द्वारा अवैध रूप से लॉटरी के कारोबार की सूचना पर उनके होटल के पीछे के कमरे से छापेमारी कर 130 बंडल अवैध लॉटरी बरामद की जिसमें से एक बंडल में 50 टिकट कुल 6500टिकट की बरामदगी की गई है। मौके पर से कहां पर धंधा करने वाले सभी फरार होने में सफल रहे।मां होटल के मालिक लखी चरण महतो उर्फ पप्पू के विरुद्ध बुंडू थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।इधर मामले पर इंस्पेक्टर राय सौमित्र पंकज भूषण का कहना है अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है और बहुत जल्द अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में होगा।सूत्रों के अनुसार बुंडू बाजार सहित सोनाहातू , राहे,तमाड़ अड़की और नामकुम क्षेत्र में लाखों के लॉटरी का गोरखधंधा चल रहा है जिसका संचालन अवैध रूप से बुंडू में चलाया जा रहा है।

# अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी :** प्रखंड में बनने वाली अजीम जी प्रेमजी फाउंडेशन के निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का लगभग रास्ता साफ होते ही फाउंडेशन के तीन सदस्यीय का एक टीम ने शुक्रवार को इटकी क्षेत्र का भ्रमण किया. इस दौरान सदस्यों ने क्षेत्र में स्वास्थ्य व शिक्षा के सुविधाओं की जानकारी लेने के अलावा छोटे बच्चों में मानसिक, शारीरिक व शैक्षणिक क्षमताओं की जांच की. इस क्रम में सदस्यों ने एकता नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, इटकी के लक्ष्मी गजेंद्र मवि व मकुंदा स्थित राउमवि के विद्यार्थियों से रू -ब-रू हुए. टीम में फाउंडेशन के अभिषेक मित्रा, गुरु प्रसाद शर्मा व सोनालिका के अलावा प्रखंड की सीडीपीओ नायाब जेबा, प्रमिला सिन्हा,निभा पांडेय, विनोद कुमार व हुस्न आरा सहित लोग शामिल थे.


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**अज्ञात पुरुष का शव (पहचान करने हेतु)**



दिनांक–04.02.2023 को ग्राम–चपकली, टोला बुढ़ीखाड़ के जंगल से दिनांक–04.02.2023 के संध्या में एक अज्ञात पुरुष का शव सड़े गले हालात में बरामद किया गया है। इस संबंध में चिनियॉ थाना कांड सं0–09/23 दिनांक–06.02.2023 धारा–302, 201, भा0द0वि0 दर्ज कर उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। उक्त अज्ञात पुरुष के शव का अबतक पहचान नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात पुरुष के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति के द्वारा पहचान या किसी प्रकार का सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR289947 (Police)22-23*D

## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi–834002.
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (Transmission Operation), TRANSMISSION CIRCLE, DALTONGANJ
Email: esetcdal@gmail.com, website:www.jusnl.in

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/ firms for the following works :-

| S/N | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 309/PR/JUSNL/2022-23 | Grid maintenance work of 132/33kV Grid Sub-Station, Daltonganj for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.18,000.00 |
| 2. | 310/PR/JUSNL/2022-23 | Grid maintenance work of 132/33kV Grid Sub-Station, Latehar for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.16,300.00 |
| 3. | 311/PR/JUSNL/2022-23 | Grid maintenance work of 132/33kV Grid Sub-Station, Garhwa Road for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.19,200.00 |
| 4. | 312/PR/JUSNL/2022-23 | Grid maintenance work of 132/33kV Grid Sub-Station, Japla for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.18,200.00 |
| 5. | 313./PR/JUSNL/2022-23 | Grid maintenance work of 220/132kV Grid Sub-Station, Bhagodih for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.20,000.00 |
| 6. | 314/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of transmission lines under TSD, Daltonganj for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.885.00 (Rs.750+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.9,000.00 |
| 7. | 315/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of 220 kV D/C Latehar - Daltonganj transmission line under TSD, Latehar for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.885.00 (Rs.750+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.8,700.00 |
| 8. | 316./PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of 220 kV D/C Latehar - Lohardaga transmission line under TSD, Latehar for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.10,600.00 |
| 9. | 317/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of 132 kV D/C Bhagodih - Garhwa Rd transmission lines under TSD, Garhwa road for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.11,300.00 |
| 10. | 318/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of 132 kV D/C Rihand - Garhwa Rd transmission lines under TSD, Garhwa road for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.19,900.00 |
| 11. | 319/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of transmission lines under TSD, Japla for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.17,800.00 |
| 12. | 320/PR/JUSNL/2022-23 | Carrying out routine patrolling, breakdown/ shutdown maintenance of transmission lines under TSD, Bhagodih wef 01.04.2023 to 31.03.2024. | Rs.1475.00 (Rs.1250+ CGST@9% +SGST@9%) | Rs.18,900.00 |

Last date for sale of tender documents :- **04.03.2023 upto 02:00 PM**
2.Last date & time of submission of tender document :- **04.03.2023 upto 05:00 PM**
3.Due date & time of opening of tender document Part-I :- **06.03.2023 at 12:30 PM**
4.Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of the D.G.M. (Transmission operation), Transmission Circle, Daltonganj on payment of cost of BOQ (Non-refundable) either in cash or in shape of D.D drawn in favour of **Manager (F&A), Transmission Circle, Daltonganj payable at Daltonganj** on any working day.
5.No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
6.The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
7.For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**D.G.M. (Transmission operation)**
**Transmission Circle, Daltonganj**

PR289898 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)22-23*D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –30/2022–23**

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 20.02.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.02.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No.- C/20, C/24 & B-18, B-19 behind Indra palace Hinoo and others High court pool quarters under DW&S Division, Ranchi East Ranchi. | 11.33972 | 22700.00 | 2500.00 | 15 days |
| 2. | Renovation of toilet cum bathroom and improvement of water supply with replacement of sanitary fitting and sewrage work at qtr No. D/1 & D/3 behind Indra palace and others High court pool quarters under DW&S Division , Ranchi East Ranchi. | 14.99175 | 30000.00 | 2500.00 | 15 days |
| 3. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewrage work at male Police Training Barrack IRB-01 Jamtara, Jharkhand Ranchi (1st Floor) under D.W & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 18.24195 | 36500.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 4. | Seepage repair & Renovation of Bathroom, Toilet and improvement of water supply with replacement of sanitary fittings and sewerage work at Qtr No LIG-393/94, 395/96 and others High Court Pool under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 12.62208 | 25300.00 | 2500.00 | 15 days |
| 5. | Supplying all materials and labours for Cleaning 25000 gallon each capacity E.S.R. Sump and replacement of C.P. bathroom fittings at 56set campus and Govt. pool quarter under D.W.&S Division Ranchi East ,Ranchi. | 7.08099 | 14200.00 | 1250.00 | 05 days |
| 6. | Repairing of different size of sluice valve and leakage repair of CI/DI pipe at 124set , 56set Nepal house , Hinoo Mecon road and other Govt. building under D.W.&S Division,Ranchi East Ranchi. | 10.23757 | 20500.00 | 2500.00 | 15 days |
| 7. | Construction of Septic Tank ,Soak pit,Its aleid Works for (3Nos).Female Police Training Barrack at I.R.B.-01 Jamtara Under D W & S. Division Ranchi East Ranchi. | 16.53910 | 33100.00 | 2500.00 | 20 Days |
| 8. | Repairing of damaged sewer line water supply pipe and replacement of old and damaged sanitary fittings at MLA Flat, Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarters under D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 10.45586 | 21000.00 | 2500.00 | 15 days |
| 9. | Seepage repair and Renovation of 10 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Jharkhand Police Acadamy Hazaribag Near Mess no-4,Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi.(Part-2B) | 19.49495 | 39000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 10. | Renovation of toilet and bathroom, improvement of W/S, S/I & sewerage work at E-347 (Residential Office cum Guest House and Guard room) of Sector-II and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa, Ranchi. | 6.41549 | 12900.00 | 1250.00 | 20 days |
| 11. | Improvement of W/S by Construction of Independent Source 125mmx115mmx120.00m deep with Installation of 1.0HPSubmersible Motor Pump set its allied works at Qtr. No E-101/II and others HEC Colony Under D.W.&S Division Ranchi East Ranchi | 5.58870 | 11200.00 | 1250.00 | 10 days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

PR 289916 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited

O/o General Manager cum Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670
E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**Short tender**

Online tenders are invited from reputed and experienced manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities or authorized dealers / financially sound & reputed supplier/ firms authorized by such principal manufacturers for supply of under mentioned materials:-

| NIT no. | Sl. No. | Particulars of Material | Unit | Quantity | Estimated Cost | EMD | Cost of BOQ including GST |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 231/PR/JBVL/ 2022-23 | 1 | Polycarbonate Seal Bit with Sealing wire | No | 6,00,000 | 31,80,000.00 | 63,600.00 | 5,900.00 |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **Availability of tender document on website** | :- | **From 10.02.2023 to 24.02.2023 upto 17.00 Hrs** |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | **From 10.02.2023 to 24.02.2023 upto 17.00 Hrs** |
| 3 | Last date and time of submission of original DD towards Cost of BOQ & EMD etc. | :- | **25.02.2023 upto 17:00 Hrs** |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno - Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | **27.02.2023 at 03:00 PM.** |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Bidders in order to participate in the bidding process have to get "Digital Signature Certificate (DSC), as per information Technology Act 2000 to participate in online bidding. This certificate will be required for digitally signing the bid. Bidders can get the above mentioned digital signature certificate from any approved vendors CCA (Controller of Certifying Authorities). Bidders, who already possess valid Digital Certificate, need not procure new Digital Certificate.
4. Bidder have to submitted their bids online in electronic format with digital Signature. Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in physical form.
5. Bidders should be ready with the scanned copies of cost of documents & EMD as specified in the tender document. Before submission of online bids, bidders must ensure that scanned copies of all necessary documents have been attached with bid.
6. Bidders have to produce the original Demand Draft in favour of Accounts Officer, Electric Supply Area, Ranchi towards **tender fee & EMD** as mentioned in NIT to the Accounts Officer, Electric Supply Area, Ranchi and collect the money receipt before the cutoff date & time as mentioned in the NIT failing which bid will not be accepted. The details of cost of documents, EMD specified in the tender documents should be the same as submitted online (scanned copies) otherwise tender will summarily be rejected.
7. Uploaded documents of the successful bidder will be verified with the original before signing the agreement. The successful bidder has to provide the originals to the concerned authority.
8. The department will not be responsible for any delay in online submission due to any reason what so ever. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by the bidder. Bidder are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
9. All required information for bid must be filled and submitted online.
10. Other details can be seen in the bidding documents.
11. The undersigned reserves the right to extend the date of submission of tenders or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
12. The undersigned reserves the right to distribute the orders to participating SSI units at L-I rates as per Industrial Policy of the State if will be applicable.
    1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
    2. For any clarification please contact : **0651-2490550 / 2490116 /9431135609 /9534218638**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**GM-cum-CE**
**Electric Supply Area, Ranchi**

PR 289833 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (22-23)_D

## यूनिसॉक टी606 ऑक्टा कोर प्रोसेसर के साथ मोटोरोला का मोटो ई13 बाजार में आया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनिसॉक टी606 ऑक्टा कोर प्रोसेसर और 64जीबी का स्टोरेज के साथ मोटोरोला ने ई सीरीज फ्रैंचाइजी में अपने लेटेस्ट नवीनतम स्मार्टफोन मोटो ई13 को बाज़ार में उतारा है। यह अपने आप में एक ऑल-इन-वन स्मार्टफोन है, जो कि 4जीबी रैम के साथ इस सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें 5000एमएएच की बैटरी है जो इसे 36 घंटे से अधिक तक चला सकती है। यह स्मार्टफोन दो वैरिएंट में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत (2जीबी +64जीबी) वैरिएंट के लिए 6,999 रुपये तथा 4जीबी प्लस 64जीबी वेरिएंट के लिए 7,999 रुपये से शुरू होती है। स्लीक, स्टाइलिश एवं प्रीमियम डिज़ाइन आपके ऑन-द-गो स्टाइल क्रेविंग को ध्यान में रखते हुए खूबसूरती के साथ बनाया गया है। मोटो ई13 आपको डॉल्बी एटमॉस ऑडियो के साथ एक मल्टी डायमेंशनल ऑडियो-विज़ुअल एक्सपीरियंस भी प्रदान करता है।



## गम्हरिया स्टेशन के निकट ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेलमंडल के गम्हरिया स्टेशन के समीप रेलवे यार्ड के भीतर से रेल पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान गम्हरिया निवासी फटिक कर्मकार (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए उसे एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। बताया गया है कि आरपीएफ को सूचना मिली की रेलवे यार्ड पर ट्रेन के नीचे आने से किसी व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बाद इसकी जानकारी रेल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर रेल पुलिस पहुंची और आस-पड़ोस के लोगों से शव की पहचान कराई। इस दौरान लोगों ने बताया कि फटिक कर्मकार का गम्हरिया रेलवे लाइन के किनारे ही आवास है। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी पहचान की। उक्त घटना के बावत रेल पुलिस ने एक अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

## 9.65 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक ने किया शिलान्यास



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गौरांग कोचा में शुक्रवार को विधायक सविता महतो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसका निर्माण करीब 9 करोड़ 65 लाख की प्राक्कलित राशि से निर्माण किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आनलाइन शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 12 नवंबर 2022 को किया गया था। ईचागढ़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक विकास भवन पातकुम में चलाया जा रहा है,अब भवन बनने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के चिकित्सा, उपकरण आदि के लिए सुविधा होगी। विधायक सविता महतो ने कहा, एक वर्ष के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश संवेदक को दिया गया है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, बीडीओ कीकू महतो,सीओ भोलाशंकर महतो, झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री सुरेश पासवान दिवंगत योगेंद्र प्रसाद यादव के परिजनों से मिले, दी श्रद्धांजलि



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह देवघर के पूर्व विधायक सुरेश पासवान, राजद प्रधान महासचिव फिरोज अंसारी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने शुक्रवार को राजद की प्रमंडलीय बैठक के उपरांत 111 सेव लाइफ हॉस्पिटल के संस्थापक इंजीनियर दिवंगत योगेंद्र प्रसाद यादव के परिजनों से मिलने आदित्यपुर स्थित उनके आवास पहुंचे और उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. उन्होंने उनके दोनों पुत्र सत्य प्रकाश सुधांशू, डॉ ओपी आनंद एवं पुत्रवधू श्रीमती सरिता आनंद से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया. मौके पर पुरेन्द्र नारायण सिंह, जदयू नेत्री शारदा देवी, राजेश यादव, जगदीश नारायण चौबे, कमल देव सिंह, योगेंद्र यादव, विनोद यादव, अधिवक्ता संजय कुमार, आरके अनिल, देव प्रकाश, मुकेश झा, संतोष यादव, बैजू यादव, श्रीनिवास यादव, संजय सिंह, डीएन यादव समेत आसपास के गणमान्य लोग मौजूद रहे.

## श्याम भटली परिवार टाटानगर के भक्त खाटू धाम में चढ़ायेंगें निशान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री श्याम भटली परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट टाटानगर से जुड़े श्याम भक्त राजस्थान के खाटू धाम में 22 फरवरी बुधवार को निशान चढ़ायेंगें।जमशेदपुर के 51 श्याम भक्त 21 फरवरी को रांची से हवाई मार्ग होते हुए राजस्थान जयपुर के लिए रवाना होंगें। बुधवार को राजस्थान के रींगस से निशान पदयात्रा खाटू धाम के लिए रवाना होगी। 23 फरवरी को सलासार बालाजी का दर्शन और पूजा करेगें। तत्पश्चात रात्रि विश्राम झुंझनू में श्रीराणी सती दादी जी के दरबार में होगा। इसी प्रकार 24 फरवरी को महासार माता, जीण माता, शकांभरी माता, मेंहदीपूर बालाजी तथा 25 फरवरी को मथुरा वृंदावन, बांके विहारी, राधा-रानी, कृष्ण जन्मभूमि का दर्शन और पूजा करेगें। इसे सफल बनाने के लिए साकची स्थित एक होटल में श्याम भटली परिवार की एक बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि हवाई मार्ग से ही 27 फरवरी को सभी भक्त रांची पहुॅचेगें। बैठक में प्रमुख रूप से गगन रूस्तोगी, धनजंय सिंह, ललित डांगा, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मुरारी अग्रवाल, पंकज छावछरिया, मनोज पलसानिया आदि मौजूद थे।

### डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक

# बैंक फ्रॉड के बारे लोगों को जागरूक करे बैंक : विमला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष मे उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक हुई। बैठक में डीडीएम नाबार्ड सिद्धार्थ शंकर, एजीएम आरबीआई विमला भगत, बैंक प्रबंधक वीरेन कुमार शीट, बीपीएल जेएसएलपीएस शैलेंद्र जारीका, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजय कुमार एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में क्रेडिट-डेबिट अनुपात, कृषि क्षेत्र में उपलब्धि, एमएसएमई, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमजीईपी), मुद्रा ऋण, स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। केसीसी के आवेदनों की समीक्षा में उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि केसीसी आवेदनों पर बैंक प्रबंधक सहानुभूति पूर्वक विचार करें। डीडीएम, नाबार्ड सिद्धार्थ शंकर ने ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप और उसे दिये जाने वाले ऋण, किसानों की आय में वृद्धि हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाएं जैसे एग्रीकल्चर इंफास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने, प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने इत्यादि की प्रक्रियायों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। बैठक के अंत में आरबीआई एजीएम विमला भगत ने सीडी रेसीओ समेत विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य हेतु जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं सभी शाखा प्रबंधक को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी बैंक प्रबंधक आरबीआई के निर्देशानुसार प्राप्त लेटर के उपरांत विभिन्न क्षेत्र में कैंप लगाकर बैंक से संबंधित सेवाएं एवं बैंक फॉड (जैसे फ्रॉड कॉल मैसेज इत्यादि) से लोगों को अवगत कराएं।




## टाटा स्टील लगातार छठे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क के सूची में शामिल

**टाटा स्टील को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा लगातार छठे वर्ष 2023 के लिए मैन्युफैक्चरिंग में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता दी गयी है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा लगातार छठे वर्ष 2023 के लिए मैन्युफैक्चरिंग में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता दी गयी है। यह पुरस्कार उच्च भरोसे, ईमानदारी, पेशेवर विकास और अपने कार्यबल के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी द्वारा जारी प्रयासों को मान्यता देता है। इससे पहले, कंपनी को एक समावेशी और सस्टेनेबल संगठन बनाने की दिशा में अपने प्रयासों के लिए लगातार छठी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क मान्यता प्राप्त हुई थी। अत्रेई सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील ने कहा, टाटा स्टील में, मानव पूंजी का लाभ उठाना एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनिवार्यता है और हमेशा लोगों को प्राथमिकता देने का सिद्धांत कंपनी की नीतियों का मार्गदर्शन करता है। हमारा निरंतर प्रयास एक ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है जो सुरक्षा, स्वास्थ्य, विविधता, दक्षता में वृद्धि और हमारे कर्मचारियों के समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। कठोर मूल्यांकन पद्धति के आधार पर, मैन्युफैक्चरिंग 2023 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शीर्ष 50 संगठनों को मान्यता दी गई है। उल्लेखनीय है कि, ग्रेट प्लेस टू वर्क, कार्यस्थल संस्कृति पर एक प्रमुख वैश्विक प्राधिकरण, तीन दशकों से अधिक समय से कर्मचारियों के अनुभव और उद्योगों में पीपल मैनेजमेंट रणनीतियों पर शोध कर रहा है। 60 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक व्यवसाय अपनी कार्यस्थल संस्कृतियों को बेहतर बनाने के लिए मूल्यांकन, बेंचमार्किंग और कार्य योजना पर प्रत्येक वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट के साथ सहयोग करते हैं।

## मैन आफ द मैच रंधीर के ऑलराउंड प्रदर्शन से डिमना पहुंचा फाइनल में

### दूसरा सेमीफाइनल जांबाज जुबिली बनाम खरकई नाइटराइडर्स के बीच आज

**मीडिया कप क्रिकेट**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मैन आफ द मैच रंधीर के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत डेयरिंग डिमना ने डेसिंग दलमा को सात विकेट से हराकर मीडिया कप के फाइनल में स्थान बना लिया है। गोपाल मैदान में शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेसिंग दलमा ने 15 ओवर में सात विकेट पर 105 रनों का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज सप्तदर्शी ने 42 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का की मदद से 62 रनों की नाबाद पारी खेली। प्रेसनजीत ने 14 रन बनाए। डेयरिंग डिमना की ओर से कप्तान संजय पांडेय ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए। रंधीर और अभिजीत ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी डेयरिंग दलमा की टीम ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच जीतकर फाइनल में स्थान बना लिया। रंधीर ने 40 गेंदों पर तीन चौके की मदद से नाबाद 44 रन बनाए। आशुतोष ने 13 रन, अभिजीत ने 19 रन, पंकज ने 13 रन बनाए। दूसरा सेमीफाइनल शनिवार को जांबाज जुबिली बनाम खरकई नाइटराइडर्स एक बजे से (गोपाल मैदान)। महिलाओ का प्रदर्शनी मैच प्रातः 9.30 बजे से गोपाल मैदान पर।



## घाटशिला के केंदोपुसी में सबरों ने मनाई तेलांग खड़िया की जयंती

### हमें भी स्वाधीनता संग्रामी तेलांग खड़िया के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है : मदन मोहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**घाटशिला :** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत काड़ाडुबा पंचायत के केंदोपुसी गांव में स्वाधीनता संग्रामी सह आदिम जनजाति समुदाय के सदस्य रहे तेलांग खड़िया की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम पुजारी लुदु सबर के द्वारा केंदोपुसी फुटबॉल मैदान में स्थापित तेलांग खड़िया के स्मारक में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा पाठ किया गया। उसके बाद अतिथि एवं ग्रामीणों के द्वारा तेलांग खड़िया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित झारखंड नवनिर्माण अभियान के संरक्षक मदन मोहन सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े ही गौरव की बात है कि आदिम जनजाति समाज से संबद्ध होने के बावजूद तेलांग खड़िया ने समाज में एक इतिहास रचा है। हमें भी उनके पदचिह्न पर चलकर समाज को आगे ले जाने के लिए तत्पर होना होगा जिससे देश और समाज की उन्नति हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मलय सरकार, रोहित सिंह, सोमनाथ बेहरा, दामु प्रमाणिक, आदि शामिल थे।



## गम्हरिया यातायात थाना प्रभारी बने राजेश सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कांड्रा :** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया यातायात थाना प्रभारी सुषमा कुमारी को लाइन क्लोज कर दिया गया है. उनकी जगह राजेश सिंह को गम्हरिया यातायात थाना का नया प्रभारी बनाया गया है. राजेश सिंह पूर्व में पूर्वी सिंहभूम जिले के मानगो यातायात थाना में योगदान दे चुके है. उसके पहले वे साकची और बागबेड़ा थाना प्रभारी भी रह चुके है. वहीं सुष्मा कुमारी आदित्यपुर थाना प्रभारी रह चुकी है.

## कृषि उत्पादन व पशुधन विपणन विधेयक के समर्थन में पटमदा में किसानों ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** कृषि उत्पादन बाजार समिति परसुडीह के पूर्व कृषक सदस्य बुद्धेश्वर महतो के आह्वान पर शुक्रवार को पटमदा के बेलटांड़ स्थित बाबा तिलका पार्क में पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के प्रगतिशील किसानों की एक बैठक संपन्न हुई। इस दौरान किसानों के हित में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पारित कृषि उत्पादन एवं पशुधन विपणन विधेयक-2022 को महामहिम राज्यपाल द्वारा स्वीकृति देने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया गया। मौके पर बुद्धेश्वर महतो ने कहा कि शहर के व्यापारियों द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक को सरकार से वापस लेने के लिए आंदोलन करते हुए दुकानों को बंद करने की धमकी दी जा रही है जो गलत है। महतो ने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों खासकर सब्जी उत्पादकों के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म है। ग्रामीण क्षेत्र में हाट बाजार स्टॉक करने की व्यवस्था है एवं ई-ट्रेडिंग के माध्यम से ऊंचे दामों पर खेत से ही सब्जियों को बेचने का प्रावधान है। बाजार समिति घर बैठे किसानों को सब्जियों की वाजिब कीमत दिलाने की भी व्यवस्था है।



## चांडिल में फाल्गुन महोत्सव 3-4 मार्च को, समितियों का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे 3-4 मार्च को होने वाले दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव की तैयारी को लेकर श्याम मन्दिर परिसर में श्रवण जालान की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। फाल्गुन महोत्सव की सफलतापूर्वक संचालन हेतु समितियों का गठन किया गया। जिसमे रघुनाथपुर मे निशान पूजन का प्रभारी प्रभुदयाल बगड़िया को बनाया गया। निशान यात्रा प्रभारी दुर्गा चैधरी, राजीव साव, भोला जायसवाल, गणेश वर्मा को नियुक्त किया गया। साथ ही निशान कूपन हेतू पवन जालान, चंदन रूंगटा, आलोक चैधरी, हरीश सुल्तानिया, अरुण रूंगटा, को प्रभारी बनाया गया हैं। अलोक बगडिया, एवं मोन्टी चैधरी को भंडारा प्रभारी बनाया गया हैं। कलाभवन अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि एकादशी के दिन दोपहर 2 बजे से रघुनाथपुर से निशान यात्रा प्रारम्भ हो कर चांडिल श्याम मन्दिर पहुंचकर बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। फाल्गुन महोत्सव के उप्लक्ष्य पर श्याम मन्दिर में रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा।

## बिजली की समस्या को लेकर अंसार खान ने सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में बस्ती से एक प्रतिनिधिमंडल ने 9 सूत्री मांगों को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता विशाल कुमार से मिलने के लिए मानगो ऑफिस पहुंचे। उनके अनुपस्थिति पर ज्ञापन को कार्यालय में सौंपा गया। श्री अंसार से कहा कि फोन पर उनसे बात हुई है। उन्होंने अस्वस्त किया है क्षेत्र की मांगों का जल्द समाधान किया जाएगा। ज्ञापन के अनुसार जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर 14 में अधिक लोड होने के कारण बार-बार जंपर उड़ जा रहा है, वहां पर 200 केवी का ट्रांसफर और लगाया जाए। जवाहर नगर नंबर 10 मस्जिदे अनवार के पास 200 केवी का ट्रांसफार्मर, ओल्ड पुलिया रोड क्रॉस रोड नंबर 1 वेस्ट खालिद सैफुल्लाह मस्जिद के क्षेत्र में झुके हुए पोल को हटाकर उसकी जगह दूसरा बिजली पोल लगाया जाए और वहां पर तीन बिजली पोल रोड पर आ रहे हैं उन्हें वहां से हटाकर साइड में लगाया जाए। इकरा कॉलोनी मस्जिद लाइन गली के पोल को हटाकर दूसरी जगह पर लगाया जाए। आज ज्ञापन सौंपने में मोहम्मद आदिल खान, मोहम्मद नूर आलम, जियाउल कमर, शेख अब्दुल रऊफ, मोहम्मद शमसी, आकिब खान, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अजीम, अली इमाम, अलाउद्दीन आदि मौजूद थे।



## मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मित्तल टीम के साथ मंत्री से शिष्टाचार भेंट की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मित्तल टीम के साथ मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की एवं उन्हें गुलदस्ता,शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया।। श्री बन्ना गुप्ता ने मुकेश मित्तल और उनकी टीम को विजय की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सम्मेलन समाजहित में कार्य करेंगे। मुकेश मित्तल ने मंत्री को अपनी भावी कार्य योजना से भी अवगत कराते हुए बताया कि राजस्थान विद्या मंदिर किसी समय में मारवाड़ी समाज की धरोहर थी। परंतु किसी कारणवश यह राज्य सरकार के अधीन चली गई। मंत्री इस दिशा में भी पहल कर समाज की धरोहर को समाज को देने की कृपा करें। मारवाड़ी समाज का अपना कोई भवन जमशेदपुर में नहीं है। टीम में सुभाष शाह, सीए विवेक चौधरी, शंकर मित्तल (जुगसलाई), विमल अग्रवाल, सीए सिद्धार्थ खण्डेलवाल, सीए विनीत मित्तल, मोहित शाह, बबलू अग्रवाल, गौरव जवानपुरिया, आशीष खन्ना, सीए अंकित अग्रवाल, रतन सहरिया, कमल सिंघल एवं तुषार जिंदल शामिल थे।



## गोल्डन चैलेंजर्स ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के बांदु क्रिकेट मैदान में आयोजित गोल्डन चैलेंजर्स ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज मुख्य अतिथि नीमडीह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व समाजसेवी खगेन महतो ने बल्लेबाजी कर किया। मौके पर खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन करने से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के महेंद्र सिंह धौनी, दीपिका कुमारी आदि खिलाड़ी विश्व स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है और इस प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। महतो ने कहा कि खेलकुद बच्चों व युवाओं के कैरियर और चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। 12 फरवरी को प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला होगा। जिसमें मुख्य अतिथि लाकड़ी पंचायत के मुखिया सरली देवी व विशिष्ठ अतिथि पंचायत समिति सदस्य अर्चना महतो उपस्थित होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 40 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार व चतुर्थ पुरस्कार 20 हजार रुपए दिया जायेगा। इस अवसर पर गोल्डन चैलेंजर्स ट्रॉफी क्लब के अध्यक्ष पूर्व मुखिया शिवराम मुदी, उपाध्यक्ष अखिल महतो व नारायण गोप, सचिव राजाराम महतो व संदीप महतो, कोषाध्यक्ष भगत राम हाजाम व सागर गोप, ग्राम प्रधान श्यामल पांडे, मुखिया प्रतिनिधी रंजित माझी, अनिल महतो, दीपक देव महतो, बिहारी प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।



## दो एकड़ भूमि पर लगाए गए अफीम खेती को कांड्रा पुलिस ने किया नष्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया प्रखण्ड के हुदू पंचायत अंतर्गत ऊपरटोला में करीब दो एकड़ भूमि पर लगाए गए अफीम की खेती को शुक्रवार को कांड्रा पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। कांड्रा थाना प्रभारी राजेन्द्र महतो ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की हुदू गांव के उपरटोला में बड़ा तालाब के किनारे करीब दो एकड़ वन विभाग तथा रैयती जमीन पर 7-8 जगहों पर अफीम की खेती की जा रही है। तत्पश्चात, शुक्रवार को कांड्रा पुलिस प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी गम्हरिया के अंचल निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के साथ उक्त गांव में पहुंची और खेतों में लगाए गए अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस दौरान वहां काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। कांड्रा पुलिस ने दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारम्भ कर दिया है।



## संपादकीय

# विपक्ष को दिखाया आईना

"आगा -पीछा देख कर, क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सिन्ध" – काका हाथरसी की ये पंक्तियाँ लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पढ़ी। भारत जोड़ो यात्रा, अडानी को माध्यम बनाकर उनकी सरकार पर लगाए जा रहे आरोप और देशभर में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच लोकसभा में प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे इसका इंतज़ार पूरा देश कर रहा था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सभी पहलुओं को छूते हुए सभी आरोपों के जवाब दिये और विपक्ष को आईना दिखाया। कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने जिस तरह लोकसभा में फोटो लहराते हुए सरकार के ऊपर आरोप लगाये थे, उस पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे बहुत दिनों से इंतजार रहे थे कि कोई मेहनत और विश्लेषण करेगा। लेकिन विपक्ष के नेताओं ने आलोचना का मौका आरोपों से गंवा गया। हर जगह आरोप, गालीगलौज। चुनाव हार जाओ- ईवीएम खराब, चुनाव आयोग को गाली, कोर्ट में फैसला नहीं आया तो सुप्रीम कोर्ट को गाली दे दो"। बीते दिन राहुल गांधी के भाषण के बाद से सब और यही कहा जा रहा था कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय महत्व के मंच संसद को भी राजनीतिक आरोप लगाने का स्थान बना दिया। राहुल गांधी ने अडानी के बहाने जितने आरोप लगाए, उनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं था। इसलिए प्रधानमंत्री का यह कहना उचित ही है कि विपक्ष ने गंभीर आलोचना का अवसर चलताऊ आरोप लगाने में गंवा दिया। वहीं बात करें प्रधानमंत्री मोदी की, तो वे कोई अवसर छोड़ते नहीं। अपने भाषण में उन्होंने यही किया कि कांग्रेस के तर्कहीन और तथ्यहीन आरोपों का जवाब भी दिया और उल्टे विपक्ष को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। विपक्षी नेताओं को यह बात समझनी होगी कि उनके नेताओं की अपरिपक्वता के कारण विपक्ष का ही नुकसान हो रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी एकता को भी कठघरे में खड़ा किया। उनकी यह बात बहुत गंभीर है कि जिस विपक्ष को चुनाव और नतीजे एक मंच पर नहीं ला पाए, उन्हें प्रवतन निदेशालय एक मंच पर ले आया। प्रधानमंत्री का इशारा घोटालों की जांच की तरफ था। राहुल गांधी अपने आरोपों को लेकर गंभीर नहीं है, यही कारण था कि प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान वे संसद में नहीं थे। जनता इस रवैए को भी देखती है। इसका संदेश यही जाता है कि राहुल गांधी परिपक्व नेता नहीं हैं, वे आरोप लगाते हैं और भाग जाते हैं। न तो अपने आरोपों का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं और न ही आरोपों के उत्तर सुनने में उनकी दिलचस्पी है। विपक्षी नेताओं का यह व्यवहार उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनता जा रहा है। संसद के इस सत्र में विपक्ष ने अडानी ग्रुप पर आये हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर खूब बवाल मचाया। देश के सता पक्ष और विपक्ष को ये समझना चाहिए की देश के किसी उद्योगपति को इस तरह राजनीति में खींचना सही नहीं है। आज के समय में अडानी समूह 23,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है, देश के लिए सामरिक महत्व रखता है। अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश के उद्योपतियों को लक्षित करने से देश की साख पर भी प्रभाव पड़ता है और आर्थिक क्षेत्र में एक नकारात्मक वातावरण बनता है। अडानी समूह अगर किसी गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त है तो उसकी जांच करने के लिए जांच एजेंसीयां सक्षम हैं और उनके ऊपर विश्वास करना चाहिए। बहरहाल, सदैव ही समाज को रचनात्मक संदेश देनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण में भी यह किया। प्रधानमन्त्री मोदी ने प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करके बनाई गई जैकेट पहनी थी। उल्लेखनीय है कि भारत की सरकार प्रदूषण कम करने की दिशा में अनेक कदम उठा रही है।

भारत जोड़ो यात्रा, अडानी को माध्यम बनाकर उनकी सरकार पर लगाए जा रहे आरोप और देशभर में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बीच लोकसभा में प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे इसका इंतज़ार पूरा देश कर रहा था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सभी पहलुओं को छूते हुए सभी आरोपों के जवाब दिये और विपक्ष को आईना दिखाया। कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने जिस तरह लोकसभा में फोटो लहराते हुए सरकार के ऊपर आरोप लगाये थे, उस पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे बहुत दिनों से इंतजार रहे थे कि कोई मेहनत और विश्लेषण करेगा। लेकिन विपक्ष के नेताओं ने आलोचना का मौका आरोपों से गंवा गया। हर जगह आरोप, गालीगलौज। चुनाव हार जाओ- ईवीएम खराब, चुनाव आयोग को गाली, कोर्ट में फैसला नहीं आया तो सुप्रीम कोर्ट को गाली दे दो"। बीते दिन राहुल गांधी के भाषण के बाद से सब और यही कहा जा रहा था कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय महत्व के मंच संसद को भी राजनीतिक आरोप लगाने का स्थान बना दिया।

## अमृत कलश

# अनित्यता का बोध

ऐश्वर्य सत्ता, प्रभुत्वा, रूप और स्वास्थ्य कभी किसी के भी जीवन में स्थिर नहीं रहते। समय के साथ सभी का क्षीण होना तय है। यहां जो भी है सब अनित्य है और प्रत्येक वस्तु कुछ और होने की प्रक्रिया में है। नश्वरता का यह बोध हमें अपने जीवन में भी दिखाई देता है। हम सब परिवर्तन के दौर में हैं। जो हम आज से कुछ साल पहले थे वह आज नहीं है, हमारे विचार भी समय के साथ बदलते रहते हैं। यह बदलाव प्रकृति में भी प्रत्यक्ष दिखता है। कली का फूल बनना और फिर फूल का मुरझाना सब कुछ जीवन के सत्य की ही तरह हैं। इसी कारण हमें जीवन में प्राप्त उपलब्धियों का उत्सव अवश्य मनाना चाहिए, लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि जो कुछ मिला है वह सदा नहीं रहेगा। समय का पहिया हर समय घूमता ही रहता हैं। पद, पैसा और प्रतिष्ठा यदि एक साथ मिल भी जाये तो उनके ऊपर अधिक नहीं इतराना चाहिए, क्यूंकि जब यह सब खो जायेंगे तब बहुत आकुलता होगी और उस समय मन दुखी ही होगा। रूप, बल, स्वास्थ्य और युवावस्था का गर्व भी कालचक्र के साथ बीतता जाता है। सब कालातीत हो जायेंगे और अनचाहे अतिथियों की तरह बीमारियों के साथ वृद्धावस्था आएगी ही। जीवन का मूलमंत्र ही है सदैव साम्यता रखना और किसी भी परिस्तिथि में विचलित न होना। ध्यान रहे कि किसी के साथ ज्यादा आसक्ति न हो जाए। जैसे छोटे बच्चे बड़ी मेहनत एवं लगन के साथ खेल- खेल में ताश का घर बनाते हैं और एक हलकी सी छुअन या हवा का झोंका उस बने- बनाये महल को एक पल में गिरा जाता है, वैसे ही इस जीवन महल को भी एक न एक दिन धराशायी होना ही होता है। यह अनित्यता का बोध बार-बार दोहराने से हमारी सुप्त चेतना जाग सकती है। जो जागृत होकर जीते है उनके जीवन में न कोई तनाव रहता है न ही उन्हें कोई अभाव खलता है। यही समझ एक सुखद एवं सार्थक जीवन का आधार है।

## बोध कथा

# गेहूं के दाने

एक समय की बात है जब श्रावस्ती नगर के एक छोटे से गांव में अमरसेन नामक व्यक्ति रहते थे। अमरसेन बड़े होशियार थे, उसके चार पुत्र थे, जिनके विवाह हो चुके थे और सब अपना जीवन जैसे-तैसे निर्वाह कर रहे थे। परन्तु समय के साथ-साथ अब अमरसेन वृद्ध हो चले थे। पत्नी के स्वर्गवास के बाद उन्होंने सोचा कि अब तक के संग्रहित धन और बची हुई संपत्ति का उत्तराधिकारी किसे बनाया जाये? ये निर्णय लेने के लिये उसने चारों बेटों को उनकी पत्नियों के साथ बुलाया और एक-एक करके गेहूं के पांच दाने दिये और कहा कि मैं तीर्थ पर जा रहा हूं और चार साल बाद लौटूंगा और जो भी इन दानों की सही हिफाजत करके मुझे लौटाएगा उसे तिजोरी की चाबियां और मेरी सारी संपत्ति उसे ही मिलेगी। इतना कहकर अमरसेन वहां से चले गये। पहले बहू-बेटे ने सोचा बुड्ढा सठिया गया है। चार साल तक कौन याद रखता है हम तो बड़े हैं तो धन पर पहला हक़ हमारा ही है। ऐसा सोचकर उन्होंने गेहूं के दानें फेंक दिये। दूसरे ने सोचा की संभालना तो मुश्किल है यदि हम इन्हे खा लें तो शायद उनको अच्छा लगे और लौटने के बाद हमें आशीर्वाद दे दें और कहें कि तुम्हारा मंगल इसी में छुपा था और सारी संपत्ति हमारी हो जायेंगी। यह सोचकर उन्होंने वो पांच दानें खा लिये। तीसरे ने सोचा हम रोज पूजा पाठ तो करते ही हैं और अपने मंदिर में जैसे ठाकुरजी को संभालते हैं, वैसे ही ये गेहूं भी संभाल लेंगे और उनके आने के बाद लौटा देंगे।

## तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे

# भूकंप से दहले तुर्की और सीरिया

प्रमोद भार्गव

भूकंप आने का सिलसिला 6 फरवरी 2023 को सुबह सवा चार बजे से श्याम चार बजे तक चलता रहा। पहला भूकंप 7.8 तीव्रता का, दूसरा दोपहर 12 बजे 7.5 तीव्रता का और तीसरा चार बजे 6 की तीव्रता से आया। भूकंप का केंद्र तुर्की का शहर गाजियानटेप था, जो सीरिया से 90 किमी की दूरी पर है। तुर्की में 6034 और सीरिया में 2002 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके झटके लेबनान और इजरायल में भी अनुभव किए गए। तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे। यहां का एक मात्र हवाई अड्डा तबाह हो गया है। इसका राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मालट्या की 1663 में बनी ऐतिहासिक येनी मस्जिद मलबे में समा गई है। 1939 के बाद तुर्की में इतनी तीव्रता का भूकंप 84 साल बाद आया है। इसमें 30,000 मौतें हुई थीं।

तुर्की और सीरिया में सोमवार को आए तीन शक्तिशाली भूकंपों ने ढाई हजार से ज्यादा लोगों को धरती के गर्भ में मौत की नींद सुला दिया। अभी भी आठ हजार से ज्यादा लोग भूकंप के झटकों से तबाह हुए घरों के मलबों में कराह रहे हैं। भूकंप आने का सिलसिला 6 फरवरी 2023 को सुबह सवा चार बजे से श्याम चार बजे तक चलता रहा। पहला भूकंप 7.8 तीव्रता का, दूसरा दोपहर 12 बजे 7.5 तीव्रता का और तीसरा चार बजे 6 की तीव्रता से आया। भूकंप का केंद्र तुर्की का शहर गाजियानटेप था, जो सीरिया से 90 किमी की दूरी पर है। तुर्की में 6034 और सीरिया में 2002 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके झटके लेबनान और इजरायल में भी अनुभव किए गए। तुर्की में जब भूकंप का बड़ा झटका लगा था, तब लोग गहरी नींद में थे। यहां का एक मात्र हवाई अड्डा तबाह हो गया है। इसका राहत सामग्री पहुंचाने के लिए भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मालट्या की 1663 में बनी ऐतिहासिक येनी मस्जिद मलबे में समा गई है। 1939 के बाद तुर्की में इतनी तीव्रता का भूकंप 84 साल बाद आया है। इसमें 30,000 मौतें हुई थीं। भारत के विरोध में तुर्की राम-मंदिर के निर्माण को लेकर अनर्गल प्रलाप करता रहा है। बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्राकृतिक आपदा के संकट से उबरने के लिए शीघ्र राहत सामग्री, एनडीआरएफ और चिकित्सा दल भेजने का ऐलान कर दिया है। आर्थिक संकट से जूझ रहे तुर्की में मृतकों की संख्या 10,000 तक जा सकती है। अमेरिका ने इस भूकंप से होने वाले नुकसान का अनुमान 8287 करोड़ रुपए लगाया है। हालांकि भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। क्योंकि प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले देशों अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा



रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों नाकाम हैं? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका ने तो अंतरिक्ष में ऐसा उपग्रह भी तैनात कर दिया है, जो संभावित भूकंप आने की चेतावनी देने के लिए ही क्रियाशील है। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरण विदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले 13 सालों में एक बार भूकंप आने की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। अमेरिका में 1973 से 2008 के बीच प्रति वर्ष औसतन 21 भूकंप आए, वहीं 2009 से 2013 के बीच यह संख्या बढ़कर 99 प्रति वर्ष हो गई। यहीं नहीं आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगे जितनी कम गहराई से उठेगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का तांडव रचा था। दरअसल सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है।

# मुगल गार्डन से अमृत उद्यान

वास्तव में हम न पथ से भटके हैं, न हमने पथ बदला है, न मंजिल का पता बदला है, बस नाम ही तो बदला है। हम वहीं पहुंचे हैं, बस मुगल गार्डन को अमृत उद्यान कहना है। वहां के बाग-बगीचे, फूल, भौंरे-तितलियां व फव्वारे वैसे ही होंगे, बस नाम बदल दिया गया है। जब कुछ नहीं बदला है, तो फिर नाम क्यों बदला है? दलील यह है कि आजादी के अमृत महोत्सव की धूम के बीच अब हमें गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर आज़ादी के अमृत का रसपान करना है। विलियम शेक्सपीयर ने कहा है- नाम में क्या रखा है। सोच कर ही कहा होगा। बनारस को वाराणसी कह दिया, तो क्या बदल गया। साड़ियों में साड़ी तो बनारसी साड़ी ही है। खरीदते समय महिलाएं दुकानदार से बनारसी साड़ी ही मांगती हैं, न कि वाराणसी की साड़ी। परंतु शेक्सपीयर ने जो कहा, उसे ही सही मान लिया जाए, यह भी सही नहीं। उन्हें एहसास नहीं था कि नाम के नाम पर घमासान भी मच सकता है। उन्हें अगर यह एहसास होता, तो ज़रूर कहते कि नाम में बहुत कुछ रखा है। मां-बाप बच्चे का नाम रखने के लिए पंडित जी से सही मुहूर्त पूछ कर नामकरण समारोह मनाते हैं।

हम औरंगज़ेब रोड से डा. एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग पर आए, सेवन रेस कोर्स बदल कर लोक कल्याण मार्ग पर आ गए और अब राजपथ छोड़ कर कत्तव्य पथ होते हुए अमृत उद्यान पहुंचे हैं। परेशान मत होइएगा। वास्तव में हम न पथ से भटके हैं, न हमने पथ बदला है, न मंजिल का पता बदला है, बस नाम ही तो बदला है। हम वहीं पहुंचे हैं, बस मुगल गार्डन को अमृत उद्यान कहना है। वहां के बाग-बगीचे, फूल, भौंरे-तितलियां व फव्वारे वैसे ही होंगे, बस नाम बदल दिया गया है। जब कुछ नहीं बदला है, तो फिर नाम क्यों बदला है? दलील यह है कि आजादी के अमृत महोत्सव की धूम के बीच अब हमें गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर आज़ादी के अमृत का रसपान करना है। विलियम शेक्सपीयर ने कहा है- नाम में क्या रखा है। सोच कर ही कहा होगा। बनारस को वाराणसी कह दिया, तो क्या बदल गया। साडियों में साड़ी तो बनारसी साड़ी ही है। खरीदते समय महिलाएं दुकानदार से बनारसी साड़ी ही मांगती हैं, न कि वाराणसी की साड़ी।




परंतु शेक्सपीयर ने जो कहा, उसे ही सही मान लिया जाए, यह भी सही नहीं। उन्हें एहसास नहीं था कि नाम के नाम पर घमासान भी मच सकता है। उन्हें अगर यह एहसास होता, तो ज़रूर कहते कि नाम में बहुत कुछ रखा है। मां-बाप बच्चे का नाम रखने के लिए पंडित जी से सही मुहूर्त पूछ कर नामकरण समारोह मनाते हैं। पंडित जी द्वारा सुझाए गए नाम ढूंढने के लिए किताबें छान मारते हैं, गुगल की सैर भी कर आते हैं। पर क्या आज तक किसी मां-बाप को अपनी संतान का नाम द से दुर्योधन, र से रावण, क से कंस, श से शूर्पणखा रखते सुना है? काम चाहे कितना ही बदनाम करने वाला हो, पर नाम तगड़ा होना चाहिए क्योंकि बद अच्छा, बदनाम बुरा। गुणी राम में कितने ही अवगुण हो, लायक राम कितना ही नालायक हो, खुशी राम चाहे कितना ही दुखी हो, बुद्धि राम कितना ही मूर्ख हो, नयन सुख भले ही अंधा हो, पर नाम तो बढिया है न। यदि नरेंद्र के साथ मोदी न लगे और राहुल के साथ गांधी न लगे, तो हर कोई पूछेगा कौन राहुल और कौन नरेंद्र। तो फिर नाम में हुआ न बहुत कुछ। परंतु यहां व्यक्तिगत नाम बदलने का मुद्दा नहीं, बल्कि जगहों के नाम बदलने की बात हो रही है। तो सवाल यह है कि कलकता को कोलकाता, बंगलौर को बंगलुरु, मद्रास को चिन्नई, बंबई को मुंबई, गुडग़ांव को गुरुग्राम, पांडीचेरी को पुदुचेरी करके इन शहरों की कौनसी बिगड़ी हुई बात बनी। लेकिन बदलने वालों का दावा है कि यही तो असली नाम हैं जिन्हें बिगाड़ा गया था। सत्य है कि यदि किसी के असली नाम को बिगाड़ कर कुछ और कर दिया जाए तो टीस का बने रहना स्वाभाविक है। अब अगर कुलवीर सिंह बहादुर को कालू बना दिया जाए तो कुलवीर को कुत्ते वाली फीलिंग आ सकती है। चाचा को चाचू कहो या अंकल, रिश्ता तो नहीं बदल जाता। मगर यदि चाचा को चाची या मामा कह दो तो मामला गड़बड़ हो जाएगा। अतः नाम अदला-बदली का मामला इतना सीधा नहीं, बल्कि टेढ़ा और नाज़ुक है। जगह का नाम बदलना है, तो दलील भी होगी और होनी भी चाहिए। दलील यह है कि जिन जगहों की सांस्कृतिक पहचान व गौरवमयी इतिहास को ब्रिटिश या मुगलिया आक्रमणकारियों ने रौंदा है, उन जगहों का नाम तो बदल ही देना चाहिए। इसीलिए इलाहाबाद को प्रयागराज कर दिया गया और फैजाबाद को अयोध्या। कहते हैं इससे एक तो खोई हुई संस्कृति की पुनरुस्थापना होगी और उधर रामलला भी खुश हो जाएंगे। पर इलाहाबादी अमरूदों का क्या होगा? इनका स्वाद भी क्या बदल कर प्रयागराजी हो जाएगा? क्या शायर अकबर इलाहाबादी अब अकबर प्रयागराजी हो जाएंगे और क्या अब उनकी शायरी का ज़ायका भी प्रयागराजी हो जाएगा? शहर क्या, ज़िले क्या, बदलने वाले तो राज्यों का नाम भी बदलना चाहते हैं। सुना है अहमदाबाद नाम को मिटा कर कर्णावती नाम का नया नगर बसने की संभावना भी है। उस नए नगर से खोई हुई संस्कृति की महक आएगी। खबर है कि पश्चिम बंगाल का नाम बदल कर बांग्ला कर देने का प्रस्ताव भी है और नए-नए नाम से खुशबू-ए-मिट्टी आएगी। हिमाचल प्रदेश में भी नाम बदलने की चर्चा होती रही है। नाम बदलने के पक्ष में दलील है कि लॉर्ड डलहौजी कभी डलहौजी आया ही नहीं और ऊपर से उसने लैप्स जैसी साम्राज्यवादी नीति हम पर लाद दी। ऐसे में डलहौज़ी को बदल कर सुभाष चंद्र बोस के नाम पर सुभाष नगर कर दिया जाना चाहिए। नूरपुर के नाम को भी बदल देना चाहिए क्योंकि इसमें नूरजहां का नूर आ गया है जो मुगलिया हुकूमत की याद दिलाता है। जब शिमला को श्यामला करने की बात आती है तो बात बनती कम और ठनती ज़्यादा दिखती है। होते-वाते बात प्यारी शिमला मिर्च तक पहुंच जाएगी। फिर सब्जी मंडी में बैठा सब्जी बेचने वाले को आवाज देनी होगी- ताज़ी हरी शयामला मिर्च ले लो जी। क्या पता ताज़ा-ताज़ा श्यामला की मिर्च का स्वाद भी कुछ और ही हो जाए। ये तो श्यामला वाले ही जाने। खैर प्रदेश में ये मामले मुल्तवी हो गए। क्यों हुए, ये राज दरबार के राज़दार ही जानें। हमने माना कि नाम, नाम ही नहीं, बल्कि पहचान होती है। नाम की पहचान के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते। लिहाज़ा नाम बदलते समय जनमानस की भावनाओं की कद्र होनी चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि विभिन्न भाषा व संस्कृतियों के ताने-बाने का मेल भी इसी देश की संस्कृति है। नाम ज़रूर बदलिए, मगर तभी यदि सांस्कृतिक गौरव के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि नाम बदलने के अलावा भी ज़माने में करने को बहुत काम है। नाम की अदला-बदली चलती रहेगी, परंतु मैं अपना मज़ा खराब नहीं करूंगा। फिलहाल अमृत उद्यान के फूलों, भौंरों व तितलियों के बीच वही आनंद लूंगा जो मुगल गार्डन में लिया करता था। हां, रह-रह कर मन में यह ख्याल ज़रूर उभरता है- नाम में भी क्या-क्या रखा है, क्या-क्या नहीं रखा है।

## नागरिक बोध

# हरियाणा का विश्वास, कृषि मंत्री जयप्रकाश

लोहारू से विधायक हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल आज की राजनीति में जाना- पहचाना नाम है और खासकर ये हरियाणा की राजनीति में एक विशेष स्थान रखते हैं। समाज हित में किए गए कार्यों के लिए जनता की आवाज बने जयप्रकाश दलाल का जन्म 1956 में भिवानी जिले के गांव घुसकानी में हुआ। 1978 में इन्होंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की और इसके उपरांत 1986 में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के सुपुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ राजनीति में आ गए। 1996 में चौधरी बंसीलाल के साथ उन्होंने हरियाणा विकास पार्टी का गठन करने में अहम भूमिका निभाई। 2004 तक हरियाणा विकास पार्टी के अनेक पदों पर रहकर सामाजिक और राजनीतिक कार्यों को अमलीजामा बनाया। उनका चौधरी बंसीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह के साथ राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा। मगर उनकी असमय मृत्यु के बाद वह अकेले पड़ गए और अकेले ही राजनीति के मैदान में लड़ाई लड़ते हुए आगे बढ़े, 2009 में लोहारू से निर्दलीय चुनाव लड़े। मगर 621 वोटों से हार गए। यहीं से उनका सक्रिय राजनीति में प्रवेश आरंभ होता है। जयप्रकाश दलाल 2009 की हार के बाद राजनीति में पूर्णतया समर्पित हो गए और उन्होंने 2014 में समर्थकों सहित भाजपा का दामन थाम लिया। लेकिन उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 2014 के चुनाव में वह कड़े मुकाबले में फिर से हार गए। इस के बाद 2016 में उन्होंने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का पद संभाला और इस पद पर रहते हुए उन्होंने चौधरी बंसीलाल की तरह 2017 में नहरों के पानी का मुद्दा मुख्यमंत्री जी के सामने रखा और वह हरियाणा के किसानों की आवाज बन गए। 2018 में भाजपा जींद जिला प्रभारी का पद संभाला और किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी बने। इसी दौरान 2019 के चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के टिकट पर लोहारू से चुनाव लड़ा और रिकॉर्ड मतों से जीतकर प्रदेश के कृषि मंत्री बने। भाजपा द्वारा 2022 के आदमपुर उपचुनाव के प्रभारी बनाए गए और अपनी रणनीति से पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के गढ़ आदमपुर में उन्होंने भाजपा का कमल खिला दिया और इस जीत के साथ ही उनका नाम राष्ट्रीय राजनीति में बड़े जोर शोर से गूंजने लगा।

## देश दुनीया से

# धुंध भरे इंतजार का एहसास

कल तक जो आपके घर में दूध में पानी मिला कर बेचते थे, उन्हें अगर आज मिलावट के विरुद्ध और कुपोषण के खिलाफ जंग छेड़ते देखते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आपके इलाके में जल संकट गहरा हो गया है, और आपके दूध वाले भय्या जो पहले आपको पानी में दूध मिला कर बेचते थे, अब दूध में भी पानी नहीं मिला पाते। दूध को गाढ़ा करने वाले पाऊडर के दाम बढ़ गये हैं, इसलिए उनके मन में बिना मिलावट दूध बेचने का पुण्य कमाने का जज्बा पैदा हो गया है। आज शायद 'हींग लगे न फिटकड़ी, रंग भी चोखा आए' का नया चलन पैदा हो गया है। अब दूध में पानी मिलाने का झंझट काहे पालना, जबकि इसके विरुद्ध विशुद्ध संस्कृति का नारा लगाने से ही आपकी नेतागिरी की पालकी को किराये के कहार उठा लेते हैं। दाम चुकाओं तो आज क्या नहीं मिल जाता। पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान बूथों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थी, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका व्हाट्सएप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब अपने जूते क्यों चटखायें, आपकी चिरौरी करते नज़र क्यों आएं? व्हाट्सएप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परम्पराओं को स्थापित कर लें। बंधु, ज़माना बदल गया है। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहत परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ की व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्द कोषों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो। आंकड़े बताते हैं कि मिलावटी दूध के कुपथ्य ने पांच साल की उम्र के आधे से अधिक और बारह साल की उम्र तक आधे से कम नौनिहाल मौत के या अपहरण के हवाले कर दिये, तो लोगों को वर्तमान के प्रति असंतोष की ज्वाला में दहकने न दो। बल्कि उन्हें बताओ कि हमारे यहां तो शुद्ध पवित्र वातावरण में कामधेनु गायों के मिल जाने की परम्परा है। इस देश में उसी परम्परा को जीवित करने का महती प्रयास हो रहा है। तब आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे। लेकिन बंधुवर, हथेलियों पर सरसों तो नहीं जमायी जा सकती न। देश में अतीत का वैभव लौटाने के लिए इंतजार करना ही होगा। इस देश में कामधेनु और कल्पवृक्ष का युग भी लौट कर आएगा। तब यह जीवन, समाज और गलत भौतिकवादी मूल्यों का गंदलापन छंट जाएगा। इन दिनों का इंतजार करो, तब तुम्हें नहीं कहना पड़ेगा कि 'हर शाख पर उल्लू बैठे हैं, इस चमन का यारो क्या होगा?' फिलहाल इस उजड़ते चमन की सूखी डालियों पर महंगाई, भ्रष्टाचार, नौकरशाही और गाल बजाते मसीहाओं के उलूकनुमा व्यवहार को सहन करो क्योंकि कल तो इन्हीं डालियों पर सोने की चिड़िया चहचहाएंगी। देश में सतयुग की वापसी चाहते हो न, तो आज के इस कलयुग और अंधेरनगरी चौपट राजा के माहौल को सहन करो। बड़े बूढ़ों ने भी कहा तो है कि सहज पके सो मीठा होय। इस काल में अगर राम राज्य की वापसी चाहते हो, तो आज इस दानव राज को असाध्य बीमारी की तरह स्वीकार करो। देखो, उच्छृंखलता की निशानी है, यह विशुद्ध संस्कारित समाज की परिभाषा में नहीं आता। बड़े बूढ़े बोले। हमें इन परिभाषाओं को बदलना नहीं है, इनमें संयम, धीरज और अनुशासन के नये अर्थो को स्थापित करना है। फरमाया। उन्हें समझाने की कोशिश कीजिये कि आयातित मूल्यों ने हमारी संस्कृति को इतना गंदला कर दिया है कि अब उसकी विरूपता पहचानी भी नहीं जाती।

पहले किराये पर रैलियां सजती थीं, भीड़ जुटती थी, मंच सजते थे, मतदान बूथों के बाहर जाति और धर्म के नाम पर बिके वोटरों की कतारें सजती थी, अब तो बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में सेंध लग जाती है। आपका व्हाट्सएप बिकने लगा। मोहल्ले में वोट मांगते नेता अब अपने जूते क्यों चटखायें, आपकी चिरौरी करते नज़र क्यों आएं? व्हाट्सएप से आपके मन और रुझान की खाना तलाशी करते हुए मनभावन घोषणाओं से अपने वोटरों का मन जीत लें, और राजनीति में वंशवादी परम्पराओं को स्थापित कर लें। बंधु, ज़माना बदल गया है। नई सदी ने नई समझ दे दी है। अब सदियों से पिछड़े हुए इस देश की गुरुतर आबादी को हर समस्या का हल वृहत परिप्रेक्ष्य में करना सीखना होगा। अब समझ की व्याकरण ही न बदलो, अपने नये शब्द कोषों में शब्दों के अर्थ भी बदल डालो। वर्तमान से असंतुष्ट लोगों को अतीत की गरिमा से सराबोर कर दो।

## संक्षिप्त खबरे

### बाइक स्कूटी के टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा–लोहरदगा :** सेरेंगहातू में बाइक एवं स्कूटी के टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु भेजा गया अस्पताल। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू ग्राम में बाइक और स्कूटी के टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने दोनो घायल युवकों को अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस 108 को कॉल किया परंतु समय से एंबुलेंस नही पहुंचने पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए निजी वाहन से असपयाल भेजा गया। वहीं घटना में घायल दोनो युवक की पहचान नही हुआ। बताया जाता है कि मोड़ में मोड़ने के दौरान बैलेंस बिगड़ने से दुर्घटना होने की बात बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में बाइक आर वन 5 जे एच 01 ई एन 7718 एवं स्कूटी जे एच 08 एच 1633 क्षतिग्रस्त हो गया।

## झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक

# उग्रवाद, अपराध और अफीम की खेती और तस्करी पर पूरी तरह रोक को लेकर हाई लेवल इंटरस्टेट क्राइम मीटिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों के टीम का चतरा जिला मुख्यालय में एक हाई लेवल बैठक हुई। उग्रवाद, अपराध एवं अफीम की खेती और तस्करी पर पूर्णतया नकेल कसने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।झारखंड में नक्सलियों पर काबू के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार कोशिशें कर रही हैं। उनके खिलाफ व्यापक स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है। इसी अभियान के तहत चतरा पुलिस अब विभिन्न राज्यों के सुरक्षा एजेंसियों के साथ को-ऑर्डिनेशन बनाकर नक्सलियों पर नकेल की तैयारी में जुटी है। चतरा पुलिस के वरीय अधिकारियों ने झारखंड से सटे बिहार के गया और औरंगाबाद जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ मैराथन मीटिंग



की। इस दौरान एसपी राकेश रंजन ने दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों को को-ऑर्डिनेशन पर जोर देते हुए नक्सलियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान तेज करते हुए उग्रवादियों के सफाए का निर्देश दिया। साथ ही नक्सल विरोधी अभियान में तेजी लाने को कहा। इसके अलावे जिले की सीमा से सटे बिहार के विभिन्न इलाकों की पुलिस के साथ सहयोग कर इंटर स्टेट ऑपरेशन को अंजाम देने की रूप रेखा तैयार करने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस पदाधिकारियों के अलावे गया व औरंगाबाद के शिर्ष पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाते हुए इंटर स्टेट क्राइम कंट्रोल पर भी फोकस करने को कहा। इसके अलावा लगातार बढ़ते अपराधिक घटनाओं का उद्भेदन व अंतरराज्यीय गिरोह के अपराधियों और अफीम माफियाओं के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने की बात कही। कहा कि आए दिन अपराधी झारखंड में घटना को अंजाम देकर बिहार और बिहार में घटना कारित कर झारखंड में शरण ले लेते हैं। बावजूद संबंधित राज्यों व जिलों की पुलिस सब कुछ जानकारी होने के बावजूद अपराधियों व तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर पाती। लेकिन जब दोनों राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों में समन्वय होगा तो कार्रवाई आसान होगी। क्योंकि अपराधियों और तस्करों के विरुद्ध शरण लेने से पूर्व ही कार्रवाई करना संभव हो पाएगा। बैठक में चतरा, गया और औरंगाबाद के बॉर्डर क्षेत्र में पदस्थापित एएसपी अभियान, एएसपी, डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चतरा, सिमरिया के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), बिहार के गया जिला के शेरघाटी और इमामगंज के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, हजारीबाग जिला के बरही, हजारीबाग के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पलामू के लेसलीगंज के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने लिया जायजा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित चतरा दौरा को लेकर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कार्यम स्थल का जायजा लिया है गौरतलब है कि खतियान जोहर यात्रा के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 फरवरी को चतरा आएंगे। कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कार्यक्रम स्थल का आज जायजा लिया है। इस दौरान उन्होंने जिले के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री चतरा और लातेहार जिले के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक भी करेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा होगी। सरकार के तीन वर्षों के विकास कार्य और उपलब्धियों से जनता को रूबरू भी कराएंगे।

## केंद्र सरकार और राज्य सरकार माता शबरी जयंती 24 फरवरी को छुट्टी घोषित करे : सिंटू भुईयां



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के द्वारा माता शबरी पूजा हर्षोल्लास के साथ सदर प्रखण्ड के डाढा पंचायत के मौसम चौक पर मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष उमेश भारती ने की जबकि मंच संचालन जयराम भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिंटू भुइयां उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को केंद्र सरकार और राज्य सरकार माता शबरी जयंती के अवसर पर सरकती छुट्टी घोषित करें। माता शबरी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सिंटू भुइयां ने कहा की माता शबरी जन-जन की माता है। हम सभी मां सबरी की आदर्श को अपनाएं और समाज में बढ़ती नशा को छोड़ अपनी बच्चियों और बच्चों को संस्कार और शिक्षा से जोड़ें तभी हमारा भुइयां समाज को सामाजिक और राजनीतिक का बेहतर निर्माण हो पाएगा । इस निमित बंगाल के छोटू भुइयां और साथ में धर्मपत्नी ललिता देवी भुइयां ने दशरथ मांझी का त्याग व संप्रपण को अपने संस्कृत कला से संदेश भुइयां समाज को बताया।इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को शबरी पूजा समिति डाढा के अध्यक्ष मनोज भारती, सचिव योगेश भारती,कोषाध्यक्ष सोनू भारती, उपाध्यक्ष इथलेश भारती, सुशील भारती, विजय भारती, प्रमोद भारती, वासुदेव भुइयां, नरेश भुइयां, अरविंद भारती ने सभी अतिथियों को शॉल एवम पुष्प, माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित रोहित भुइयां, मुकेश मांझी, नुनुलाल भुइयां, महेंद्र राम बिहारी,निर्मल राम, सुदर्शन भुइयां, संजय भुइयां, विनोद भुइयां, उदय भुइयां, बिंददेश्वरी भुइयां, तपेश्वर भारती, धर्मेंद्र भारती, मोनिका गोरिया, शोभा देवी, चम्पा देवी, रंजित भुइयां, परभु भारती, गोवर्धन भारती, लालू भारती, अरविंद भारती, कामेश्वर भारती, रवींद्र भारती, लोक गायक विकाश लहरी, बिहार मुकेश भुइयां, हजारीबाग सरबिश भुइयां, परमोद भुइयां, शलेश भुइयां, श्रवण भुइयां, बसदेव भुइयां, अर्जुन भुइयां, मुकेश भुइयां, रोहित भुइयां, जयराम भुइयां, कुंदा पप्रखण्ड अध्यक्ष संजय भुइयां, जुगेस्वर भुइयां, अमेरिका भुइयां, अमर भुइयां, गोबिंद भारती, देवेंद्र भारती, सहित हजारों की संख्या में पहुंचे।

# अवैध शराब कारोबारियों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित थाना के सामने की गली में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया है। गुप्त सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने गुरुवार की शाम में थाना के सामने गली में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध दल-बल के साथ छापेमारी किया। इस दौरान आबकारी विभाग की टीम ने सूरज कुमार के घर से करीब 12 लीटर अवैध महुआ शराब, 5 गैलन जावा महुआ को जप्त कर लिया है। वही शराब बनाने का उपकरण व जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया है। इस छापेमारी में वही आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मौके से शराब कारोबारी सूरज कुमार को





गिरफ्तार कर गढ़वा ले गई। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद दरोगा कुलदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, कि सूरज कुमार के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है। सूचना के आलोक में छापेमारी किया गया। पर जिसकी सूचना थी वह तो नहीं मिला। वही अवैध महुआ शराब, जावा महुआ व शराब बनाने का उपकरण बरामद हुआ है। कारोबारी सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सूरज के विरुद्ध अवैध शराब बिक्री का मामला दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। मौके पर बंशीधर नगर थाना के सब इंस्पेक्टर कुमार विक्रम सिंह सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## कार्डधारियों को राशन वितरण में दिग्भ्रमित कर रहें हैं डीलर

# डीलर की मनमानी से कार्डधारी परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** केन्द्र सरकार की नई एकीकृत खाद सुरक्षा योजना 1 जनवरी 2023 से शुरू कर दी गई है। नई योजना राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए के अंतर्गत लाभार्थियों को अब से मुफ्त राशन मिल रहा है। वहीं सिस्टम का मारा जन वितरण प्रणाली व्यवस्था और डीलरों की मनमानी ने राशन कार्डधारियों को राशन वितरण करने में दिग्भ्रमित कर दिया है। लगभग प्रत्येक माह में नियमित समय पर खाद्यान्न का आवंटन और उठाव नहीं होता। साथ ही जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा दुकानों पर खाद्यान्न सूचना पट्ट में राशन की मात्रा, स्टॉक, किस माह का राशन दिया जा रहा है सूचना पट्ट पर डीलरों के द्वारा अंकित नहीं किया जाता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के कार्डधारी दिग्भ्रमित हो जाते हैं। उन्हें पता नहीं चलता है कि यह राशन किस माह का



मिल रहा है। इस संबंध में शिक्षक दशरथ सिंह और शिक्षक राधेश्याम के द्वारा संचालित दुकान महिला विकास शिक्षा समिति जिनके दुकान साहेब टिकवा विद्यालय हेहेगडा है, के कार्डधारियों ने बताया कि उन्हें हर माह राशन नहीं मिलता है। हर दुसरे तीसरे माह में राशन दिया जाता है। और तो और 10 से 15 किलोग्राम खाद्यान्न काटकर दिया जाता है फिर बाद में डीलर के द्वारा बताया जाता है कि राशन खत्म हो गया। वहीं 3-4 से माह से केरोसिन तेल हमलोगों को नहीं मिला है। कभी कभी मिलता भी है तो सौ रूपया में एक लीटर से भी कम। जहां कार्डधारी शिकायतों को लेकर अपना नाम उजागर नहीं होने की शर्त पर बताते हैं कि डीलर को पता चल गया कि हम लोगों ने उनकी शिकायत की है तो वह हमारे राशन कार्ड को खत्म करने की धमकी देते हैं। ऐसे में जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और संबंधित अधिकारी संबंधित मुद्दे पर संज्ञान लें और अगर खाद्यान्न का आवंटन, उठाव और वितरण तय समय पर होने लगे तो कार्डधारियों को हद तक सहुलियत होगी और वे समय रहते अपने राशन का उठाव कर पाते।

## जेएसएलपीएस के तत्वधान में डिजिटल लेनदेन का सक्षम कार्यालय उद्घाटन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के एदला आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कार्यालय में जेएसएलपीएस के तत्वधान से आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु सक्षम केन्द्र का विधिवत उदघाटन जिला परिषद पूर्वी क्षेत्र के रोहिणी देवी, बैंक अधिकारी अविनाश कुमार के द्वारा किया गया। वितिय जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन 02 जनवरी से आयोजित है तथा 15 अगस्त 2023 तक संचालित रहेगा। जिसके तहत सखी मंडल की दीदियों तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी एवं जागरूक किया जाएगा। तथा उक्त पर लोगों को वितिय सेवाएं प्रदान की जायेगी। सक्षम केंद्र के तहत ग्रामीण परिवेष में निवास कर रहे है हर एक परिवार को वित्य साक्षर करना है ताकि लोग बचत कैसे करना हैं, बीमा क्यों करवाना चाहिए, पेंशन क्या



है,बैंक क्यों जरूरी हैं, इत्यादि चीजो के बारे में खेल -खेल के माध्यम से कर कर लोगो को जागरूक करना हैं। डिजिटल ट्रांसेक्शन को बढ़ावा देने हेतु डिजिटल ग्रामीण भारत के तहत डिजिटल ग्रामीण परिवार की भी सुरुवात कि गयी, इसका मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर एवम ग्राम स्तर पर डिजिटल ट्रांसेक्शन को बढ़ावा देना है।मौके पर जेएसएलपीएस से BPO FI विकास कुमार, CC संजय कुमार और अखिलेश प्रजापति, आईपीआरपी सीएलएफ पदाधिकारी, FL कैडर, बैंक सखी अन्य सखी मंडल की दीदी उपस्थित हुए। साथ ही स्नरुकैडर के द्वारा साँप सीधी का खेल खेला कर आय हुए आथितयो को बचत करने के बारे बताया गया।

## हेलमेट नहीं पहनने वालों को थाना प्रभारी दिखाया आईना, पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** पुलिस कप्तान राकेश रंजन के आदेशानुसार मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम सड़क सुरक्षा कानूनों को पालन कराने के लिए शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पचमों और मझगावां में सेकंड वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान सड़क सुरक्षा कानूनों से खिलवाड़ करनेवाले दोपहिया वाहनों के चालकों को कड़ी नसीहत देते हुए आगे से सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस के सशस्त्र जवानों ने दोनों जगहों पर दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहनों की गहन जांच किए।थाना प्रभारी रामवृक्ष ने प्रभात मंत्र से कहा आए दिन सड़कों पर दुर्घटनाएं होती रहती है इसके मद्देनजर पुलिस सड़क सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया प्रभात मंत्र के जरिए अपने संदेश में थाना प्रभारी ने कहा हम सभी वाहनों के चालकों से कहना चाहते हैं कि आप हरहाल में वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा मानकों का पालन कड़ाई से करें बस इसलिए कि हर एक व्यक्ति की जिंदगी अमूल्य है। एक सवाल के जवाब में थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस के साथ-साथ हर किसी की अपनी जिम्मेवारी है और इसे बखूबी समझते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की पालन करनी चाहिए।

## सिमरिया प्लस टू उच्च विद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित थी। शिविर के दौरान 34 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शिक्षक, शिक्षिका व छात्र के साथ साथ भाजपा के युवा कार्यकर्ता शामिल थे। शिविर में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुवे रक्तदान से होने वाले फायदे से अवगत कराया। जिससे प्रभावित होकर शिक्षकों के साथ साथ आधे दर्जन छात्र (जो वैसे 18 आयु वर्ग के थे) ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक डॉ नितेश कुमार, मनोज रजक, संतोष कुमार, रेड क्रॉस कार्यकारणी सदस्य धर्मेंद्र पाठक, लैब तकनीशियन आजाद अफसर, सुमन कुमारी सहायक तापेश्वर सोनी सहित अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

## बीडीओ ने फाईलेरिया मुक्ति अभियान का किया उद्घाटन



**भंडरा–लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को फाईलेरिया मुक्ति अभियान का उद्घाटन बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। साथ ही पंद्रह दिवसीय फाईलेरिया मुक्ति अभियान के उद्घाटन के मौके पर बीडीओ-सीओ ने स्वयं से इक्षा जाहिर कर एल्बेंडाजोल का खुराक लिया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में पहुंचे ग्रामीणों से भी फाईलेरिया मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल का खुराक लेने को लेकर प्रेरित किया। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि दस से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य सहियाओं द्वारा लोगों के घर-घर जाकर एल्बेंडाजोल व डीईसी की खुराक दिया जाएगा। इस खुराक के सेवन से फाईलेरिया का खतरा कम हो जाता है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए एल्बेंडाजोल का खुराक लेना अत्यंत ही आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, बीमार व्यक्ति व गर्भवती महिला को एल्बेंडाजोल का खुराक नहीं देना है। मौके पर रामकुमार महतो, साजिद अहमद, डॉक्टर ओम कुमार, नेत्र सहायक रितु कुमारी, मुन्ना उरांव सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# टी-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में लोहरदगा ने खिताब पर जमाया कब्जा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में टी-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में फाइटर क्लब लोहरदगा की टीम ने मैक्स क्लब बालूमाथ को 4 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया ।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैक्स क्लब बालूमाथ ने निर्धारित 15 ओवर में 140 रन बनाए वही जवाबी कार्रवाई पारी में फाइटर क्लब लोहरदगा की टीम ने 4 विकेट शेष रहते हुए 14 ओवर में निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया ।मुख्य अतिथि बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को 51000 नगद व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। विजेता टीम को 25000 नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। पूरे मैच में लोहरदगा फाइटर क्लब के आशीष कुमार ने 44 बॉल में 56 रन बनाया जिसे मैन ऑफ द मैच के





लिए चुना गया ।वही लोहरदगा टीम के कप्तान मो0 शमीम ने 30 रनों का योगदान दिया ।मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि पिछले एक महीने से यह टूर्नामेंट उच्च विद्यालय के मैदान में खेला जा रहा था जिसमें 32 टीमें भाग ली उन्होंने कहा कि बालूमाथ में खेल प्रेमियों के द्वारा इस तरह का आयोजन कराने से आपसी सद्भाव के साथ-साथ खिलाड़ियों को के प्रतिभा को भी निखरने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि फाइनल मुकाबला में मेहमान टीम लोहरदगा यहां से विजय होकर मुस्कुराते हुए जा रहे हैं ।वहीं पुलिस इस्पेक्टर शशि रंजन ने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। वही कहा कि बालूमाथ में उग्रवाद व अपराध पर अंकुश लगा है यहां के लोग लोगों का और थोड़ा सहयोग मिला तो उग्रवाद मुक्त बालूमाथ होगा। वही बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और सभी खिलाड़ी अनुशासन का परिचय देकर इस टूर्नामेंट को सफल बनाएं हैं इसके लिए बधाई के पात्र हैं। मैच आयोजन को लेकर एस्पोंसर की भूमिका एम0आर मिनिरल के मो0मुज्जमिल, आरिशा इंटरप्राइजेज के मो0इमरान, समाजसेवी चेतलाल रामदास, एचपी गैस संचालक मो0तौफीक ने निभाई। इस मौके पर मगध परियोजना के पदाधिकारी नृपेंद्र नाथ, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार समाजसेवी प्रेम प्रसाद गुप्ता, मो0 जहूर समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्री-मैट्रिक छात्रवृति व जिला स्तरीय साईकिल वितरण को लेकर सर्वसम्मति से कई आवेदकों के आवेदन को किया गया अनुमोदित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृति हेतु जिला स्तरीय अनुमोदन एंव अनुश्रवण समिति, जिला स्तरीय साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति, सिद्धू-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. चतरा तथा कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कृषि कार्य कर रहे पैक्सों एवं विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय गठित कमिटी की बैठक की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकरी, चतरा द्वारा विभागीय संकल्प के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को छात्रवृति भुगतान के संदर्भ में सभी सदस्यों को जानकारी दी गई। बैठक में डीएनओ लेवल से



सत्यापित 5652 छात्र छात्राओं का डाटा जांचोपरांत सर्वसम्मति से डीएलसी लेबल से स्वीकृत करते हुए भुगतान करने का निर्णय लिया गया। अनुमोदित छात्र छात्राओं में से अनुसूचित जनजाति कक्षा 1-10 के बच्चों की संख्या 717, अनुसूचित जाति कक्षा 1-10 के बच्चों की संख्या 2057 एवं पिछड़ी जाति कक्षा 1-10 के बच्चों की संख्या 2878 है। इस तरह जिले में कुल 1571 विद्यालय कक्षा 01 से 10 संचालित है, जिसमें से कमिटी द्वारा कुल 142619 छात्र, छात्राओं को छात्रवृति योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया।जिला स्तरीय साईकिल वितरण अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रखंड से कुल 17954 छात्र छात्राओं को इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया।सिद्धू-कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि, चतरा के निदेषक पर्षद की बैठक में सिद्धू-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि, राँची से सम्बद्धता हेतु निर्णय लिया गया।चतरा जिला अन्तर्गत पैक्सों एवं विशेष प्रकार की सहकारी समितियों को कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय कमिटी की बैठक की गई जिसमें चार पैक्सों एवं दो विशेष प्रकार की समितियों को कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी निलम कुमारी, जेएसएलपीएस के अनिल डुंगडुंग समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नाम वापसी के आखरी दिन कुल 18 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा के लिए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा 18 अभ्यार्थी को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। बजरंग महतो इंडियन नेशनल कांग्रेस चुनाव चिन्ह हाथ छाप , सुनिता चौधरी आजसू पार्टी चुनाव चिन्ह केला छाप , युगन कुमार नवोदय जनतांत्रिक पार्टी चुनाव चिन्ह कंप्यूटर छाप , संतोष कुमार झारखंड पार्टी चुनाव चिन्ह फलों के युक्त टोकरी, अजीत कुमार निर्दलीय हरी मिर्च , इमाम सफी निर्दलीय बैटरी टॉर्च , कामदेव माता निर्दलीय पानी का जहाज , तुलेश्वर कुमार पासवान निर्दलीय चुनाव चिन्ह गन्ना किसान , धनंजय कुमार पुटूस निर्दलीय चुनाव चिन्ह फोन चार्जर ,पाण्डव कुमार महतो निर्दलीय चुनाव चिन्ह सेव, प्रदीप कुमार निर्दलीय चुनाव चिन्ह हेलीकॉप्टर , फारूक अंसारी निर्दलीय चुनाव चिन्ह फुटबॉल, मनोज कुमार बेदिया निर्दलीय चुनाव चिन्ह ऑटो रिक्शा , महिपाल महतो निर्दलीय चुनाव चिन्ह भिंडी , रंजीत महतो निर्दलीय चुनाव चिन्ह चारपाई , रामावतार महतो निर्दलीय चुनाव चिन्ह बाल्टी , सहदेव कुमार निर्दलीय चुनाव चिन्ह भाला फेंक , सुलेन्दर महतो निर्दलीय म चिन्ह माचिस की डिब्बी अभ्यर्थियों को आवंटित प्रतीक चिन्ह दिया गया है

### विभिन्न विद्यालयों में हुआ चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिया एवं बनाए गए चित्रों के माध्यम से सभी मतदाताओं से आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उपनिर्वाचन 20233 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

### बच्चों के बीच नोटबुक का वितरण किया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों के सभी बच्चों दी जा रही नोट बुक किट का वितरण उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार के प्रांगण में किया गया। नोट बुक प्राप्त करने बाद बच्चों में खुशी का माहौल रहा।कार्यक्रम में जिप सदस्य मंजू देवी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक व उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा आदि अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश सिंह, संयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. सुनील यादव, संचालन शिक्षिका रश्मि द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षक अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम में सरपंच कुलदीप सिंह, खोडाहार उप मुखिया रोहित यादव, प्रबन्धन समिति की उपाध्यक्ष आरती देवी, सदस्य नरेश यादव, श्याम राम, विक्रम प्रजापति , दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी, संजू देवी व आरती देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# योजनाबद्ध तरीके से बच्चों व अन्य लोगों को खिलाएं फाइलेरिया रोधी दवाइयां : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सदर अस्पताल रामगढ़ से किया। इस दौरान उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत स्वयं फाइलेरिया रोग से बचाव हेतु दवाइयां खाई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी दवाइयां ली। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अभियान के सफल संचालन हेतु की गई तैयारियों की जानकारी लेने के उपरांत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए जिले के सभी योग्य बच्चों/लोगों को दवाइयां खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वही उपायुक्त ने फाइलेरिया रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से सभी जिले वासियों से स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाने की अपील की।गौरतलब हो कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान 25 फरवरी तक जिले में 10 लाख से अधिक लोगों को एल्बेंडाजोल एवं निर्धारित मात्रा में डीईसी की गोली खिलाई जाएगी। 10 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किए गए बूथों पर स्वास्थ्य सहियाओं, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आदि के द्वारा योग्य लोगों को दवाई खिलायी गयी जिसके उपरांत 11 फरवरी से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लोगों को दवाइयां खिलाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों चिकित्सकों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एकादशी उद्यापन शतचंडी महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेडोकला में ईश्वर साव के यहां एकादशी उद्यापन सह सात दिवसीय श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ में अयोध्या से आए हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्य देवी निधि सारस्वत जी और पंडितों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम रात में किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित यादव पूर्व विधायक जानकी यादव जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव के द्वारा फीता काटकर और 501 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया।कलश यात्रा के दौरान भक्ति भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया तथा जय श्री राम के उदघोष से क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर विधायक अमित यादव,पूर्व विधायक जानकी यादव ,जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभूलाल यादव,प्रमुख रेणु देवी,उपप्रमुख सूरजी देवी, स्थानीय,मुखिया रिंकी पाण्डेय, बरकट्ठा मुखिया प्रमिला देवी,पूर्व मुखीया तुलसी पाण्डेय, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पाण्डेय,राम जी पाण्डेय के अलावा काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।

### भाजपा विष्णुगढ के दोनों मंडलो की संयुक्त बैठक आज

# बैठक में शामिल होंगे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी भाई पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ प्रखण्ड के पूर्वी मंडल एवं पश्चिमी मंडल की कल दिनाँक 11 फरवरी 2023 समय 11ः00 बजे पूर्वाह्न को दोनों मंडलो की कार्यसमिति की सँयुक्त बैठक बनासो कोनार होटल में की जानी है ,जिसको जिसको लेकर पूरी तैयारी की जा चुकी है । दोनों मंडलो की संयुक्त बैठक में बतौर मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह वर्तमान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में होगी । बैठक में बतौर प्रभारी प्रदेश बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद की मौजूदगी रहेगी । इस बाबत जानकारी देते हुए भाजपा विष्णुगढ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने बताया कि भाजपा झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के निर्देशानुसार दोनों मंडलो के पदाधिकारियों, पूर्ण कार्यसमिति एवं मंच मोर्चा के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है,तथा आप सभी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व एवं,पालक पूर्व एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि,शक्ति केंद्र के संयोजक,सहसंयोजक बूथ के प्रभारी सह प्रभारी सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मंडल में निवास करने वाले प्रदेश एवं जिला के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी गण प्रदेश एवं जिला कार्यसमिति के सदस्य गण आप सभी सादर आमंत्रित है।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 25 लोगों का चालान काटा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना के समीप हजारीबाग परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें करीब 25 लोगों का ऑनलाइन चालान काटा गया जिसे 15 दिन के अंदर में जमा नहीं करने पर राशि पर बढ़ोतरी के साथ जमा करना पड़ सकता है। वाहन चेकिंग में बिना हेलमेट वाहन चालान, बिना सीट बेल्ट यात्री वाहन चालान ,दुपहिया वाहन में ओवरलोडिंग, नशे में वाहन चलान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलान, बिना बीमा का वाहन चलान, काला शीशा, बिना निबंधन दुरुस्ती के वाहन चलान, अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा वाहन चालान इत्यादि का चालान काटा जा रहा था। मौके पर जितेंद्र सिंह, बीएस मरांडी, महताब आलम सहित बड़कागांव पुलिस शामिल थे।

# झारखंड के पिछड़ों के लिए आजसू हमेशा करती रहेगी संघर्ष : विजय साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू जिला कार्यालय रामगढ़ में अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा के पदाधिकारियों के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश संयोजक विजय साहू,गुड्डू यादव वरीय पदाधिकारी सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज महतो, जिलाध्यक्ष हरी रत्नम साहू मुख्य रूप से मौजूद थे।प्रदेश संयोजक विजय साहू ने कहा आजसू पार्टी ने हमेशा से सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ अपनी बातें रखते रही है और हमको लगता है कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने जो पिछड़ों के हक अधिकार के लिए अवमानना बाद याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर किया था जिसमें कहा था कि झारखंड प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनाव बिना ट्रिपल टेस्ट के सरकार कर रही है उसमें सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने झारखंड सरकार को आदेश दिया था आदेश दिया था कि आप शपथ पत्र दायर करके यह जानकारी दें कि आपने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवहेलना क्यों किया जिसमें सरकार ने शपथ पत्र दायर किया और उसने कहा कि अब स्थानीय निकाय का जो भी चुनाव होगा वह बिना ट्रिपल टेस्ट के बगैर सरकार नहीं करवाएगी ।

# ग्रामीणों के विरोध के कारण अंचल कार्यालय की प्रस्तावित आमसभा रद्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गाली में अंचल कार्यालय द्वारा निजी कोल खनन परियोजना के लिए प्रस्तावित आम सभा ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण रद्द कर दिया गया। ग्रामीण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी जमीन बचाने के लिए सुबह से ही बीच सड़क पर बैठ कर आम सभा का विरोध करने लगे। ग्रामीणों के द्वारा बड़कागांव अंचलाधिकारी के पत्रांक संख्या 122 दिनांक 25 जनवरी 2023 के आलोक में अपने स्तर से आम सभा की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। ग्रामीणों द्वारा आम सभा में लिए गए निर्णय का रजिस्टर अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, अमीन राजू दास एवं कर्मचारी आशीष कुमार सोनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

ग्रामीणों द्वारा लिए गए निर्णय को पढ़ने के बाद अंचल कार्यालय से आए अधिकारियों ने अपनी सहमति जताते हुए रजिस्टर पर हस्ताक्षर किया। ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया के ग्राम सभा में अपना यह स्पष्ट मत है कि अंतर्राष्टीय प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए तथा अपनी जीविकोपार्जन बहू फसलीय जमीन की रक्षा हेतु अपनी जमीन किसी भी खनन परियोजना के लिए नहीं देगी। इसके बावजूद प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा सर्वजनिक हित एवं व्यक्तिगत जोत की जमीन को लोक सुनवाई ग्रामसभा कर हस्तांतरण करने की सूचना देना इन पदाधिकारियों के द्वारा जनहित से ज्यादा कंपनी हित में कार्य करना दर्शाता है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आज की आहूत आम सभा में ऐसे कुरीतियों का विरोध करती है। इस क्षेत्र के जंगल में कीमती फलदार, वनौषधि जड़ी बूटी है एवं जीव जंतु निवास करते हैं जो इस परियोजना के लागू होने से बुरी तरह प्रभावित होंगे। जिसकी मार अंततः यहां के रहने वाले वनवासी, आदिवासी, हरिजन, पिछड़ी जाति पर भी पड़ेगा। इसका ज्वलंत उदाहरण हजारीबाग शहर में 7 एवं 8 फरवरी को हुए हाथी के आक्रमण से भी जोड़ा जा सकता है।

ज्ञात हो कि यह क्षेत्र वर्षों से हाथियों का कोरिडोर रहा है। अपर समाहर्ता हजारीबाग के पत्रांक 2747 दिनांक 22 दिसंबर 21 एवं पत्रांक 6213 दिनांक 5 जनवरी 23 में आम रास्ता, नदी, आहर पोखर, देवस्थान, मंदिर एवं सरना स्थल जैसे सार्वजनिक उपयोग भूमि को भी कंपनी को हस्तांतरित करने का आम इस्तेहार सूचना दीवाल एवं बिजली के खंभों में चिपका कर दी गई है। इन सभी सार्वजनिक स्थलों का उपयोग गोंदलपूरा, बलोदर एवं गाली इत्यादि गांव ही नहीं करते बल्कि इनका उपयोग अन्य गांव के लोग भी करते हैं।

# सत्य नारायण मंदिर से भव्य पालकी शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बड़ा बाजार चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर मैं माता लक्ष्मी एवं वीर बजरंगी की प्रतिमा स्थापित की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के चौथे दिन माता लक्ष्मी एवं वीर बजरंगी की प्रतिमाओं के साथ भव्य पालकी शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण किया गया। भव्य शोभायात्रा में बड़ा बाजार चौक सहित अन्य इलाकों के कई महिलाएं, पुरुष, युवक एवं युवतियों बच्चे शामिल हुए। महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा मे शोभायात्रा में भक्ति रस होकर गाजे-बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए निकले। वही महिलाएं भजनों पर नृत्य करती नजर आई। पालकी शोभायात्रा सह नगर भ्रमण बड़ा बाजार चौक से सरदार चौक, ग्वालटोली चौक,बिरसा मुंडा चौक, अंबेडकर चौक, बुढ़वा महादेव मंदिर, बंशीलाल चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की उत्साह और उमंग देखने बन रही थी। शोभायात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में माता लक्ष्मी एवं वीर बजरंगी की प्रतिमाओं को स्थापित किया गया जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना प्रारंभ हुई।

## रूचि कुजूर ने किया कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का निरिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** चूरचू प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय,चूरचू का निरक्षण रूचि कुजूर, सदस्य झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार द्वारा निरिक्षण किया गया। इस अवसर पर चूरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद,विधि सह परिवक्षा पदाधिकारी, जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य मुन्ना कु पांडेय, डॉ भारती नयन, डॉ कविता सिन्हा,इत्यादि उपस्थित थे।रूचि कुजूर ने वार्डन कुमारी ज्योति से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं की स्थिति जानने की कोशिश किया।वर्ग छः से लेकर वर्ग बारहवीं तक के कक्षाओ में जा कर छात्राओं से स्वम मिलकर उनकी समस्याओ की जानकारी प्राप्त किया।रूचि कुजर ने निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए समय पर कॉपी -किताब, उनके रोजमर्रा की आवश्यकता सम्बंधित सामग्री और स्कुल यूनिफार्म उपलब्ध हो। स्कुल में शिक्षकों की कमी के बारे में सरकार के स्तर पर बात करेंगी, शिक्षकों को भी निर्देश दिया गया कि आप नियमित रूप से शिक्षण कार्य को करें रोज का पाठ्य योजना बना कर सभी विषय कि कक्षाएं नियमित किया जाय। विद्यालय के चारदीवारी की समस्या के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात किया।

## कांग्रेस नेता का मातृ शोक, अंत्येष्टि में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के बरही पूर्वी पंचायत अंतर्गत न्यू कॉलोनी निवासी कांग्रेस नेता मुकेश गुप्ता के दिवंगत मां के अंत्येष्टि में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव श्री यादव अत्यंत दुखद क्षण की घड़ी में शोकाकुल परिवार से मिले एवं मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

दिवंगत 75 वर्षीय रामसखी देवी का किडनी क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रही थी जिनका आज शुक्रवार को अहले सुबह निधन हो गया। मृतक अपने पीछे पति बलदेव प्रसाद गुप्ता 2 पुत्र मुकेश गुप्ता गुड्डू गुप्ता एकमात्र पुत्री संध्या समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मुखाग्नि मृतक के पति बलदेव प्रसाद गुप्ता ने बरही करसो नदी पुल के समीप श्मशान घाट पर दी अग्नि संस्कार पुरोहित राजेंद्र पांडे के द्वारा संपन्न कराया गया। अंत्येष्टि में शामिल होने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद कुमार यादव कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह मंटू सिंह प्रमोद गुप्ता दिलीप गुप्ता विकास गुप्ता उदय गुप्ता नरेश गुप्ता बबलू गुप्ता अमित केसरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा शुक्रवार को गोला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरा लाल ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई वहीं उन्हें आगामी 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर में हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी कैंपेन, मतदाता जागरूकता शपथ सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बढ़-चढ़कर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ हीरा लाल सभी विद्यार्थियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मतदान के महत्व एवं मतदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।

## बहुमंजिला भवनों की जांच की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सहायक नगर आयुक्त शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बहुमंजिला भवनों,अपार्टमेंट तथा हॉस्पिटल में अग्निशमन एवं आगजनी से बचाव हेतु निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है कि नही इसकी की जांच की गई।इसमें श्रीधर रेसिडेंसी , राजनन्दनी ,विजय एवं सपना डेवलपर्स के तीन टावर, हजारीबाग होम के सात टावर ,कार्मेल स्कूल,रामेश्वरम अपार्टमेंट, आरोग्यम हॉस्पिटल, इंद्रलोक टावर की जांच की गई।इसमें अग्निशमन दिशानिर्देश तथा फायर एन ओ सी की जांच की गई।सभी को इनका अनुपालन करने को कहा गया है।

इस जांच में श्री दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक दंडाधिकारी, श्री रामयश सिंह, प्रभारी अग्निशमन पदाधिकारी ,श्री आलोक नारायण नगर निवेशक उपस्थित थे।

## नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार उन्मुखीकरण को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के धनवार पंचायत अंतर्गत पैक्स कार्यालय में झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत विनायक फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशन सोसायटी के तत्वाधान में निःशुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार उन्मुखीकरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व संचालन प्रधानाचार्य चंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंदन सिंह ने कहा कि झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन के अंतर्गत निःशुल्क ट्रेनिंग एवं शत प्रतिशत रोजगार सहायता को लेकर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग बोंगा आईटीआई में रहना खाना, यूनिफॉर्म, व्यक्तित्व विकास, निःशुल्क प्रशिक्षण, आवासीय पाठ्यक्रम के साथ अन्य सुविधाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने वालो को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रोजगार मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को शत प्रतिशत रोजगार मिलेगा। कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर यहां के युवाओं में कौशल विकास होगा। साथ ही वह अपने कुशलता का परिचय देकर रोजगार के लिए इधर उधर नही भटकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक जमशेद आलम, सुनील कुमार, जगदीश कुमारी शामिल हुए और प्रशिक्षण दिए। मौके पर उमेश यादव, बह्मदेव यादव, रवि यादव, पंसस प्रतिनिधि विकास यादव, प्रकाश साव, सलोनी कुमारी, शीतल कुमारी, माशूक अंसारी, राजेन्द्र प्रसाद, प्रिंसशंकर यादव, केशो यादव, बिरेन्द्र यादव, दिनेश यादव, प्रमोद यादव, कैलाश यादव, नागेश्वर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, राजेश ठाकुर, दिलीप केशरी, रामदेव सिंह, तिलक यादव, योगेंद्र साव, नागेश्वर साव, मुनिया देवी, सरोज देवी, बसंती देवी, पार्वती देवी, गुड़िया देवी सहित अन्य महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## ओला इलेक्ट्रिक ने ओला एस1 एयर को लॉन्च किया

**रांची :** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के सबसे बड़े निर्माता, ओला इलेक्ट्रिक ने आज अत्यधिक सफल ओला एस1 पोर्टफोलियो के विस्तार और अपनी अत्यधिक अपेक्षित ओला एस1 एयर के लॉन्च के साथ 'शीत युग' के अंत की ओर अपनी गति बढ़ाई। ओला के एस1 पोर्टफोलियो में नया 2किलोवॉटघंटा का बैटरी पैक वैरिएंट है, जो उत्साह को और ज्यादा बढ़ा देता है। ओला एस1 एयर के भी 3 नए वैरिएंट्स की घोषणा की गई है, जिनमें क्रमशः 2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा और 4 किलोवॉटघंटा के बैटरी पैक होंगे।ओला के संस्थापक एवं सीईओ, भाविश अग्रवाल ने कहा, ''भारतीय ग्राहकों को आईसीई वाहनों के विश्वस्तरीय विकल्प उपलब्ध होने के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में तेजी से उछाल आया है।

# खलारी : रोहिणी परियोजना में चली गोली, दहशत

## खलारी में अपराधियों का दिनों दिन मनोबल बढ़ा, पुलिस का खुफिया तंत्र फेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**







**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र के रोहणी परियोजना कांटा घर डब्लू बी 1 में अज्ञात अपराधी ताबड़तोड़ फायरिंग कर कार्य बंद करने की बात कहकर फरार हो गये. जानकारी के अनुसार रोहणी परियोजना कांटा घर 1 मे लगभग संध्या 4= 11 मिनट में अज्ञात अपराधी दो अपाची (एक काली व एक सफेद रंग) मोटरसाइकिल बिना न0 में सवार होकर चार की संख्या में हथियार के साथ धमके,उसके बाद कांटा घर के पास जाकर चारो अपराधी ताबड़तोड़ हाईवे फायरिंग काम बंद करने की धमकी देते हुये फरार हो गये. अपराधियों ने हथियार से चार पांच फायरिंग कर धमकी देते हुये चलते बने. कांटा घर मे तैनात तीन कांटा बाबू शिवशंकर कुमार,अजय भेंगरा,विकास कुमार(क्लर्क) से पूछने पर बताया कि अचानक से चार की संख्या में आये थे.चारो के हाथ में हथियार देखा गया,व चारो मंकी कैप(बंदर टोपी) पहने हुये थे. नकाबपोश चारो अपराधियों ने दिनदहाड़े एनके एरिया के महत्वकांक्षी परियोजना रोहणी जो कि सीसीएल के अधिकारी भविष्य का ऊर्जावान परियोजना बताते नही थकते.

**खलारी पुलिस के खुफियातंत्र फेल, दिनदहाड़े अपराधी देते है घटना को अंजाम**

वही परियोजना में दिनदहाड़े सीआईएसएफ के जवानों के देख रेख के बावजूद भी अपराधी बड़ी घटना को अंजाम देकर आसानी से चल देते है. इसमें खलारी पुलिस की लापरवाही भी साफ साफ दिखाई देता है,क्योकि आये दिन खलारी थाना क्षेत्र में बड़ी घटना लगातार होते रहती है. चाहे वह गोली चलाने से लेकर,हत्या,चोंरी,लूट अब थाना क्षेत्र में आम बात बन गयी है. इससे अंदाज लगाया जाता है कि खलारी पुलिस की पुलिसया गिरी सिर्फ थाने तक मंडराती है. और कही न कही खलारी पुलिस की खुफियातंत्र फेल नजर आती है.

**कोयला व्यवसाय व कोलवर्कर ने सुरक्षा की मांग किया**

उधर ट्रक ऑनर, व सीसीएल वर्कर ने एनके एरिया जीएम से मांग कर रहे है कि जब तक सुरक्षा नही तब तक काम नही होगा. इस घटना से सीसीएल की सुरक्षा में चूक पर कही न कही संदेह देखता है.

**घटना के बाद सीआईएसएफ गहन चेकिंग अभियान जारी**

हालांकि घटना के बाद बाद एनके एरिया के अंतर्गत रोहिणी कांटा घर 01 पर फायरिंग की घटना के बाद तुरंत हरकत में आते है सीआईएसएफ बल सदस्यो द्वारा भागने वाले रास्तों पर नाका लगाकर गहन छानबीन की जा रही है।

---

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी0, चाईबासा रोड, खूँटी- 835210

Email ID – jepkhunti@gmail.com

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय उपयोग हेतु किराये पर वाहन के लिये अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय कार्य के लिये दैनिक / मासिक / आवश्यकतानुसार किराये पर झारखण्ड राज्य में निबंधित चार चक्का व्यावसायिक वातानुकूलित / सामान्य वाहन यथा स्कॉर्पियो / बोलेरो / पिकअप वैन (01 टन) की आवश्यकता है। वाहन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति / फर्म दिनांक 27.02.2023 के अप0 12.30 बजे तक जिला कार्यालय से निविदा प्राप्त करते हुए दिनांक 28.02.2023 के अप0 12.30 बजे तक वाहन किराया हेतु द्विलिफाफा (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उसी तिथि को अप0 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। किराये पर वाहन उपलब्ध कराने संबंधी अन्य शर्तें खूँटी जिला के आधिकारिक वेबसाईट https://khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 289872 District (22-23)_D

---

## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग,

चौथा तल्ला, निरूपण भवन, डोरण्डा, राँची।

e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा निर्गत e-Tender Reference No -RCD/FSD /AP/ RAN/**39**/22-23 Dated **06.02.2023** जिसका पी0आर0न0 289532 (Road) 22-23(D) है, अपहिर्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
प0 नि0 वि0, राँची

PR.NO.289885 Road(22-23):D

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-27/2022-23**

**Letter no - 123 Date :- 08/02/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Repair, Renovation & Restoration of Bardewa Lift Irrigation Scheme (Solar panel System) at Village Bardewa, Block - Padma, Dist -Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs. 93,81,124.00** |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 01.03.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 11.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 15.03.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) | Contact no. of Procurement officer | 06546-270485 |
| (b) | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 13.03.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division,Ranchi · |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website **http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag.**

PR.NO.289712 Minor Irrigation(22-23):D

---

## कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा (राजस्व शाखा)

Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

नगर परिषद, लोहरदगा क्षेत्रान्तर्गत सभी **Holding** धारियों को सूचित किया जाता है कि आम नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से **Holding (Property) Tax, Water User Charge** एवं **Trade License** शुल्क के ऑनलाईन भुगतान करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाईन भुगतान करने पर नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची द्वारा कुछेक शर्तों पर छूट का भी प्रावधान है। ऑनलाईन भुगतान के लिए चरणवार निम्नांकित प्रकिया अपनाई जा सकती है :–

First Step :- Visit Website : http://suda.jharkhand.gov.in
Second Step :- Pay Property Tax/ Water User Charge/ Trade License
Third Step :- Select Lohardaga Nagar Parishad Click on go to
Fourth Step :-Type your ward no. & Holding no. and click on search
Fifth Step :- Click on View Then Click on pay Property Tax/ Water User Charge/ Trade License
Sixth Step :- Click on check box and then click on pay property tax online
Seventh Step :- Fill Your Payment details (Credit Card, Debit Card, Net Banking or NEFT/RTGS and Then Click Make Payment) and Pay the Property Tax Online

अतः आप सभी धृतिधारकों से अनुरोध है कि नगर परिषद के राजस्व अन्तर्गत विभिन्न **Tax** यथा **Holding (Property) Tax, Water User Charge** एवं **Trade License** का ऑनलाईन भुगतान किया जाय एवं सरकार द्वारा दिये जा रहे छूट का लाभ पायें तथा लोहरदगा नगर परिषद को राजस्व का प्रत्यक्ष भुगतान करें।

धन्यवाद!

**नोट :– Online Payment में किसी प्रकार की जानकारी / असुविधा होने पर Toll Free No. 18002586545 पर या नगर परिषद, लोहरदगा के नोडल पदाधिकारी के मोबाईल संख्या 9110064990 जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 289658 Lohardaga(22-23)#D

---

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– BCD/BCHZB/GIRIDIH/21/2022-23 दिनांकः– 08.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Outdoor Football Stadium at Keshawari Block Suriya, Dist.-Giridih |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.67,58,400/- (Sixty Seven Lac Fifty Eight Thousand Four Hundred Seventy Five) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 21.02.2023 12.30 अपराह्न तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.02.2023 |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 289926 Building(22-23).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – 14 / 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 16.02.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 17.02.2023 को 01.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– दिनांक 17.02.2023 को 01.30 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5. कार्य मद :– SCA
6. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kamdara | Construction of PCC Road at Pushpa Jojo House to Asha Kiran Barla House, Village- Nawadih, G.P- Redwa. (Length- 0.110km) | 620300.00 | 12500.00 | 1250.00 | 1 माह |
| 2 | Gumla Sadar | Repair and Renovation of Skill Development office (Part-B) at Gumla. | 1267900.00 | 25500.00 | 2500.00 | 1 माह |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2- S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले / दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक हीं ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0 / –
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 289810 (Rural Work Department) 22-23 (D)

---

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना सं० –05 / 2022–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 16.02.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 17.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.02.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial type water purifier with Cooler of different models installed at RIMS Main Building and others Rims Departmental Building at Campus of RIMS Bariatu, Ranchiunder D.W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 8,43,467.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 10 Months |
| 2. | Repair and maintenance of Domestic/Commercial type water purifier with Cooler of different models installed at RIMS Boys Hostel and Girls Hostel at Campus of RIMS Bariatu, Ranchi under D.W. & S. Division Gonda, Ranchi. | 9,95,298.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 10 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

प्रभारी कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.289825 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

---

## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा

**Category- II** के बालू घाटों का **MDO** चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नम्बर | रकवा (हे0 में) | Yearly Production as per EC limit (CFT) | e- Tender Reference No :- | बेवसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कांटी (मुर्तिया) | चन्दवारा | 826 P & 1106 P | 4.31 | 26,03,896 | MINES/KANTI /MDO/03-2022-23 | 07.02. 2023 | 14.02. 2023 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 15.02. 2023 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी , कोडरमा। |
| 2 | लतबेधवा | जयनगर | 1006 | 4.00 | 20,74,520 | MINES/LATHB EDHWA/MDO /04-2022-23 | | | | | |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhand tenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई– निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी
कोडरमा

ह0 / –
उपायुक्त, कोडरमा

PR 289867 Mines and Geology (22-23)_D

---

## JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
### Science and Technology Campus, Sirkha Toli, Namkum, Ranchi - 834010, www.jutranchi.ac.in

**Letter No. :-JUT-15/2018/249 /Ranchi, Date: -10-02-2023**

**''शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के लिए संबद्धता प्राप्त किये जाने से संबंधित आवश्यक सूचना''**

1. झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.jutranchi.ac.in) पर उपलब्ध (ONLINE APPLICATION PORTAL के माध्यम से झारखण्ड राज्य के अंतर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (All India Council for Technical Education), भारतीय भेषजी परिषद् (Pharmacy Council of India), वास्तुकला परिषद् (Council of Architecture) एवं झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त सरकारी / गैर–सरकारी / पी0पी0पी0 मोड पर स्नाताकोत्तर / स्नातक / डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी अभियंत्रण, फॉर्मेसी, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सभी संस्थानों को आवेदन शुल्क रू0 – 25,000 / – (पच्चीस हजार), संबद्धता शुल्क रू0 – 1,00,000 / – (एक लाख) एवं विलम्ब शुल्क रू0 – 25,000 / – (पच्चीस हजार) देय होगा। डिमांड ड्राफ्ट "Jharkhand University of Technology" के नाम से Ranchi में भुगतेय होगा **(सभी राज्यकृत सरकारी संस्थानों का आवेदन और संबद्धता के लिए आवेदन निःशुल्क लिया जाना है)।**
2. बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्ट्रेशन (बी0बी0ए0), बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशनस (बी0सी0ए0) के पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार संबद्धता प्राप्त करने हेतु इच्छुक शैक्षणिक संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदन शुल्क रू0 – 25,000 / – (पच्चीस हजार), संबद्धता शुल्क रू0 – 1,00,000 / – (एक लाख) एवं विलम्ब शुल्क रू0 – 25,000 / – (पच्चीस हजार) देय होगा। डिमांड ड्राफ्ट "Jharkhand University of Technology" के नाम से Ranchi में भुगतेय होगा। साथ ही वैसे तकनीकी संस्थान जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (All India Council for Technical Education), भारतीय भेषजी परिषद् (Pharmacy Council of India) एवं वास्तुकला परिषद् (Council of Architecture) से मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थानों को उक्त पाठ्यक्रमो के संचालन के लिए अन्नापति प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। अन्यथा प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. जिन संस्थानों के द्वारा नये पाठ्यक्रमों के संबंद्धन हेतु आवेदन समर्पित किये जा रहे है वे संस्थान ऑन–लाईन किये गये आवेदन की हार्ड कॉपी की प्रति के साथ केवल आवेदन शुल्क रू0 – 25,000 / – (पच्चीस हजार) मात्र जमा करेंगे, जो कि Non-refundable होगा। AICTE / PCI / CoA से मान्यता मिलने के उपरांत संबंद्धन शुल्क की राशि रू0 1,00,000 / – (एक लाख) विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
3. झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (J.U.T.), राँची से शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के लिए उपरोक्त पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु संबद्धता प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट www.jutranchi.ac.in पर उपलब्ध ONLINE APPLICATION PORTAL के माध्यम से **दिनांक– 02–03–2023 तक (विलम्ब शुल्क रहित) एवं दिनांक–12–03–2023 तक (विलम्ब शुल्क सहित)** भरने के उपरान्त संबंधित आवेदन पत्र से संबंधित सभी अभिलेखों का (Hard Copy/Print Out) को सक्षम स्तर से अभिप्रमाणित एवं निर्धारित शुल्क के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। उक्त तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

माननीय कुलपति के आदेशानुसार
ह0 / –
कुलसचिव,
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची

PR 289897 (Jharkhand University of Technology)22-23*D

---

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय

102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **279/2022-23/RWD/SIMDEGA** दिनांक :- **09.02.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ SIMDEGA/11/ SRPKG-01/ 2022-23 | (i) कुरडेग पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ महुआ टोली से कोचेडेगा रामरेखा पथ बड़ा टोंगरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.100 कि0मी0) (ii) सिकरियाटांड़ भंजपाथर से सोगड़ा होते हुए करजिटांड़ ठाईटांगर पाकड़टांड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 9.950 कि0मी0) (iii) कोनपाला जामटांड़ से ठेठईटांगर बोलबा पथ भाया जपलंगा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 13.000 कि0मी0) (iv) बेन्दोजोर आर0ई0ओ0 पथ से पी0डब्लू0डी0 पथ भाया तुरतुरपानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.300 कि0मी0) (v) आर0ई0ओ0 पथ बानाबीरा से कुल्लुकेरा भाया टैंसेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.100 कि0मी0) | **13,66,75,000.00** | तेरह करोड़ छियासठ लाख पचहत्तर हजार रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ SIMDEGA/12/ SRPKG-02/ 2022-23 | (i) सर्पमुण्डा पथ से बनगांव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0) (ii) चटीटोली कुरडेग मुख्य पथ से केराईगुड़ी बस्ती नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.225 कि0मी0) (iii) ठेठईटांगर–बोलबा पी0डब्लू0डी0 से कोरोंजो तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.000 कि0मी0) (iv) लट्ठाखम्हन से बागचट्टा खरवागढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.040 कि0मी0) (v) कोनमेंजरा खास बस्ती से सिमडेगा सिमाना भाया बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0) (vi) कुरडेग मुख्य पथ से मोबाईल टावर आसनबेड़ा बस्ती तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.200 कि0मी0) | **7,96,29,400.00** | सात करोड़ छियानवे लाख उनतीस हजार चार सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **21.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **06.03.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **सिमडेगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **14.03.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **15.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **सिमडेगा** के पक्ष में एवं **सिमडेगा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 289830 (Rural Work Department) 22-23 (D)

## पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बनियाहीर स्थित डीएवी विद्यालय के




प्राचार्य एस मोदक के द्वारा भारतीय खनिक विद्यापीठ धनबाद ( आई.एस.एम) के तत्वाधान में आयोजित उम्मीद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान बच्चों को प्रशस्ति-पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। इन प्रतिभाशाली प्रतिभागियों में युगल नृत्य में आइशा नूर तथा रितिका दास को प्रथम स्थान, समूह नृत्य में नंदनी कुमारी, अर्चिता दास, तनुश्री आदि बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अतिरिक्त तीरंदाजी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी प्राचार्य के द्वारा प्रसस्ति पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्राचार्य ने सफल प्रतिभागियों के प्रशिक्षक रमन राय, असीम प्रियादर्शी, अरुनधती मिश्रा, कुमकुम चक्रवर्ती आदि का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी प्रकार हमें अपने प्रयास से शैक्षनिक क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय के गौरव को आगे बढ़ाना है।

## पति के प्रताड़ित करने का मामला पहुंचा मानवाधिकार सहायता संघ की शरण में

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के रहने वाले असगर अली ने मानवाधिकार सहायता संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरव शर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी शर्मा से संपर्क कर अपनी बहन शबाना परवीन को उनके पति द्वारा प्रताड़ित करने के संबंध मे जानकारी दी। बताया कि मेरी बहन शबाना परवीन का विवाह कतरास के रहने वाले शमशाद अंसारी से इस्लामिक रीति रिवाज से हुआ था। विवाह के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा किन्तु इन दिनों मेरी बहन को उनके पति के द्वारा लगातार मारपीट और गाली गलौज कर तरह तरह से यातनायें देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। अत÷ हमारी कृपा करे। इस बाबत गौरव शर्मा एवं शिल्पी शर्मा ने असगर अली को आश्वस्त किया की निश्चित रूप से उनकी बहन के साथ न्याय होगा और सभी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाएगा।

## गिरिडीह की पश्चिम सिंघभूम पर बड़ी जीत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट




अंडर-19 वोमेन्स टूर्नामेंट के पहले मैच में गिरिडीह की ओर से श्रेयांशी के 155 रन, कुमारी खुशी के 68 रन तथा प्रीति मण्डल के 31 रनों की बदौलत 40 ओवरों के मैच में गिरिडीह ने 322 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसका पीछा करते हुए पश्चिम सिंहभूम की पूरी टीम 105 रनों पर ही आल आउट हो गयी, इस प्रकार गिरिडीह ने ये मैच 217 रनों से जीत लिया। गिरिडीह की ओर से गेंदबाजी करते हुए स्नेहा यदुवंशी, रानी कुमारी, अंकिता चौरसिया तथा नैना कुमारी ने 2-2 विकेट लिए तथा श्रेयांशी ने 1 विकेट लिए। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के रूप में श्रेयांशी को चुना गया। गिरिडीह जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से टीम को बधाई एवं अगले मैच की ढेरों शुभकामनाएं।

## लावारिश शव को सोहराब खान एंड टीम ने किया सुपुर्द-ए-खाक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के जाने वाली सड़क



डीएवी स्कूल रोड के पास लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात का शव पड़ा मिला। वहाँ के फुटपाथ दुकानदारों ने बैंक मोड़ थाना को इस की सूचना दी। बैंक मोड़ थाना के अफ़सर शाकिर अली द्वारा पूछ-ताछ करने पर स्थानीय लोगों ने बताया की मृतक मानसिक रूप से विछिप्त था एवं माँग-खा कर अपनी ज़िन्दगी गुज़र बसर करता था,जिसके आगे पीछे,सगा संबंधी कोई नही है। बैंक मोड़ थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर कागज़ी कारवाई पूरी होने के बाद पुराना बाज़ार चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व-अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने बैंक मोड़ प्रशासन आग्रह पर अपने सहयोगी मित्रों नौजवान कमिटी,पुराना बाज़ार के हाज़ी मो. सयैद ख़ालिद,अफ़रोज़ खान,आरिफ मंडल,मो. खुर्शीद आलम के सहयोग से पूरे सम्मान के साथ, पूरे मुस्लिम धार्मिक रीति-रिवाज से बेसहारा अज्ञात मृतक का रांगातांड कब्रस्तान में ज़नाज़े की नामज़ अदा करने के बाद सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। बताते चले की कोयलांचल में सोहराब खान लावारिश लाशों फिर चाहे मृतक हिन्दू हो या मुस्लिम,उसके धार्मिक पहचान के साथ पूरी रीति-रिवाज़ से अंतिम संस्कार करने लिए और अपने सामाजिक कार्यो के लिए जाने जाते हैं,सोहराब खान अपने सहयोगियों के साथ अब तक करीब 190 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार कर चुके है। पूछने पर सोहराब खान कहते है ÷जिसका कोई नही,उसका तो बस खुदा है यारों÷ और वही खुदा,ईश्वर के द्वारा हमें ऐसे नेक कामों के लिए चुन लिया जाता है और मैं बस एक कोशिश करता हूँ,अपने हिस्से की इंसानियत अदा करने की। सोहराब ने कहा की इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नही है। इंसनियत धर्म निभा कर मुझे बेहद खुशी मिलती है।

## पत्नी ने खाया जहर, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा के काण्डरा पंचायत के इब्राहीम खान की दुसरी पत्नी जैबुन बीबी की ज़हर से हुई मौत परिजनों ने लगया हत्या का आरोप। मृतका के मायके तेतुलिया पंचायत निरसा के मुखिया कैलाश मोदी ने कहा कि 13 साल पुर्व समद खान की पुत्री का विवाह कांड्रा महुदा मोड़ निवासी इब्राहीम खान के साथ हुई थी। तब से लेकर लगातार वह अपने पत्नी को मानसिक व शाररिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इससे पहले इब्राहीम खान की शादी कतरास में हुई थी। उसे भी वह प्रताड़ित आये दिन करता था। जिसका मामला अभी भी न्यायालय में चल रहा है। यह दुसरी शादी थी। इसे भी वह प्रताड़ित कर कर के मौत के काल में समा दिया।बताया जाता हैं कि फर्द बयान के आधार पर होगी करवाई। मृतिका अपने पिछे एक पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गयी।

## मोदी समाज सेवा ट्रस्ट के धर्मशाला का भूमि पूजन संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को मोदी समाज सेवा ट्रस्ट ने सुगियाडीह में समाज के धर्मशाला के निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने मोदी समाज के धर्मशाला निर्माण को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य बताया और कहा इसके बनने से समाज को बहुत ही सुविधा होगी।

# दवा का सेवन कर डीडीसी ने किया मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

### सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

### स्टोर रूम को व्यवस्थित करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज सदर अस्पताल पहुंचकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का फाइलेरिया की दवा का सेवन कर शुभारंभ किया। दवा का सेवन करने के बाद उन्होंने कहा कि लोगों को स्वस्थ और रोग मुक्त रखने के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आज से जिले में शुभारंभ किया गया है। 11 फरवरी से 25 फरवरी तक छूट हुए लोगों को दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने



दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद उन्होंने सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के साथ अस्पताल में मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने हर विभाग में जाकर मरीजों को मिलने वाली दवा तथा इलाज में काम आने वाले उपकरणों से संबंधित रजिस्टर की जांच की। इसके बाद डीडीसी ने सदर अस्पताल के स्टोर रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि स्टोररूम में सभी वस्तुओं को सुव्यवस्थित तरीके से रखें। यह सुनिश्चित करें कि इसमें रखी दवा की डिलीवरी मरीज तक हो। उसका पूरा रिकॉर्ड संधारण करके रखें। अस्पताल के सुचारू संचालन में ओपीडी की तरह स्टोररूम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर फायर फाइटिंग सिस्टम स्थापित करने, आपातकाल की स्थिति में निकासी द्वार व अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए। मौके पर डॉ सुनील कुमार, फाइलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर सुधा सिंह, वीबीडी पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह व अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस की छापेमारी : 140 टन स्टीम कोयला सहित चार ट्रक जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** कोयले के अवैध धंधेबाजों के विरुद्ध वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर निरसा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी एसडीपीओ पी एस खरवार के नेतृत्व में निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दिलीप कुमार यादव अपने अधिनस्त अधिकारियों के साथ बीती रात लगातार तीन भट्ठों में छापामारी की। तीनों भठ्ठों से 140 टन स्टीम कोयला सहित चार ट्रक जब्त किया। पुलिस के इस करवाई से कोयले के अवैध धंधेबाजों में खलबली व दहशत व्याप्त हो गई है।अधिकारी द्वय ने बताया कि मुन्ना खान के भठ्ठे से 65 टन, छोटन सिंह व जितेंद्र साव के भठ्ठे से 75 टन कोयला एवं दोनों भठ्ठे से दो दो ट्रक जब्त किया गया है। पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भठ्ठे के संचालको को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। सूत्र के अनुसार पुलिस की उक्त करवाई से कोयले के अवैध धंधेबाजों में खलबली व दहशत व्याप्त हो गई है। पुलिस का एक साथ तीन भठ्ठों में छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला सहित चार ट्रक पकड़ना यह दर्शाता है कि पुलिस अपनी कर्तब्यनिष्ठा का सही निर्वहन करना शुरू कर दिया है। आम जनता ने भी पुलिस की इस करवाई को सराहनीय कदम बताया है।

# जनता दरबार : विशेष कार्य पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** विशेष कार्य पदाधिकारी श्री सुशांत मुखर्जी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन आए। इस दौरान शहीद सीआरपीएफ हीरा कुमार झा की पत्नी बीनू झा ने कृषि योग्य जमीन आवंटन के संबंध में एक आवेदन दिया। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के संकल्प के अनुसार शहीद के आश्रितों को 12.5 डिसमिल भूमि आवास के लिए एवं 5 एकड़ भूमि कृषि के लिए देने का प्रावधान है। लेकिन उन्हें कृषि योग्य भूमि मात्र 3 एकड़ ही मिली है।

उन्होंने विशेष कार्य पदाधिकारी से और 2 एकड़ भूमि आवंटन की मांग की। इस दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# होली के अवसर पर 03 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आनंद विहार-राजगीर, सहरसा-अंबाला तथा मुजफ्फरपुर-बलसाड के मध्य चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** होली के अवसर पर यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा आनंद विहार एवं राजगीर, सहरसा एवं अंबाला तथा मुजफ्फरपुर एवं बलसाड के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन निम्नानुसार किया जायेगा -

1. 03251 /03252 राजगीर-आनंद विहार- राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेशल÷ 03251 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट होली स्पेशल दिनांक 10.03.2023 से 24.03.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को राजगीर से 20.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 03252 आनंद विहार-राजगीर सुपरफास्ट होली स्पेषल दिनांक 11.03.2023 से 25.03.2023 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान करेगी एवं विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 19.30 बजे राजगीर पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन बिहार शरीफ, बख्तियारपुर, पटना जं, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेषनों पर रूकेगी।

2. 05577/05578 सहरसा-अंबाला-सहरसा होली स्पेषल÷ गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-अंबाला होली स्पेषल दिनांक 10.03.2023 से 17.03.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को सहरसा से 19.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन दूसरे दिन 00.15 बजे अंबाला पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 05578 अंबाला-सहरसा होली स्पेषल दिनांक 12.03.2023 से 19.03.2023 तक प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को अंबाला से 04.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.45 बजे सहरसा पहुँचेगी । अप एवं डाउन दिषा में यह ट्रेन सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, हसनपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर कैंट स्टेषनों पर रूकेगी।

3.05269/05270मुजफ्फरपुर -बलसाड-मुजफ्फरपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक होली स्पेषल÷ गाड़ी संख्या 05269 मुजफ्फरपुर-बलसाड होली स्पेशल दिनांक 09.03.2023 से 16.03.2023 तक प्रत्येक गुरुवार को मुजफ्फरपुर से रात्रि 20.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 12.30 बजे बलसाड पहुंचेगी।

# पूरे देश में मेहनतकशों तथा गरीब-गुरबों के हक की लड़ाई तेज होगी : राजेश

### पटना में आहूत 'लोकतंत्र बचाओ रैली' तथा पार्टी के 11वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर माले की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** भाकपा माले का 11 वां राष्ट्रीय महाधिवेशन देश की राजनीति और गरीब-गुरबों के मुक्ति संघर्ष को एक नई दिशा देने का काम करेगा। पूरे देश में मेहनतकशों तथा गरीब-गुरबों के हक-अधिकार की लड़ाई तेज होगी। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज बेंगाबाद में संपन्न पार्टी की गांडेय विधानसभा स्तरीय जीबी मीटिंग को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि, देश में बढ़ती फासीवादी ताकतों ने लोकतंत्र के लिए खतरा



उत्पन्न कर दिया है। संविधान की मूल भावना को लगातार आहत करने का प्रयास जारी है। किसान-मजदूरों के हक मारे जा रहे हैं, और मुठ्ठी भर पूंजीपति मालामाल हो रहे हैं। आम जनता को धर्म मजहब में बांटकर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम किया जा रहा है। माले नेता ने कहा कि, आज आम आवाम को इस जनविरोधी साजिश के खिलाफ सचेत होने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से पार्टी के 11वें महाधिवेशन की सफलता के लिए पूरी ताकत लगाने तथा 15 फरवरी को पटना में आहूत लोकतंत्र बचाओ रैली में बढ़-चढ़कर शिरकत करने की अपील की तथा इसकी तैयारी के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, महताब अली मिर्जा, पप्पू खान, राजेंद्र मंडल,श्यामकिशोर हांसदा, कन्हैया सिंह, प्रदीप यादव, छोटेलाल यादव, टिपन सिंह, महेश वर्मा, छोटू यादव, दिनेश यादव, महेन्द्र साव, लक्ष्मण रजक, लाखेश्वर राना, राजदेव तुरी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, झुन्नू कोल, बिरजू कोल समेत अन्य मौजूद थे।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा के भाटडीह ओपी के पावर हाउस के समीप नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस महायज्ञ के प्रथम दिन कलश जल यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष, श्रद्धालु, भक्तगण गेरूआ वस्त्र धारन कर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा मन्दिर प्रांगण से शुरू होकर तेतुलिया, भाटडीह होते हुए दामोदर नदी के तट पर पहुँचा। वहाँ आचार्यो के द्वारा पूजा-अर्चना कराया गया।

# संगठन निर्माण पहली प्राथमिकता : जिला उपाध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आम आदमी पार्टी झारखंड में संगठन मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। हर जिले में इसको लेकर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में भी विभिन्न प्रखंडों के गाँव और पंचायतों में संगठन निर्माण का कार्य चल रहा है। संगठन विस्तार का काम तेजी से हो इसके लिए रोजन अंसारी और बासोनी हांसदा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेताद्वेय ने बताया कि गिरिडीह में आम



आदमी पार्टी का संगठन निर्माण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। रोजन अंसारी ने कहा कि संगठन निर्माण के बाद जनमुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरेगी। बासोनी हांसदा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरूंगी। दोनों ने प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा सहित प्रदेश कमेटी और केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया है ।

जिला उपाध्यक्ष बनने पर दोनों नेताओं को बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में केन्द्रीय पर्यवेक्षक दिनेश यादव, आशीष भदानी, राजीव रंजन, अभिषेक सिन्हा, मेहबूब अंसारी, निर्मल प्रसाद महतो, सीताराम महतो, राजेश महतो, तेज नारायण महतो, लक्ष्मण ठाकुर, रोहित विश्वकर्मा , मो साजिद, राजेश यादव, जय प्रकाश वर्मा, मुखिया सह आप नेता सदीक अंसारी, बिनोद कुमार, सहित कई लोग शामिल हैं।

# नियोजन अधिनियम व नियमावली को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला नगर स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के कम्यूनिटी हॉल में आज झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के अनुपालन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला एवं निबंधन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उक्त नियमावली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नियमावली के क्रियान्वयन एवं प्रगति पर भी चर्चा की गई।



अधिनियम के अंतर्गत नियोजक की परिभाषा में आने वाले सभी प्रतिष्ठानों को नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। कार्यशाला में नियोक्ता द्वारा अधिनियम से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न किए गए जिसका आनन्द कुमार, नियोजन पदाधिकारी धनबाद एवं संतोष कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, बोकारो थर्मल द्वारा उत्तर दिया गया।

# रेम्बा में विद्यालय स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के झारखंडधाम क्षेत्र अंतर्गत रेम्बा में नमन इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एवं सोशल रिसर्च के द्वारा प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं टी के एन के उच्च विद्यालय जनता जरीडीह के पूर्व प्रधानाध्यापक दिनेश्वर वर्मा के नेतृत्व में रेम्बा में गुणवत्ता पूर्ण ,आधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा हेतू नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा की स्थापना हेतु शुक्रवार को भूमि पूजन की गई । विद्यालय के मुख्य संरक्षक एवं मानद निदेशक दिनेश्वर वर्मा ने कहा कि यह विद्यालय एक बड़े स्तर पर ग्रामीण इलाकों के बच्चों हेतु वरदान साबित होगी। इस ग्रामीण इलाके के बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अच्छे शिक्षकों के मार्गदर्शन में दी जायेगी । लगभग दो एकड़ में विकसित यह एक बेहद ही हरा भरा सुंदर स्वच्छ परिवेश में कई अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त बच्चों को एक सकारात्मक माहौल देने का कार्य करेगी । नमन इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा सी बी एस ई पाठ्यक्रम पर निर्धारित विद्यालय में डिजिटल क्लास, पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब ,लैंग्वेज लैब, बच्चों का पार्क , योग एवं ध्यान क्लास , शैक्षणिक भ्रमण , सी सी टी वी कैंपस , वाई फाई कैंपस , ओलंपियाड , वाहन की सुविधा , नियमित खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ एक बेहतरीन माहौल, हॉस्टल की सुविधा के साथ उपलब्ध रहेगी जो ग्रामीण स्तर के बच्चो को एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षा माहौल देने का कार्य करेगी।

# झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची ने मुखिया के आवेदन पर तत्काल संज्ञान लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड के मलुवाटांड़ पंचायत के मुखिया पोदीना देवी ने प्रखंड खाद्य अधिकारी द्वारा नवम्बर 2022 एवं दिसम्बर 2022 पि एम् जी एवं एन एफ एस ए राशन डीलरों को उपलब्ध नहीं कराने को लेकर झारखण्ड खाद्य आयोग रांची को आवेदन देकर आबंटन शीघ्र उपलब्ध कराते हुवे जाँच कर उचित करवाई की मांग की थी। मुखिया के इस मामले को झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची के सदस्य सचिव संजय कुमार ने तत्काल संज्ञान में लेते हुवे प्रधान सचिव को प्रखंड के सभी डीलरों को दो माह का राशन वितरण गहन सरकारी निगरानी में करने का आदेश जारी किया है वही कहा की ऐसी स्थिति में उपरोक्त अवितरित अनाज विशेषकर दिसम्बर 2022 के आनाज वितरण ऑफ़ लाइन दर्शाते हुवे पि डी एस के आनाज की कालाबाजारी की संभावना से इंकार नहीं किया सकता है। मलुवाटांड़ पंचायत के मुखिया पोदीना देवी के आवेदन के आलोक में कहा था की गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड के कुल 42 पंचायतो में से मात्र दो पंचायत को राशन आबंटित हुवा है। किन्तु शेष पंचायतो के राशन डीलर द्वारा राशन अप्राप्त रहने के वावजूद ई पॉस मशीन में हजारो किवंटल अनाज की डिलीवरी दर्ज करा दी गई है। विदित हो की माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित वाक्यांश की कोई भूखा न मरे के बावजूद अभी ताज जमुआ प्रखंड में नवम्बर 2022 से राशन कार्डधारियों के बिच वितरण हेतु डीलरों को आपूर्ति नहीं किया गया है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोग भुखमरी की कगार पर है। वैसे भी जमुआ प्रखंड सुखद घोषित में आनाज नहीं से लोग काफी विवश है।

# लोहरदगा में हथियार के साथ पीएलएफआइ के 2 उग्रवादी गिरफ्तार : आर रामकुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुलिस ने जिले के कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला कालीपुर जंगल से खदेड़कर दो पीएलएफआई उग्रवादी को हथियार और नक्सली पर्चा के साथ गिरफ्तार किया है। नक्सलियों की पहचान सुरेश महतो बालसोकरा रांची जिला और मुन्ना उरांव चंदवा थाना, लातेहार निवासी के रूप में हुई है। दोनो नक्सली पीएलएफआई के हार्डकोर नक्सली कृष्णा यादव के दस्ते के सक्रिय सदस्य है। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया है। पीएलएफआई के 6-7 सदस्य की टीम हथियार के साथ लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र और लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में सक्रिय थे और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए घटना को अंजाम दिया करते थे। इसी क्रम में लगातार कुडू थाना अन्तर्गत मकान्दु स्थित क्रेशरों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पी0 एल0 एफ0 आई0 के द्वारा लेवी से संबंधित पर्चा साटा गया तथा दहशत फैलाने के



लिए देसी बम भी क्रेशर के पास फोड़ा गया। इस संबंध में कुडू थाना में दो प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमे कांड संख्या-16/23 दिनांक 31.01.2023 धारा 387 भा0 द0 वि0 एवं 17 सी0 एल0 ए0 एक्ट और कुडू थाना कांड संख्या - 17/23,दिनांक- 03.02.2023 धारा- 385/387/435 भा0 द0 वि0 एवं 17 सी0 एल0 ए0 एक्ट शामिल है। वही इसी दस्ते के द्वारा 15 नवम्बर 2022 को कुडू थाना अन्तर्गत कुडू लक्ष्मीनगर में विकास साहु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में कुडू थाना कांड संख्या 172/2022 दिनांक- 15.11.2022 धारा 324/307/ 302/1208 भा0 द0 वि0 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 छ्रु एक्ट दर्ज की गई है। इन तीनों कांडों के उद्भेदन के लिए S. I.T. टीम का गठन किया गया था। एसपी आर रामकुमार ने बताया की लोहरदगा पुलिस और एस आई टी की टीम को अनुसंधान के क्रम में को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि क्ष्ररुद्ध का एरिया कमाण्डर कृष्णा यादव अपने 6-7 दस्ते के सदस्यों के साथ कुडू थाना अन्तर्गत् हेजला कालिपुर के जंगल में हथियार बंद होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। स्ढ्ढ.ञ्ज. टीम के द्वारा सशस्त्र बल के साथ पीएलएफआई दस्ता को घेरते हुए छापामारी किया गया जिसमे पुलिस को देखते हुए कुछ नक्सली भागने लगे, जिनमें से दो नक्सलियों को सशस्त्र बल के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। इनके पास से अवैध हथियार गोली दो 9 एमएम की पिस्टल एवं पूर्व के घटनाओं में प्रयुक्त एक होंडा मोटरसाईकिल एवं लेवी से संबंधित नोटबुक बरामद किया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के बयान के आधार पर विकास साहू हत्याकांड में इनकी संलिप्ता थी और क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम देने में इनकी भागीदारी रही है। लोहरदगा पुलिस द्वारा लेवी वसूली और विकास साहू हत्याकांड में संलिप्त अन्यअभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी का जा रही है। इस छापामारी अभियान में दीपक कुमार पाण्डेय, अभियान एसपी लोहरदगा, वशिष्ट नारायण सिंह, एसडीपीओ लोहरदगा,मंटु कुमार अंचल निरीक्षक किस्को, विश्वजीत कुमार थाना प्रभारी कुडू, सब इंस्पेक्टर अभिनव कुमार, तकनिकी शाखा और सशस्त्र बल शामिल थे।

## पीरामल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अर्नब कुमार साउ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रोजेक्ट बेसड लर्निंग कार्यक्रम का समापन किया गया।यह कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठेठईटांगर में किया गया। छात्राओं ने साइंस स्ट्रीम की उपयोगिता और कचरा प्रबंधन कम्पोस्टिंग विषय के ऊपर विशेषज्ञों से बातचीत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भरत सिंह, राकेश प्रसाद ने छात्राओं के सभी सवालों का जवाब दिए। कार्यक्रम में जैविक खेती, कीटनाशकों के न्यूनतम प्रयोग, भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिये फसल चक्र, हरी खाद, कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, साइंस स्ट्रीम बेहतर क्यों, भविष्य में इससे क्या क्या लाभ होनी वाली है साथ ही सभी को लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने के साथ साथ अनेकों विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं चर्चा भी की गई। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्राओं ने स्कूल कैंपस के अंदर पाया गया गिला कचरे को नीला डस्टबिन और सुखा कचरे को हरा डस्टबिन में अलग किया और बायो-डीग्रेडबल कचरा के प्रयोग से कम्पोस्ट बनाया। बताया गया कि कार्यक्रम से छात्राओं का रुझान साइंस स्ट्रीम की ओर बढ़ा है। कार्यक्रम समापन के मौके पर महादेव प्रसाद, चंद्रसिंह पाढ़बि, विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीला भेन्गरा, शिक्षक पूनम साहू, ममता कुमारी आदि मौजुद थे।

## फलदार पेड़ की कटाई पर दो पक्षों में विवाद, मामला पहुँचा थाना



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आम पेड़ कटाई पर दो पक्षों में विवाद उतपन हुआ मामला सेन्हा थाना पँहुचा कारवाई में जुटी पुलिस। बताया जाता है कि बदला ग्राम में घर के समीप लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव का लगा फलदार आम पेड़ की कटाई बदला निवासी मुन्ना साहु एवं दोनो पुत्र परमेश्वर साहु,पवन साहु के द्वारा किया गया। वहीं प्रथम पक्ष के द्वारा मना करने पर पूरे परिवार संयुक्त रूप से गली गलौज करते हुए मारने पर उतारू हो गये। मामला को विगडता देख लाल वीरेन्द्र नाथ शाहदेव ने पुलिस प्रशासन का सहारा ले लिखित आवेदन देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को अवगत कराया। साथ ही कहा की पूरे परिवार लड़ाकू प्रवृति का है। इससे पूर्व भी गांव में कई परिवार से लड़ाई झगड़ा कर धमकी देते रहता है। पुलिस प्रशासन की बात बोलने पर कहता है। कि जहां जाना है जाओ किसी का मुझे प्रवाह नही है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## बदला गांव में सुकन्या समृद्धि योजना खाता खोलने को लेकर शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति और डाक आधीदर्शक सुरेश साहू की अगवाई में सबडिवीजन के अंतर्गत बदला गांव में सुकन्या समृद्धि योजना खाता खोलने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासी उपस्थित हुए और भारी मात्रा में खाता खोला गया। शिविर में पोस्ट मास्टर जगमनी देवी, असिस्टेंट पोस्ट मास्टर जय ठाकुर, ओम महतो एवं सभी डाक कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी व एसपी ने की सड़क सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, उत्पाद व कारा मण्डल मामलो से संबंधित समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अध्यक्षता में, सड़क सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, उत्पाद, व कारा मण्डल मामलें से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त ने वर्ष 2021 एवं 2022 में हुए अब तक की सड़क दुर्घटना की जानकारी लेते हुए यातायात नियमों के पालन सुनिश्चित कराते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. जिला परिवहन पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश यादव ने वर्ष 2021-22 में हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं उन दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का तुलनात्मक आंकड़ा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक सड़क दुर्घटना बानो प्रखण्ड



में हुआ है. जिस पर उपायुक्त ने बानो प्रखण्ड में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लागाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जागरूकता अभियान की बात कही. उन्होंने राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग को दिये गये निर्देश के प्रति अनुपालन कार्य की जनकारी ली. साथ ही सड़क किनारें की झाड़ियों का कटाई कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कारा मण्डल एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उत्पाद विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने सिमडेगा जिलान्तर्गत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों से दिसम्बर एवं जनवरी माह में शराब के बिक्री की समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने हेतु निरन्तर छापामारी अभियान चलाते रहने की बात कही। बैठक में माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र खूंटी प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मो0 शहज़ाद परवेज़, डीएसपी पतरास बरवा, कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल श्री विजय कुमार सिन्हा, उत्पाद अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण पदाधिकारी, असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## एसएलडब्लूएम पर एक दिवसीय कार्यशाला में स्वच्छता हेतु जागरुकता आवश्यक : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड कार्यालय के सभागार मे 10 फरवरी शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की के अध्यक्षता में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्लूएम) सालिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महतो ने चर्चा किया कि प्रखंड ओडीएफ हो चुका है इसे बरकरार रखने के लिए हमे सतत प्रयास करते रहना है एस0बी0 एम0 फेज 2 के अंतर्गत तरल एवं ठोश कचड़ा अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए ग्राम सभा मे सामुदायिक प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने के लिए,एवं सेड योजना को ले सामुदायिक नाडेप, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत सोखता गढ़ा ले वैसे ग्रामीण को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर



सोखता गढ़ा की सूची बनाएं, जिनका घर से पानी सड़क पर बहता है। जिला समन्वयक परवेज आलम ने कहा की हमे शुद्ध पानी तब ही मिलेगा जब हम स्वछता के प्रति जागरूक रहेंगे जब भी शौच के लिए जाएँ तो शौचालय में ही जाय जब हम पानी का संरक्षण करेंगे तब ही उसे पुनः इस्तमाल कर सकते हैं मनुष्य के अलावा जानवरों एवं पेड़ पौधों को भी पानी की आवश्यकता होती है इस लिए हम पानी को बचाये तो ज़िन्दगी बचेगी अन्यथा मानव जीवन की कल्पना करना असंभव हैं। आज के उक्त कार्यशाला सह प्रशिक्षण मे पंचायती राज प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक आकाश कुंवर, दिनेश कुमार, कैरो मुखिया वीरेंद्र महली, सढ़ावे मुखिया सुमित्रा उराँव, पंचायत सचिव गुहा उराँव, सुहैल अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी, रोजगार सेवक जल सहिया जेएसएलपीएस की सक्रिय सदस्य इत्यादि उपस्थित थे।

## विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फरवरी व मार्च 2023 में विभिन्न पंचायतों में पंचायत भवन और पशु अस्पतालों में दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय चरण) का आयोजन 04 फरवरी से नियमित रूप से किया जा रहा है। इस कड़ी में अगला पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी 2023 को किया जाएगा। 13 एवं 14 फरवरी 2023 को दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत भवन, सुंदरू पंचायत भवन, सदर प्रखंड के तिगरा पंचायत भवन, जोरी पंचायत भवन, सेन्हा प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन, भंडरा प्रखंड के आकाशी पंचायत भवन, प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन भंडरा, किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत भवन, हिसरी स्थित पंचायत भवन और कैरो प्रखंड के सढ़ाबे स्थित पंचायत भवन में किया जाएगा। शिविर में पशुओं में एफएमडी, एलएसडी एवं बाछियों में ब्रूसेलोसिस का टीकाकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार ने दी।

## धीरज प्रसाद साहू ने साहिबगंज के लिए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झंडा दिखाकर किया रवाना



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता साहेबगंज के लिए रवाना हुए। राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झंडा दिखाकर रवाना किया। विदित हो कि कल साहेबगंज में अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे जी हाथ से हाथ जोड़ों का शुभारंभ करेंगे। इसी कार्यक्रम के निमित्त लोहरदगा से सैकड़ों कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में साहेबगंज के लिए रवाना हुए। जैसा कि केंद्र की भाजपा सरकार समाज में आपसी नफरत फैलाकर समाज को तोड़ने का काम कर रही है कांग्रेस के कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से आपसी समन्वय बनाकर हाथ से हाथ जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे और समाज में एकरूपता आपसी समन्वय सद्भाव स्थापित करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, कमल केसरी, शाहिद अहमद बेलु, कुणाल अभिषेक, तनवीर गौहर, जुगल उरांव, समूल अंसारी, जय नाथ साहू, अनिल उरांव, मनीष कुजूर, रुस्तम अंसारी, कमरुल इस्लाम, रशीद अंसारी, अब्बू रेहान, जियाउल अंसारी, शनियारो उरांव, गंगा उरांव, बसंती उरांव, मुनेश्वर उरांव, शेख सादिक, मो आजम, विजय उरांव, सुशील उरांव, इरसाद अंसारी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## ठोस एव तरल अपशिष्ट पदार्थ को उपयोग कर खाद बनाया जा सकता है : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आंकड़ा संग्रह एवं क्रियावयन हेतु प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहिया दीदी को कार्यशाला एवं प्रशिक्षण बीपीओ निलेन्द्र कुमार तथा मनीषा रानी द्वारा दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ठोस कचरा व तरल कचरा एवं सामुदायिक कचरा को हम सामाजिक जागरूकता के तहत वर्मी कंपोस्ट बना सकते हैं। इसको लेकर इच्छुक लोगों का सर्वे प्रपत्र में भरना है। जिसे 15 फरवरी तक जल सहिया दीदी अपने अपने ग्राम वार सर्वे रिपोर्ट प्रखंड मुख्यालय में जमा करेंगे जल सहिया दीदी समाज के ग्रामीणों को जोड़कर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत समाज में जागरूकता फैलाए। वही प्रशिक्षण सह कार्यशला में मुख्य रुप से बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया पार्वती उरांव, कमला देवी, बन्धन उराव, राजश्री उरांव, पंचायत सचिव महिपाल उरांव, अधीश खाखा, भैया भगत, सुजीत उराव, ओमप्रकाश साहु, नागमनी उरांव, रिजवान अहमद मनीषा रानी आदि उपस्थित थे।

## जे.जे.बी.ए. के बैनर तले वनपालन समिति की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बोलबा प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम गटीगढ़ा में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले वनपालन समिति की बैठक सिलबेस्तर केरकेट्टा की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के जिला मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को आमंत्रित किया गया।मौके पर खुशीराम कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है,लेकिन दुर्भाग्य अपने ही देश और राज्य में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अभी झारखंड के वर्तमान महागठबंधन की सरकार की उदासीनता रवैया अपनाने के कारण यहां की आदिवासीयों एवं अन्य परंपरागत वन्य निवासीयों ठगा



महसूस कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने अभी तक जल जंगल जमीन की बात तो कर रही है लेकिन धरातल पर हमारे मालिकाना अधिकार के लिए सामुदायिक वन पट्टा नहीं देना और हमारे दखल की गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है उसे अभी तक निरस्त नहीं करना चिन्तनीय है। आगे अपने वक्तव्य में खुशीराम कुमार ने ये भी कहा कि हमारी अस्मिता, जीविका और संस्कृति से जुड़ी हुई जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा।पेड़ों की कटाई को रोकना होगा और जंगलों में आग न लगे इसका ख्याल रखना होगा और अभी की ज्वलंत समस्या है।

## जलडेगा थाना परिसर में शिवरात्रि एवं होली त्योहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा थाना परिसर में शिवरात्रि एवं होली त्योहार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सीओ खगेन महतो, बी.डी.ओ. विजय राजेश बरला, जिला परिषद रोजालिया शांता कंडुलना, प्रमुख जुसाफ लुगून, थाना प्रभारी हिरालाल महतो की संयुक्त मौजूदगी आयोजित बैठक में शिवरात्रि एवं होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में आपसी सहयोग से मनाने का निर्णय लिया गया। सीओ खगेन महतो ने कहा नशा को समाजिक बहिष्कार करना चाहिए एवम् त्योहार की अवधि में दारु पिने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मिडिया का मिस यूज ना करें ,भड़काऊ मेसेज पोस्ट ना करें। बैठक में बिजली कार्यशैली पर सवाल किया गया बिजली विभाग बिजली बील के लिए अनावश्यक परेशान किया जाता है। शांति समिति की बैठक में सभी पंचायत से अधिकतम चार सदस्य उपस्थित रहे। मौके एस आई धीरज उरांव, बिरेंद्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा, मुखिया बिपिन बडिंग, बालमुनी लुगून, विश्वनाथ साहू, बिनोद साहू, हेमश्रण सिंह, कृष्णा सिंह, जयंती देवी, जोगे बिझिया, मोतीलाल ओहदार, दिलेश्वर साहू के अलाव अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय में बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में केंद्र के आदेशानुसार बजट पर चर्चा कार्यक्रम गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय टेन प्लस टू में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सह ओबीसी मोर्चा लोहरदगा के महामंत्री रितेश कुमार उपस्थित रहे। बजट पर चर्चा कार्यक्रम में रितेश कुमार ने बच्चों को बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि बजट में आने वाले वित्तीय वर्ष का संपूर्ण आर्थिक अनुमानित व केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित आय व्यय का लेखा-जोखा होता है। बजट हर साल केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है। बजट से ही देश का विकास और देश का भविष्य तय होता है। साथ ही साथ इन्होंने बतलाया कि वितीय वर्ष 2023-2024 हेतु लोकसभा में पारित बजट के अनुसार



व्यक्तिगत आयकरदाताओं को 7 लाख तक का इनकम टैक्स फ्री किया गया है। जबकि शिक्षा के क्षेत्र में 740 एकलव्य विद्यालय में 38,800 शिक्षकों का नियुक्ति होना भी तय किया गया है। एशिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क भारत का है और रेलवे के विकास के लिए 240 लाख करोड़ रुपए रेलवे को सौगात दिया गया, जबकि विभिन्न नगरों में नये हवाई अड्डा बनाने का भी प्रस्ताव है। किसानों के लिए बागवानी मिशन के तहत 22 सौ करोड़ रुपए दिया गया है। इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने बच्चों से चर्चा करते हुए बतलाया की महिला सशक्तिकरण के विभिन्न योजनाओं के साथ साथ टाइम बैंको में महिला बचत खाता खोल दो लाख तक जमा करने पर 7.5 फीसद ब्याज मिलेगा। तथा महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएगा। इस दौरान ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू, विश्वजीत भारती, पंकज भारती, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार साहू ने बजट पर बच्चों के बीच चर्चा किया।

## बी एस कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुआ शुभारंभ

- रांची विश्वविद्यालय में जल्द ही होगा स्पोर्ट्स कन्वेंशन : कुलपति
- लोहरदगा जिला राज्य के खेल मानचित्र में उल्लेखनीय स्थान है : धीरज प्रसाद साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बी एस कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ। झारखंड की धरती खेल प्रतिभाओं से परिपूर्ण है। लोहरदगा जिला झारखंड की ह्रदय स्थली है,जहाँ से कई प्रतिभाओं ने देश में अपना और अपने समाज का नाम रोशन किया है। खेल के माध्यम से अपनी पहचान बनाने की यह परम्परा यहाँ के विद्यार्थी आगे भी निभाते रहेंगे,ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। उक्त बातें रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहीं। वे बलदेव साहू महाविद्यालय में आज दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कुलपति डॉ सिन्हा ने कहा कि रांची विवि खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें ज्यादा से ज्यादा अवसर और सम्मान दिलाने के उद्देश्य



से जल्द ही स्पोर्ट्स कन्वेंशन का आयोजन करने जा रहा है। इस के माध्यम से लोहरदगा कॉलेज समेत रांची विवि के सभी कॉलेजों के होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बड़ा मंच और अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। इसी कार्यकम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला राज्य के खेल मानचित्र में उल्लेखनीय स्थान रखता है। यहाँ के खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को और भी समृद्ध करना हम अपनी प्राथमिकता मानते हैं। जल्द ही यहाँ स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे यहाँ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखरने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि रांची विवि के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विवि प्रशासन की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि आज लोहरदगा के बलदेव साहू महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक आदिवासी तरीके से अतिथियों का स्वागत हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कॉलेज का झंडा फहरा कर व मशाल जलाकर प्रतियोगिता का विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने परेड किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात झारखंडी विधि के अनुसार अतिथियों को पौधा, स्मृति चिह्न व शॉल दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहली प्रतियोगिताओं के रूप में महिला और पुरुष श्रेणी की 800 मीटर रेस का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे प्रतिभागियों को स्वयं कुलपति ने पदक दे कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 10 और 11 फरवरी को आयोजित बी एस कॉलेज के वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में कॉलेज से लगभग 300 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में पुरुष और महिला श्रेणी की एथलेटिक्स की लगभग 25 अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें से 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन पहले दिन होना है। शेष प्रतियोगिताएं 11 फरवरी को आयोजित होंगी। 11 फरवरी को ही शेष पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और सम्मानित अतिथियों के साथ साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता, कॉलेज के शिक्षकगण डाक्टर शशि गुप्ता डॉ नीता सहाय,प्रो नईम खानडॉ,अजित कुमार गुप्ता,डॉ संतोष स्वरुप शांडिल्य, प्रो सुरेश प्रसाद, डॉ मीरा कुमारी, डॉ सुमन कुजूर, प्रो आनंद मांझी, डॉ रोशन खलखो, प्रो संजय रविदास, प्रो शारोन सुरीन, प्रो अम्बिका प्रिया, प्रो वासुदेव हस्सा, डॉ अजय नाथ शाहदेव, डॉ बुटन महली, डॉ विजेंद्र विश्वकर्मा, डॉ अजय प्रताप वर्मा, प्रो सतीश तिर्की, प्रो सत्यनारायण उरांव, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ निखिल कुमार, प्रो ब्लासियुस पन्ना, प्रो विराज चिकबड़ाईक, प्रो प्रमिला उरांव, प्रो मुकेश यादव, प्रो दीपमाला, प्रो मनीष मिश्रा, प्रो अनिकेत पियूष सिंह के अलावा कॉलेज के सभी शिक्षकेत्तर कर्मी व हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### 22 लाभुकों को मिला मधुमक्खी बाक्स

रांची। झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा जामताड़ा ब्लॉक के, गोवाकोला व चंद्रदीपा गांव के कुल 36 लाभुकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम जो कि चंद्रदीपा ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी लाभुकों को प्रमाण पत्र का वितरण कराया गया था। प्रशिक्षण के पश्चात 09/02/2023 दिन बृहस्पतिवार को जामताड़ा विधायक डॉ.इरफान अंसारी द्वारा जामताड़ा प्रखंड के 22 लाभुकों को इटालियन,मधुमक्खी बाक्स, मधु निष्कासन यंत्र, नकाब, ग्लव्स, क्वीन केज, फीडर, चाकू इत्यादि जो एक अच्छे मधुमक्खी पालक के आवश्यक सामग्री है , उसका वितरण किया गया।

### पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे आयकर कर्मचारी

**रांची :** आयकर कर्मचारी महासंघ, रांची इकाई के सदस्यों द्वारा झंडोतोलन किया गया। 1953 में आई. टी. ई . एफ. की स्थपाना हुई थी, 71 वें स्थापना दिवस पर रांची इकाई में रूपक प्रसाद, अध्यक्ष, आई. टी. ई . एफ.(बिहार एवं झारखण्ड) और आभास नाथ, सचिव, रांची इकाई, आई. टी. ई . एफ. के द्वारा झंडोतोलन किया गया ह्व मौके पर आई. टी. ई . एफ. के 2023 के कैलेंडर का भी विमोचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ ह्व आई. टी. ई . एफ. एक ऐसा महासंघ है जो की वर्षों से अलग अलग सरकारों द्वारा अनुचित कार्यों के प्रति आवाज उठाती रही है और सफलता पूर्वक कर्मचारियों की मांगों को सरकार तक न सिर्फ पहुँचाया है बल्कि अपने कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव तत्पर रही है ह्व वर्तमान सरकार की तानाशाही नीतियों पर वक्तव्य रखते हुए रूपक प्रसाद ने संघर्ष जारी रखने के सबको तैयार रहने को कहा ह्व कार्यक्रम में रवि कुमार, प्रमोद कुमार, केशव आनंद, संजय गुप्ता, आमिर अंसारी, दीपक कुमार, शिव लाल, हीरा लाल, रवि, राजू कुमार, आयुष कुमार, भदरू मंडल, कुणाल कुमार, रौशन कुमार, रजनीश कुमार, अन्जिरा बरला, प्रतिमा देवी और अन्य आयकर कर्मचारियों ने पूरी शिदत के साथ शामिल हुए और मौके पर आई. टी. ई . एफ. के लिए अपना पूरा योगदान देने की शपथ ग्रहण किये।

### द अल्टीमेट जूनियर जगजीत सिंह का खिताब

**रांची।** गजल सम्राट जगजीत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर ट्रूपल द्वारा आयोजित जूनियर जगजीत सिंह गजल प्रतियोगिता सीजन-3 का ग्रैंड फिनाले संपन्न हुआ। देश के पहले वर्चुअल म्यूजिकल रियलिटी शो में जयपुर के मोहरपाल सैन को दी अल्टीमेट जूनियर जगजीत सिंह टाइटल से नवाजा गया। तीनों फाइनलिस्ट के बीच हुए कड़े मुकाबले में लुधियाना की गुरमिंदर कौर फर्स्ट रनर-अप रहीं, वहीं भोपाल के अजय श्रीवास्तव सेकंड रनर-अप रहे। फाइनल मुकाबले को और अधिक चुनौतीपूर्ण बनाते हुए चैनल के को-फाउंडर व कार्यक्रम के सूत्रधार अतुल मलिकराम ने फाइनलिस्ट को सरप्राइज टास्क दिया, जिसमें उन्हें जगजीत सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई ठुमरी पेश करने को कहा गया। एक मुश्किल जजमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जज मुन्नवर राशिद खान ने ठुमरी में भाव के महत्व को बखूबी उकेरने के मामले में मोहरपाल को सर्वश्रेष्ठ पाया। जबकि मखमली आवाज के लिए तीनों ही प्रतिभागियों को सबसे अधिक सराहना मिली। सभी को सर्टिफिकेट, गिफ्ट हैंपर और पुरस्कार इत्यादि से सम्मानित किया गया। उज्जैन के महेश निर्मल व सहरसा, बिहार के शंकर बिहारी समेत कुल 5 प्रतिभागियों के साथ लगभग चार माह चली इस गजल प्रतियोगिता के तीसरे सीजन को जगजीत जी के जन्मदिवस पर अंतिम रूप दिया गया।

## यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन

# विश्व लेवल पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं सीएम योगी

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक@प्रभात मंत्र**

उत्तरप्रदेश एक ऐसा राज्य है जो देश-विदेश के उद्योगपतियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसका सारा श्रेय सीएम योगी आदित्य नाथ को जाता है। यूपी में निवेश का महाकुंभ यानी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीन दिवसीय आयोजन में करीब 19 हजार एमओयू साइन हुए। इसमें 33 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसके जरिए लगभग एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। ये निवेश एनर्जी,इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, टूरिज्म, पॉवर जनरेशन, हेल्थ केयर, फूड, डेयरी समेत कई सेक्टर में किए जायेंगे। इस समिट को सफल बनाने के लिए यूपी कैबिनेट के मंत्रियों ने दुनिया के 16 देशों के 21 शहरों में रोड-शो का आयोजन किया था। उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब एक साथ सभी 75 जनपदों में निवेश हुआ। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के साथ ही देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प को पूर्ण किया। देश-विदेश के दिग्गज उद्योगपती इस समिट के दौरान मौजूद रहे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का शुभारंभ किया। 10 साझीदार देशों के अलावा 40 देशों के करीब 600 डेलिगेट्स भी इस समिट में शामिल हुए। निवेश महाकुंभ में कई उद्योगपति शामिल हुए। इस अवसर पर रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी ने अगले चार साल के अंदर उत्तर प्रदेश में अतिरिक्त 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करने करने का एलान किया। क्योंकि रिलायंस ग्रुप साल 2018 के बाद से अब तक यूपी में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। इस निवेश के जरिए अतिरिक्त 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। मुकेश अंबानी के अनुसार यूपी में 10 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट लगाएंगे और बॉयो एनर्जी उद्योग की भी शुरुआत करेंगे। टाटा ग्रुप के चंद्रशेखरन ने कहा कि टीसीएस पहले से उत्तर राज्य में मौजूद है। आने वाले दिनों में एअर इंडिया का यूपी को देश और दुनिया से जोड़ने का प्लान है। टाटा प्रमुख के मुताबिक उत्तर प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह राज्य कृषि क्षेत्र में पहले से व्यवस्थित है। यूपी में निवेश के लिए कृषि,



मैन्युफेक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, फार्मा, एयरोस्पेस और टूरिज्म में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला उत्तर प्रदेश की तारीफ करते हुए कहा कि निवेश के क्षेत्र में कई बेहतर कदम उठाए गए हैं। इसमें से एक निवेश मित्र पोर्टल है, जो काफी बेहतर है, जिसके कारण निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश आकर्षण का केंद्र बन गया है। बिड़ला ग्रुप के प्रमुख ने कहा कि हमारा उत्तर प्रदेश के साथ 70 के दशक से रिश्ता है। रेणूकोट में हमारी फ्लैगशिप कंपनी हिंडाल्को की सीमेंट फैक्ट्री है। यूपी में आदित्य बिड़ला ग्रुप के 7 से अधिक बिजनेस हैं, और 13000 लोग काम करते हैं. बिड़ला ग्रुप ने यूपी में 25000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीईओ और एमडी संजय मेहता ने कहा कि यूपी हमारे लिए महत्वपूर्ण राज्य है। यूपी सरकार ने हर संभव मदद की है, जो कि प्रशंसनीय है। उन्होंने निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश की सलाह दी, और कहा कि माहौल बिल्कुल निवेश के

**देश-विदेश के दिग्गज उद्योगपतियों ने यूपी के सभी 75 जनपद में निवेश का किया ऐलान**

अनुकूल है, सबसे बड़ी बात सरकार निवेश को लाने के लिए सक्रिय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले 5 से 6 साल में उत्तर प्रदेश ने नयी पहचान बनाई है। अब यूपी को सुशासन और गुड गवर्नेंस से पहचाना जा रहा है। यूपी की पहचान बेहतर कानून-व्यवस्था, शांति और स्थिरता के लिए है। अब यहां वेल्थ क्रियेटर्स के लिए नए अवसर बन रहे हैं। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की शुरुआत से पहले ही यूपी में 18645 एमओयूप पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। राज्य को करीब 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिसमें एक करोड़ स्थायी नौकरियां और रोजगार सृजित होंगे। सीएम ने कहा कि पूर्वी यूपी में 9 लाख 55 हजार करोड़ और बुंदेलखंड में 4 लाख 28 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

## उर्दू शिक्षकों को योजना से गैर योजना मद में मंजूरी मिलने पर शिक्षक संघ ने सीएम को दी बधाई

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि राज्य योजनान्तर्गत झारखंड के प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित वेतनमान लेवल ट्ठ 6 ( 9300 से 34800 ग्रेड पे रू 4200 ) में उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत 4401 पदों को योजना मद से गैर योजना में स्थानांतरित करने की स्वीकृति हेमंत सरकार ने कैबिनेट में मंजूरी दी गई। इसके लिए राज्य के कर्मठ युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पूरी कैबिनेट के सदस्यों का आभार। शिक्षा सचिव, निदेशक प्राथमिक शिक्षा को भी आभार इस जटिल कार्य को मुकाम तक पहुंचाने में और उर्दू शिक्षको को भी बधाई। मालूम हो कि वर्ष 2015-16 में योजना इकाई अधीन शिक्षक का पदस्थापन रहने के कारण इनके वेतन भुगतान के लिए योजना इकाई के अंतर्गत आवंटन की प्रतीक्षा रहती थी जबकि गैर योजना इकाई के अंतर्गत अपेक्षाकृत सहजता से आवंटन प्राप्त होता है। साथ ही मासिक वेतन भी पत्रों में निकासी के लिए भी योजना और गैर योजना इकाइयों के लिए अलग-अलग भी पत्रों की तैयारी निकासी एवं ब्ययन पदाधिकारियों को करनी होती है, जिसमें पेपर वर्क की बहुलता अधिक होती है।

## मयूरहंड में सड़क हादसा, दो की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुरहंड (चतरा) :** थाना क्षेत्र के हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित दंदाहा के तीखे मोड से कुछ दुरी पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। सड़क हादसे की खबर मिलने के कुछ ही देर बाद पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी रामनाथ यादव घटनास्थल पर पहुंचे। घटना को लेकर मुखिया ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सड़क पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। इसे रोकने के लिए




प्राथमिक पहल की जरुरत है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत परोका पगार निवासी राहुल भुईयां अपने साथ दो महिलाओं को दो पहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस से करमा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। इस घटना में वाहन चालक की मौत मौके पर हो गई। वहीं महिला की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। इस घटना में शामिल तीसरी महिला की स्थिति भी नाजुक थी।मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम और एसाई अनिरुद्ध सिंह मानवता की मिशाल को पेश करते हुए शव पुलिस वाहन में रखा। इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी पुलिस की सहायता की। वहीं थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने कहा कि सड़कों पर सड़क हादसा होना इस बात की ओर इशारा करता है कि आज के दौर में वाहन चालक काफी लापरवाह हो गए हैं। आगे थाना प्रभारी ने कहा कि हर किसी की जिंदगी अनमोल है।

# मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन 12 फरवरी को क्लिनिक ऑन स्क्रीन गढवा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सीआईपी कांके (रांची) के प्रसिद्ध न्यूरो-मनोचिकित्सक डा. राजीव रंजन 12 फरवरी को गढ़वा स्तिथ क्लिनिक ऑन स्क्रीन में सेवा देंगे। इसकी जानकारी देते हुए डॉ राजीव रंजन ने कहा कि मानसिक रोग को बढ़ाने में मानसिक तनाव, नशा की बड़ी भूमिका होती है। यदि इस पर काबू नहीं पाया गया तो मानसिक रोग डायबिटिज जैसी तेजी से फैलने वाली बीमारी को भी पीछे छोड़ देगा।



मानसिक रोग के प्रमुख तीन स्त्रोत होते हैं। प्रथम स्त्रोत फैमिली है। जिसे घर में कोई मानसिक रोगी होता है उसके वंशज को यह रोग हो सकता है, लेकिन इसकी दर बहुत ही कम होती है।

दूसरा कारण घर में परवरिश की होती है। बच्चों पर प्रोपर ध्यान नहीं देने उन्हें डांटते फटकारते रहने या उन्हें पूरी तरह फ्री छोड़ देने के बाद उनके अंदर मानसिक बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। तीसरा कारण आसपास का माहौल होता है। डरावनी माहौल के कारण कुछ लोग मानसिक रूप से बीमार हो जाते हैं तो कुछ तेज आवाज सुनने के बाद भी परेशान हो जाते हैं। इस बीमारी के इलाज में जितना विलंब होता है। उतना ही अधिक दिन दवा खाना पड़ता है।उन्हांने कहा कि मानसिक रोग ठीक होने वाली बीमारी है।

इसे दवा से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने इस बीमारी में नशा की प्रमुख भूमिका होने की बात कही। लोग नशा में फंस कर शारीरिक कमजोरियां के साथ-साथ मानसिक बीमारियां भी मुफ्त में ले लेंते हैं जो मानसिक रोग के रूप में सामने आ जाता है।

डॉ राजीव रंजन ने कहा की उपचार के सहारे नसा से भी मुक्ति मिल सकता है। क्लिनिक ऑन स्क्रीन के निदेशक शक्ति कुमार सिंह ने कहा कि विगत 2 वर्ष से क्लिनिक ऑन स्क्रीन में अपनी सेवा दे रहे हैं,आस पास इलाके के लोग जिन्हें सीआईपी घंटो सफर कर जाना पड़ता था तब जाकर डॉक्टर से मुलाकात होती थी उन्हें अब गढ़वा में वह सुविधा मिल रही है,जिससे मरीज काफी लाभान्वित हो रहे हैं।श्री सिंह ने कहा कि सुपरस्पेसलिस्ट चिकित्सक के बारे में 9835771738 अथवा 7061962110 पर सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे झारखंड में साहिबगंज से 11 फरवरी को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की करेंगे शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को झारखंड आ रहे हैं। वे सुबह 10 बजे दुमका पहुंचेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल तक जाएंगे। खड़गे साहिबगंज के गुमानी से हाथ-से-हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान की शुरुआत को लेकर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। गुमानी मैदान का मंत्री आलमगीर आलम ने जायजा भी लिया है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा झारखंड के सभी कांग्रेसी मंत्री, विधायक व जिलाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रणव झा ने कहा कि 26 जनवरी से कई राज्यों में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू हो चुका है। झारखंड में इसकी शुरुआत 11 फरवरी से की जाएगी। साहिबगंज के बरहरवा से इस अभियान की शुरुआत करने पर उन्होंने कहा कि ज्यादातर योजनाएं राजधानी से शुरू होती हैं लेकिन दुमका भी राज्य की उप राजधानी है। इसलिए यहां से कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी और राहुल गांधी के संदेश को पूरे देशभर में पहुंचाएंगे।

## कोकर व्यापार संघ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची:** कोकर व्यापार संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर कोकर स्थित ब्लेसिंग बैंक्वेट हॉल के समीप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सहयोगी संस्था के रूप में लायंस क्लब ऑफ राँची मुक्ति एवं युवा समर्पण रहे। कार्यक्रम के संयोजक सोनू मिश्रा, विकास वर्णवाल थे। शिविर में उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, लायंस क्लब ऑफ राँची ईस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, कोकर व्यापार संघ के अध्यक्ष विकास विजयवर्गीय, सचिव सुभाष अग्रवाल, जयदेव धूत, वीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद सिंघानिया, अजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, शामिल, रामा शंकर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर 15 यूनिट रक्तदान का संग्रह किया गया एवं मतदाता पहचान पत्र बनाया गया एवं लायंस क्लब ऑफ राँची ईस्ट के अध्यक्ष रतन अग्रवाल के नेतृत्व में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

